विद्याविनियोगाद्विकासः

IIM AHMEDABAD

55वाँ

2016-17

वार्षिक प्रतिवेदन

ANNUAL REPORT

संस्थापक प्रणेता

डॉ. जीवराज एन. मेहता

कस्तूरभाई लालभाई

डॉ. विक्रम ए. साराभाई

पूर्व अध्यक्ष

डॉ. जीवराज एन. मेहता

श्री प्रकाश टंडन

श्री एस.एल. किर्लोस्कर

श्री केशव महिन्द्रा

श्री वी. कृष्णमूर्ति

श्री ए.पी. वेंकटेश्वरन

प्रोफेसर एस.के. खन्ना

डॉ. आई. जी. पटेल

श्री एन.आर. नारायण मूर्ति

डॉ.विजयपत सिंघानिया

श्री ए. एम. नायक

श्री पंकज पटेल

वर्तमान अध्यक्ष

श्री कुमार मंगलम बिड़ला

वर्तमान निदेशक

प्रोफेसर आशीष नन्दा

पूर्व निदेशक

डॉ. विक्रम ए. साराभाई

प्रोफेसर रवि जे. मथाई

डॉ. सैम्युअल पॉल

प्रोफेसर वी. एस. व्यास

डॉ. आई. जी. पटेल


प्रोफेसर एन. आर. शेठ

प्रोफेसर पी. एन. खांडवाला

प्रोफेसर जहर साहा


प्रोफेसर बकुल एच. धोलकिया

प्रोफेसर समीर के. बरुआ

55 वाँ

2016-17

वार्षिक प्रतिवेदन

ANNUAL REPORT

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद

Indian Institute of Management Ahmedabad

विद्याविनियोगाद्विकासः

IIM AHMEDABAD

वर्ष का सिंहावलोकन 5

शैक्षणिक कार्यक्रम 10

1. प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) 10
2. खाद्य एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एफ़एबीएम) 14
3. कार्यपालकों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स) 16
4. प्रबंध में फैलो कार्यक्रम 18

स्थानन 19

दीक्षांत समारोह 23

प्रबंधन में संकाय विकास कार्यक्रम 24

अनुसंधान और प्रकाशन 25

केस केंद्र 27

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम 28

अंतर्विषयक केंद्र एवं समूह 29

1. लिंग समानता, विविधता, और समावेशिता केंद्र (सीजेडी) 29
2. नवप्रवर्तन ऊष्मायन एवं उद्यमिता केंद्र (सीआईआईई) 30
3. भारतीय स्वर्ण नीति केंद्र 35
4. कृषि प्रबंधन केन्द्र (सीएमए) 37
5. स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केंद्र 37
6. खुदरा बिक्री केंद्र 39
7. सार्वजनिक प्रणाली समूह 39
8. रवि जे. मथाई शैक्षिक नवप्रवर्तन केंद्र 40

अनुक्रमणिका

अनुशासनिक विषय-क्षेत्र 41

1. व्यापार नीति 41
2. संचार 42
3. अर्थशास्त्र 43
4. वित्त और लेखाकरण 43
5. मानव संसाधन प्रबंधन 44
6. सूचना प्रणाली 45
7. विपणन 45
8. संगठनात्मक व्यवहार 47
9. उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके 48

पूर्वछात्र गतिविधियाँ 49

संचार, जन संपर्क एवं डिजिटल विपणन 54

वैश्विक भागीदारी और कॉर्पोरेट मामले 55

सहायता अनुदान 61

बुनियादी ढाँचे का विकास 62

राजभाषा कार्यान्वयन 63

कार्मिक 64

छात्र गतिविधियाँ 65

विक्रम साराभाई पुस्तकालय 82

कल्याण गतिविधियाँ 84

परिशिष्ट 89

दृष्टि

उद्यमों के अग्रणियों को शिक्षण

लक्ष्य

भारत और अन्य देशों को बदलने के लिए अनुसंधान एवं निर्माण पर आधारित वैश्विक महत्त्व के नए विचारों को उत्पन्न करने तथा प्रचार के माध्यम से जोखिम उठाने वाले ऐसे अग्रणी-प्रबंधक तैयार करना जो संगठनों के प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए प्रबंधकीय एवं प्रशासनिक प्रथाओं को बदल सकें।

उद्देश्य

- प्रबंधन और उसके अंतर्निहित विषयों के लिए जो प्रासंगिक है ऐसे अनुप्रयुक्त और संकल्पनात्मक अनुसंधान के माध्यम से ज्ञान का सृजन करना, और इस ज्ञान का प्रकाशनों के माध्यम से प्रसार करना।
- संगठनों के सभी प्रकारों में प्रबंधन में कैरियर और संबंधित क्षेत्रों के लिए युवा पुरूषों एवं महिलाओं को तैयार करने के लिए शैक्षणिक सुविधाएँ स्थापित करना।
- प्रबंधन से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में विशेषज्ञता के साथ प्रबंधन शिक्षकों और शोधकर्ताओं को विकसित करना।
- नवाचार और अत्याधुनिक प्रबंधन शिक्षा कार्यक्रमों के माध्यम से अभ्यासरत प्रबंधकों के निर्णय निर्धारक कौशलों एवं प्रशासनिक क्षमता में सुधार करना और शिक्षा जारी रखने के लिए अवसर उपलब्ध कराना।
- परामर्शी सेवाएँ उपलब्ध कराना ताकि – क) संगठनों में निर्णय निर्धारक कौशलों एवं प्रक्रियाओं को, और ख) सार्वजनिक नीतियों की प्रभावशीलता को बढ़ाया जा सके।
- सार्थक सहयोग के माध्यम से अपनी क्षमताओं के निर्माण द्वारा अन्य प्रबंधन स्कूलों में प्रबंधन शिक्षा और अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार लाना।
- उपरोक्त उद्देश्यों में से किसी एक अथवा सभी के संदर्भ में संस्थान का संचालन और संबंधों का वैश्विकीकरण करना ताकि वैश्विक स्तर पर सम्मानित भारत में पूर्व-प्रख्यात प्रबंधन स्कूल के रूप में उभर सके।

वर्ष का सिंहावलोकन

संस्थान की दूरदृष्टि **उद्यमों के अग्रणियों को शिक्षित करना** है। हमारा ध्यान नेतृत्व पर है और हमारे पूर्वछात्र विभिन्न उद्यमों की एक श्रेणी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों, पारिवारिक व्यवसायों, उद्यमी स्टार्टअप्सों, गैर-लाभकारी संगठनों, सामाजिक उद्यमों, सरकारी संस्थानों और शिक्षाविदों के लिए अग्रणियों के रूप में योगदान दे रहे हैं ।

इस दूरदृष्टि की ओर, संस्थान ने तीन प्राथमिकताओं पर ध्यान केंद्रित किया है **जोड़ना**, **शिक्षित** (पोषित) करना और **विकसित** करना। इन प्राथमिकताओं में से उन प्रत्येक विषय-क्षेत्रों के बारे में, मैं प्रकाश डालना चाहूँगा जिनमें मुझे लगता है कि हमने काफी प्रगति की है, और जिन विषय-क्षेत्रों में अभी भी काम करना बाकी है।

हमने पूरी सक्रियता से इन पाँच कार्य-क्षेत्रों अनुसंधान, अभ्यास, नीति, पूर्वछात्रों, और समुदाय से **जुड़ने** का प्रयास किया है।

अनुसंधान समुदाय के साथ बेहतर तरीके से **जुड़ने** के लिए, हमने उल्लेखनीय रूप से अनुसंधान के वित्तपोषण और समर्थन में उल्लेखनीय वृद्धि की है ताकि हमारे संकाय सदस्य दुनिया भर में सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक सहयोग कर सकें और विश्व के सर्वश्रेष्ठ सम्मेलनों में भाग ले सकें। हमें विश्व के सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली संकायों की भर्ती सुनिश्चित करने के लिए संकाय भर्ती प्रक्रिया पर गहनतापूर्वक ध्यान देना होगा।

अभ्यास की दुनिया के साथ बेहतर तरीके से **जुड़ने** के लिए, हमने कार्यकारी शिक्षा को मजबूत किया है। हम प्रतिभागियों से उनकी चुनौतियों और दृष्टिकोण के बारे में जानते हैं, जैसे कि हम उन्हें प्रबंधन प्रथाओं के बारे में सिखाते हैं। पिछले तीन वर्षों में से प्रत्येक में, हमारी कार्यकारी शिक्षा गतिविधियों में तेजी से वृद्धि हुई है और हम इन्हें आने वाले वर्षों में विकसित करना चाहते हैं।

हमने केस लेखन के लिए संपादकीय और शोध समर्थन की क्षमता भी बनायी है, साथ ही केसों के वितरण चैनल भी निर्मित किए हैं। तैयार किये गए केसों की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। हालांकि, तैयार किये गए केसों की संख्या में इतनी वृद्धि नहीं हुई है। हमें वार्षिक रूप से तैयार किए जाने वाले केसों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि करनी चाहिए।

नीति की दुनिया के साथ बेहतर तरीके से **जुड़ने** के लिए, हम जेएसडब्ल्यू सार्वजनिक नीति स्कूल की स्थापना करने जा रहे हैं। हमारे पास इस स्कूल निर्माण के लिए वित्तपोषण है, स्कूल की इमारत निर्माण के लिए एक डिजाइन है, और अपने शुरूआती वर्षों में इस स्कूल को चलाने के लिए एक संकाय समिति है। हमें सक्रिय रूप से इस पहल पर जोर देना जारी रखना होगा जिससे तीन साल के भीतर, स्कूल के तत्वावधान में बहुविध कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम, अनुसंधान और नीति आधारपत्रों, तथा सार्वजनिक नीति उन्मुख सम्मेलनों के अलावा, हम एक दीर्घ-कालिक कार्यक्रम की पेशकश कर रहे हैं।

पूर्व छात्रों के साथ बेहतर तरीके से जुड़ने के लिए, हमने यह सुनिश्चित किया है कि निदेशक और डीन (पूर्वछात्र और बाह्य संबंध) प्रति वर्ष कम से कम दस स्थानीय चैप्टरों से दौरा करते हैं और हमारे पूर्वछात्रों से मिलते हैं। हमने परिसर में आयोजित हो रहे पुनर्मिलनों की संख्या भी प्रति वर्ष दो से आठ या अधिक संख्या में बढ़ा दी है। इस विगत वर्ष में, गोवा में जिन 70 से अधिक पूर्वछात्रों एवं उनके परिवारों द्वारा पुनर्मिलन का आयोजन किया उसके अलावा, 540 जितनी रिकॉर्ड संख्या में पूर्वछात्रों और उनके परिवारों ने, नौ पुनर्मिलन समारोहों में भाग लिया। हमें पूर्वछात्रों के साथ संबंधों की आवृत्ति और प्रबलता को जारी रखना चाहिए।

हमें संस्थान में पूर्वछात्रों के समृद्ध ज्ञान और अनुभव के साधनों को मजबूत करना होगा, ताकि पूर्वछात्र केस विकास में योगदान दे सके और अतिथि संकायों और अतिथि वक्ताओं के रूप में योगदान कर सकें। पूर्वछात्रों और संस्थान के बीच संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए, समुदाय का समर्थन प्रदान करने के लिए, और बोर्ड के लिए संभावित उम्मीदवारों के एक पूल की पेशकश करने के लिए हमें एक वैश्विक पूर्वछात्र परिषद भी स्थापित करनी चाहिए।

समुदाय के साथ बेहतर तरीके से जुड़ने के लिए, हमने ऐसी पहल शुरू की है जो हमें स्थानीय समुदाय के करीब ले जाती है; सभी आईआईएमों, प्रबंधन स्कूलों एवं स्थानीय व्यावसायिक स्कूलों; और समाज से जोड़ती है। छात्रों के नेतृत्व वाली प्रयास और स्माइल पहलों के माध्यम से हमारे छात्र आर्थिक-सामाजिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि वाले बच्चों के साथ काम करते हैं। वर्ष में एक बार हम स्थानीय स्कूलों के बच्चों के लिए संस्थान का दौरा कराने के लिए एक ओपन डे का आयोजन करते हैं और उच्च शिक्षा के लिए आगे बढ़ने के लिए उन्हें प्रेरित करते हैं। हम अहमदाबाद /गाँधीनगर क्षेत्र में ए-लीग पहल के माध्यम से अन्य शैक्षिक संस्थानों के साथ लिंक बना रहे हैं।

छात्र और संकाय विनिमय कार्यक्रम हमें विश्व स्तर पर प्रबंधन स्कूलों के साथ जोड़ते हैं। हमारा डॉक्टरेट कार्यक्रम फेलो तैयार करता है जो भारत और विदेशों में अन्य प्रबंधन संस्थानों में संकाय के रूप में योगदान देते हैं। लंबे समय से चल रहे हमारे संकाय विकास कार्यक्रम प्रबंधन विद्वानों के लिए मूल्यवान शिक्षा प्रदान करते हैं। सेवानिवृत्त होने वाले सैन्य कर्मियों के लिए सशस्त्र बल कार्यक्रम प्रबंधन में दूसरा कैरियर बनाने में सफल होने में मदद करने का एक प्रभावी माध्यम उपलब्ध कराता है।

इस साल हमने वार्षिक अखिल भारतीय आईआईएम अनुसंधान सम्मेलन की मेजबानी की थी, जो विभिन्न आईआईएमों के शिक्षाविदों को अपने अनुसंधानों को पेश करने के लिए एक साथ लाता है। हमने पिछले दो सालों में आईआईएम नागपुर की भी स्थापना करके उनका मार्गदर्शन किया है। इसके पहले बैच का दीक्षांत समारोह अप्रैल 2017 में है।

एक उच्च प्रदर्शन कार्य के माहौल के पोषण के लिए हमने स्वायत्तता, विस्तार, और समुदाय रूपी तीनों पादानों को मजबूत करने की कोशिश की है। संस्थान अपनी स्वायत्तता पर गर्व महसूस करता है जिसने संस्थान के संकायों और छात्रों को अपना मार्ग प्रशस्त करने में सार्थकता प्रदान की है। संस्थान ने अपने कार्यक्रमों को संचालित करने के लिए सरकार से इसी तरह की स्वायत्तता की माँग की है। जब आईआईएम विधेयक ने केंद्रीकृत निर्णय लेने की दिशा में एक हानिकारक मोड़ ले लिया, तब संस्थान ने, इसके खिलाफ एक सैद्धांतिक कदम उठाया क्योंकि स्वायत्तता को रोकना सामान्यता का एक निश्चित पथ बन जाना होगा। संसद में रखे गए विधेयक का वर्तमान मसौदा, शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता सुनिश्चित करने के लिए स्वायत्तता का निर्णायक महत्व रखता है। एक बार इस विधेयक से अधिनियम बनने के बाद हमें हमारे नियमों के साथ तैयार रहना चाहिए।

इसका दूसरा पहलू है कि, अगर संस्थानों और व्यक्तियों को स्वायत्तता दी जाती है, तो यह जवाबदेही सुनिश्चित करती है। हमने विस्तार की एक संस्कृति का निर्माण करने की कोशिश की है ताकि हमारा संस्थान और हमारे निर्वाचक सदस्य ऐसे परिणाम हासिल करने के लिए पूरी कोशिश करेंगे जिस पर हम गर्व कर सकें। हमने संकाय पुष्टिकरण और पदोन्नति (एफ़सीपी) दिशानिर्देश और साथ-साथ एक संकाय प्रदर्शन साख प्रणाली (पीसीएस) को लागू किया है जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे संकाय सदस्य संस्थान की उत्कृष्टता को बनाए रखने के लिए उत्कृष्टता के मानकों को पार करते हैं। हमें बेहतर प्रदर्शन को प्रोत्साहित करने और पुरस्कृत करने के लिए सक्रिय रूप से लगातार एफ़सीपी तथा पीसीएस प्रणाली

का उपयोग करना जारी रखना चाहिए और कमजोर प्रदर्शन को दूर करना चाहिए।

संस्थागत रूप से भी, हमें लक्ष्यों और दिशा-निर्देशों को विकसित करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हम हमारी महत्वाकांक्षाओं को हासिल और पार करते हैं। वास्तव में, यह आईआईएम विधेयक की आवश्यकता है। हमें एएसीएसबी की मान्यता प्राप्त करने के लिए इक्विस का पूरक होना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम बाहर से सीखें और हमारे संचालन और प्रक्रियाओं को भी बेंचमार्क करें।

संस्थान के डीएनए में मिलकर काम करने और सहयोग करने के गुण हैं। टीमों की जटिल समस्याओं के समाधान के लिए संकायों और छात्रों के मिलकर काम करने के माहौल से संस्थागत उत्कृष्टता लंबे समय से चली आ रही है। संस्थागत तंत्रों और सांस्कृतिक हस्तक्षेपों के माध्यम से, हमने कोशिश की है, और समुदाय की इस भावना को संरक्षित और मजबूत करने की यह कोशिश जारी रखनी चाहिए।

जब सबके पास करने के लिए सार्थक काम रहता है तब समुदाय की भावना मजबूत होती है और उच्च निष्पादकों को मान्यता दी जाती है। उच्च कार्यप्रणाली की इस भावना को विकसित करने के लिए, हमें विभिन्न गतिविधियों में नियुक्तियों की समीक्षा करनी चाहिए, ईआरपी लागू किया जाना चाहिए, कर्मचारियों को बढ़ावा देने के नियमों की समीक्षा की जानी चाहिए ताकि उच्च निष्पादकों को एहसास हो सके कि वे पुरस्कृत हो रहे हैं और उन्हें मान्यता मिल रही है।

संस्थान को दुनिया के अभिजात वर्गीय प्रबंधन संस्थानों के बीच अपनी सही जगह हासिल करने के लिए तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करते समय रणनीतिक रूप से **विकसित** होना चाहिए।

कार्यक्रमों के रूप में, पीजीपी, पीजीपीएक्स, कार्यकारी शिक्षा, और डॉक्टरल कार्यक्रमों को विकसित करने की हमारी योजना है, जबकि की ईपीजीपी और दीर्घकालिक सार्वजनिक नीति कार्यक्रमों की शुरूआत की गई है।

हमारा पीजीपी कार्यक्रम विश्व स्तर पर अन्य अधिकांश शीर्ष एमबीए कार्यक्रमों की तुलना में बड़े स्तर पर है। भौतिक क्षमता उपलब्ध होने पर, हमें अपने पीजीपी कार्यक्रम को विकसित करना चाहिए। वर्तमान में, पीजीपी कार्यक्रम में हमारे पास लगभग 400 छात्र और पीजीपी-एफ़एबीएम कार्यक्रम में 40 छात्र हैं। भौतिक क्षमता का विस्तार होने के बाद, हमें अगले कुछ वर्षों में कक्षाओं के आकार को कम से कम 50 प्रतिशत से बढ़ाना चाहिए, 600 से अधिक तक।

यहाँ तक कि जैसे हम पीजीपी को विकसित करते हैं, वैसे वैसे हमें इस कार्यक्रम में छात्रों के विविध समूहों के प्रवेश को जारी रखना चाहिए। जिस तरह से संस्थान में, विवेचनात्मक चर्चा आधारित शिक्षा, फलफूल रही है, उसी तरह से हमारी कक्षाएँ विविध जीवनानुभवों वाले प्रतिभागियों से भरी हुई हों। सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि की विस्तृत श्रेणी से और भारत के सभी भागों से छात्रों को भर्ती करने में हम अच्छा कार्य कर रहे हैं।

हमने पिछले चार सालों से हमारे छात्रसमूह की विविधता को दो परिमापों पर बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत की है, जिसमें हमने लिंग और अध्ययन-विषयों की पृष्ठभूमि की हमारी कक्षाओं में बड़ी असमानता देखी है । हमने विशिष्ट समूहों के लिए किसी भी कोटा या बोनस अंक की स्थापना किए बिना विविधता बढ़ाने की कोशिश की है। पिछले कुछ वर्षों में कैट परीक्षा और साक्षात्कार प्रक्रिया में परिवर्तन करने से हमारी कक्षाओं में गैर-इंजीनियरों और छात्राओं के अनुपात में वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, 2017-18 के प्रवेश वर्ग में पीजीपी प्रवेश प्रस्तावों में, 27 प्रतिशत छात्राओं को, और 32 प्रतिशत गैर-इंजीनियरों को प्रवेश प्रस्ताव दिए गए हैं। छात्राओं का प्रतिशत दूसरा सबसे ज्यादा है (सबसे ज्यादा 28 प्रतिशत, तीन साल पहले था)। लगभग दो दशकों से गैर-इंजीनियरों का प्रतिशत इतना उच्च नहीं रहा है।

इसके अतिरिक्त, हम उन उम्मीदवारों के लिए आस्थगित प्रवेश की पेशकश कर रहे हैं जिन्हें चुना गया है लेकिन उनके पास कार्यानुभव नहीं है। जिन्होंने आस्थगित प्रवेश चुना था उन छब्बीस उम्मीदवारों को इस साल शामिल किया जा रहा हैं; और हमने इस साल 14 आवेदकों को आस्थगित प्रवेघ के लिए चुना है। अंतरराष्ट्रीय छात्रों को हमारे अतिरिक्त कोटे के तहत जुड़ने के लिए प्रोत्साहित हेतु, हमने पिछले दो

सालों की तुलना में इस साल पाँच पेशकशों के साथ अंतरराष्ट्रीय पहुँच जारी रखी है। आने वाले वर्षों में, हमें उच्च गुणवत्ता मानकों को बनाए रखते हुए, अपने प्रवेश वर्ग में विविधता को प्रोत्साहित करना जारी रखना चाहिए।।

अनुभवी कार्यकारियों के लिए हमारे एक वर्षीय कार्यक्रम, पीजीपीएक्स ने पिछले ग्यारह वर्षों में एक मजबूत उपस्थिति स्थापित की है। इस कार्यक्रम के पूर्वछात्रों ने खुद को प्रतिष्ठित किया है और पूरे उद्योग जगत में इस कार्यक्रम की सराहना हो रही है। एक ऐसी भावना है कि हमारे अन्य वर्गखंड के आकार की तुलना में हमारी इस कक्षा के छोटे आकार के कारण, हम जनता में जागरूकता नहीं ला सके हैं, विशेष रूप से आईएसबी कार्यक्रम की तुलना में। वर्ष 2017-18 की शुरूआत से, हम एक कक्षा से बढ़ाकर दो पीजीपीएक्स कक्षाएँ कर रहे हैं। हमें कक्षा के आकार को अगले कुछ सालों में बढ़ाना चाहिए ताकि अगले तीन साल के भीतर हर साल स्नातक होने वाले छात्रों की संख्या 150 की जा सके।

पीजीपी स्थानन से अधिक चुनौतीपूर्ण पीजीपीएक्स स्थानन होता है, क्योंकि इस कार्यक्रम के स्नातकों को मध्य कैरियर पार्श्व भर्ती के रूप में रखा जाता है। सभी स्नातक हो रहे पीजीपीएक्स छात्र अधिकांश अच्छा स्थानन प्राप्त करें यह सुनिश्चित करने के लिए हमें अपनी पीजीपीएक्स स्थानन सेवाओं को मजबूत करना होगा।

हमारे कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम पिछले तीन वर्षों में एक मजबूत ढंग से विकसित हुए हैं। हम शिक्षा प्रदत्त करनेमें मजबूत हैं, लेकिन हमारी पहुंच और विपणन कमजोर रहा है। आने वाले वर्षों में कार्यकारी शिक्षा को विकसित करना जारी रखने के लिए, हमें कार्यकारी शिक्षा विपणन को इस प्रकार विभाजित करना होगा खुला नामांकन और कस्टम कार्यक्रम; कक्षा और मिश्रित शिक्षण पेशकश; निजी व्यवसाय, और सरकारी विभाग; और घरेलू एवं अंतरराष्ट्रीय ग्राहक। हमें पारंपरिक प्रभावी विज्ञापन, कॉरपोरेट संबंध, और डिजिटल मार्केटिंग सहित इन-हाउस क्षमताओं और साझेदारी तथा सभी चैनलों का एक मिश्रण विकसित करना चाहिए ताकि हम लगातार प्रत्येक हिस्से तक पहुँच सकें।

हमारा डॉक्टरल कार्यक्रम अपेक्षाकृत छोटा है। हमें हमारे शोध पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करके इसे विकसित करने का प्रयास करना चाहिए। हालांकि, डॉक्टरेट कार्यक्रम में अर्थपूर्ण निवेश की आवश्यकता रहती है। आने वाले वर्षों में इस कार्यक्रम को विकसित करने के लिए हमें सरकारी, उद्योग जगत और लोकोपकार से संबंधित वित्तीय सहायता प्राप्त करनी चाहिए।

हमें उम्मीद है कि सार्वजनिक नीति स्कूल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सर्वोत्तम सार्वजनिक नीति स्कूलों के बराबर उत्कृष्टता की संस्था के रूप में विकसित होगा। यह सुनिश्चित करनेके लिए कि इस स्कूल को निश्चित रूप से तीन साल के भीतर पेशकश शुरू करनी चाहिए, कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों एवं सम्मेलनों के अतिरिक्त, सार्वजनिक नीति के कुछ दीर्घकालिक कार्यक्रम तीन वर्षों में शुरूकर देने चाहिए। संस्थान के बाकी हिस्सों से एसपीपी को अलग करने पर ध्यान नहीं दिया जाना चाहिए। यह संस्थान का अभिन्न अंग होना चाहिए।

ईपीजीपी के माध्यम से, हमने एक मिला-जुला शिक्षण कार्यक्रम पेश करना शुरू किया है जो कार्यरत कार्यकारियों को आईआईएमए शिक्षा और स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त करने की अनुमति देगा। गुणवत्ता बनाए रखते हुए, बेहतर बी2बी विपणन पर ध्यान केंद्रित करके और इन-हाउस क्षमताओं की मजबूती के द्वारा, हमें वर्ष 2017-18 में अंदाजित 60 प्रतिभागियों से तीन वर्षों में 150 की संख्या के करीब इस कार्यक्रम को विकसित करना चाहिए।

इस वृद्धि को हासिल करने के लिए, हमें विश्व स्तर के संकायों की आक्रामक रूप से भर्ती करनी होगी। संस्थान में उच्च गुणवत्ता वाले संकायों को आकर्षित करने के हमने संस्थान के मौजूदा संकायों को जिन्होंने संस्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है उनके सम्मान में संकाय अध्यक्ष पद की स्थापना की है। हालांकि, संस्थान में उच्च गुणवत्ता वाले संकायों को आकर्षित करना, यहां तक कि अध्यक्षों को भी आकर्षित करना भी मुश्किल हो गया है। हमारे पूर्वछात्रों और समर्थकों ने 15 संकाय अध्यक्षों के लिए वित्त पोषण में योगदान दिया है। इस प्रकार अब तक, हमने चार संकाय सदस्यों को शिक्षा में उनके योगदान को पहचान देते हुए अध्यक्ष पदों के लिए नामित किया है, और साथ ही साथ दूसरों को अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया है। निर्धारित किए गए सभी चार संकाय आंतरिक हैं; हमारे सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद, हमने इन अध्यक्ष पदों पर भर्ती में चुनौतियों का सामना किया है और फिर बाहरी संकायों को लिया है।

हमारे संकाय रैंकों को मजबूत करने के लिए हमें अन्य तरीकों का पता लगाना चाहिए, जैसे कि विदेश से अतिथि प्राध्यापक, और लक्ष्यीकृत संकाय भर्ती अभियानों के अलावा प्रबंधन में प्रशिक्षु प्रोफेसर की भर्ती भी। हमें प्रमुख सम्मेलनों में उपस्थित होने और नियमित आधार पर शीर्ष संस्थानों में डॉक्टरेट छात्रों और संकायों तक पहुंचने की लगातार सक्रिय कोशिश करनी चाहिए।

जैसे-जैसे कार्यक्रम विकसित होता हैं, वैसे-वैसे हमें अपने बुनियादी ढाँचे को विकसित करने की जरूरत रहती है। इस प्रकार, हमारी विकास रणनीति का एक प्रमुख हिस्सा हमारे भौतिक बुनियादी ढाँचे को बनाए रखना और बढ़ाना है।

लुई काह्न परिसर प्रतिष्ठित है। 20वीं शताब्दी के महान शैक्षणिक स्थापत्य कलाओं में से एक, यह परिसर जीर्णता और नाजुकता की स्थिति में था। हमने इस प्यारे भवन परिसर को संरक्षित और नवीनीकृत करने के लिए एक बहुवर्षीय संरक्षण और पुनर्स्थापना परियोजना शुरू की है। अगले पाँच वर्षों में हमें इस परियोजना को देखना चाहिए।

इसके अतिरिक्त, हमने पाँच नई बुनियादी परियोजनाएं शुरू की हैं सार्वजनिक नीति स्कूल का भवन, एक नया शैक्षणिक कक्षा परिसर, छात्र आवास, संकाय आवास और छात्र एथलेटिक परिसर। इनके डिजाइन स्वीकृति के अंतिम चरणों में हैं। हमें इन परियोजनाओं को अगले तीन वर्षों में पूरा होते हुए देखना चाहिए।

भौतिक अवसंरचना के साथ, हमें आईटी हार्डवेयर तथा ईआरपी प्रणाली के स्थापन के माध्यम से हमारे पुराने आईटी बुनियादी ढाँचे को उन्नत करना होगा, जो केवल वरिष्ठ नेतृत्व के संरक्षण द्वारा ही संभव हो सकता है।

हमने संस्थान के लिए एक 25 वर्षीय बुनियादी ढांचा विकसित करने की योजना बनाई है। इससे पता चलता है कि हमारे मौजूदा परिसर को नवीनीकृत करके इन 25 वर्षों में हमारी विकास की महत्वाकांक्षाओं को पूरा किया जा सकता है। हमारे पास अतिरिक्त परिसरों के विकास के लिए कोई योजना नहीं है।

हालांकि, हम मुंबई में और दिल्ली में संलग्नता केंद्र स्थापित करने की योजना बना रहे हैं। प्रत्येक संलग्नता केंद्र के तीन अंग रहेंगे कार्यकारी शिक्षा के लिए कक्षा की सुविधा, स्टार्टअपों को ऊष्मायन के लिए स्थान, और व्यवसायियों तथा पूर्वछात्रों के मिलने के लिए स्थान। हम वहाँ संलग्नता केंद्र स्थापित करने के लिए महाराष्ट्र सरकार के साथ अंतिम वार्तालाप कर रहे हैं। अगले दो वर्षों में हमें नई दिल्ली और मुंबई में संलग्नता केंद्रों को स्थापित करने के लिए आगे बढ़ाना चाहिए।

ये सभी योजनाएँ केवल हमारे पूर्वछात्रों और शुभचिंतकों की उदारता के माध्यम से ही संभव है। पिछले तीन वर्षों में, हमने 200 करोड़ रुपये से भी अधिक की प्रतिबद्धताएँ बढ़ाई है, इन पहलों के लिए फंड पिछले पचास वर्षों में दान के माध्यम से प्राप्त राशि से भी अधिक है। पूर्वछात्रों तक पहुँच और धन राशि लाने के प्रयासों को उसी तीव्रता के साथ जारी रखना चाहिए।

बहुत कुछ हासिल किया गया है, लेकिन हमे आगे भी बहुत कुछ करना है। संस्थान के विभिन्न चयन क्षेत्रों के बीच संरेखण की भावना और हमारे मार्ग-निर्देशन के रूप में बल की भावना है। एक साथ लिए जा रहे, ये कदम हमारे संस्थान की ताकत पर बने रहेंगे और हमें अधिक सफलता प्राप्त कराएंगे।

आशीष नंदा



शैक्षणिक कार्यक्रम

वर्तमान में, संस्थान अलग-अलग अवधियों के पाँच शैक्षणिक कार्यक्रम चलाता है प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) (एमबीए के समकक्ष); खाद्य एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एफ़एबीएम) (एमबीए के समकक्ष); कार्यकारी अधिकारियों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स); प्रबंधन में फैलो कार्यक्रम (एफ़पीएम) (पीएच.डी. के समकक्ष); और प्रबंधन शिक्षकों और प्रशिक्षकों के लिए संकाय विकास कार्यक्रम (एफडीपी)।

1. प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी)

प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी) का 53 वां बैच 396 छात्रों के साथ 20 जून, 2016 को शुरु हुआ। साल के अंत में, 395 छात्र दूसरे वर्ष में आगे बढे।

कार्यक्रम का दूसरा वर्ष 395 छात्रों के साथ, 08 जून, 2016 को शुरू किया गया। दूसरे वर्ष के अंत में, (डबल डिग्री सहित) 401 छात्र संतोषजनक शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करके स्नातक हुए।

विवरण **परिशिष्ट क1** में दिये गए हैं।

श्रेणी के अनुसार छात्रों के विवरण इस प्रकार हैं :

छात्र	सामान्य	एनसी-ओबीसी	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	विकलांग	कुल
प्रथम वर्ष	191	105	58	29	13	396
द्वितीय वर्ष	187	106	57	30	15	395

पूर्व-तैयारी (प्रीपरेटरी) कार्यक्रम

पूर्व-तैयारी तैयारी कार्यक्रम को उन नए प्रविष्ट छात्रों के मतलब से तैयार किया गया है, जो संचार एवं गणितीय कौशलों में अपेक्षाकृत कमजोर हैं। नियमित सत्र के शुरू होने से पहले, 06 जून से 18 जून, 2016 के दौरान आयोजित इस कार्यक्रम में 122 छात्रों ने भाग लिया।

अभिविन्यास कार्यक्रम

नए छात्रों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम 22 से 24 जून, 2016 के दौरान आयोजित किया गया था। इसमें निदेशक, डीन और पीजीपी अध्यक्ष के द्वारा संबोधन के उपरांत, पीजीपी कार्यकारी समिति और कंप्यूटर तथा पुस्तकालय की सुविधा के साथ ही उनके उपयोग से संबंधित जानकारी का उन्मुखीकरण कार्यक्रम रखा गया था। शिक्षण में विधि सहित केस तैयारी तथा केस पद्धति पर एक विस्तृत सत्र का भी आयोजन नए छात्रों को परिचित कराने के लिए किया गया था।

ट्यूटोरियल

प्रथम वर्ष के कुछ पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षकों द्वारा ट्यूटोरियल की पेशकश की गई थी जिससे छात्रों को इस कार्यक्रम की आवश्यकताओं में मदद मिल सके।

पाठ्यचर्या

पीजीपी समीक्षा समिति द्वारा नवीनतम अनुसंधान के साथ तालमेल रखने के लिए समय समय पर पाठ्यक्रम को संशोधित किया जाता है।

प्रथम वर्ष के छात्रों ने तीन सत्रों में विस्तारित 34 अनिवार्य पाठ्यक्रम (23 क्रेडिट) लिए। दूसरे वर्ष में, छात्रों को वैकल्पिक पाठ्यक्रम के न्यूनतम 19 क्रेडिट और अधिकतम 22 क्रेडिट पूरे करने थे।

दूसरे वर्ष के दौरान, कुल 132 पाठ्यक्रमों को वैकल्पिक रूप में पेश किया गया जिनमें से 17 नए थे। अठारह पाठ्यक्रमों को दो अनुभागों में पेश किया गया और पाँच पाठ्यक्रमों को तीन अनुभागों में पेश किया गया था। वर्ष के दौरान 97 परियोजना पाठ्यक्रम भी पेश किए गए।

नए पाठ्यक्रम

दूसरे वर्ष में पेश किए गए नए वैकल्पिक पाठ्यक्रम इस प्रकार थे:

- वित्तीय जोखिम प्रबंधन वैश्लेषिकी

- बिटकॉइन तथा ब्लॉकचैन
- व्यापार कराधान
- उपभोक्ता व्यवहार
- डिजिटल उत्पाद और सेवा डिजाइन : ई-कॉमर्स तथा ई-खुदरा बिक्री पर एक डिजाइन सोच परिप्रेक्ष्य
- वित्तीय विवरण विश्लेषण
- कॉरपोरेट नीतियों पर लैंगिक लेंस
- हिचहाइकर की पाँच शतकों पार व्यवसाय एवं अर्थ-व्यवस्थाओं की मार्गदर्शिका
- वर्तमान भारतीय अर्थव्यवस्था और समाज
- बुद्धिमत्तापूर्ण परिवहन प्रणालियाँ
- संचालन अनुसंधान के प्रबंधकीय अनुप्रयोग
- प्रबंधकीय अर्थमिति
- ओमनी खुदरा बिक्री प्रबंधन
- संकेत विज्ञान : मीडिया और ब्रांड संचार के लिए रणनीतियाँ
- रणनीतिक विकल्प, आचारसंहिता और नैतिकता : भगवद गीता के पाठ
- संरचित उत्पाद
- विश्व अर्थव्यवस्था : व्यापार, सरकार, और नीति

दोहरी उपाधि तथा एक-सत्रीय विनिमय कार्यक्रम

दोहरी उपाधि विनिमय कार्यक्रम

शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्रों में शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को विकसित करने के लिए, संस्थान निम्नलिखित विश्वविद्यालयों के साथ एक दोहरी उपाधि वाला विनिमय कार्यक्रम पेश कर रहा है :

- ईएसएसईसी
- बॉक्कोनी विश्वविद्यालय
- एचईसी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट
- यूरोपीय बिजनेस स्कूल
- कॉलोन विश्वविद्यालय
- ईएससीपीयूरोप बिजनेस स्कूल
- वर्ष के दौरान द्वितीय वर्ष के बारह छात्रों ने संस्थान की तरफ से बॉक्कोनी विश्वविद्यालय, ईएससीपी, यूरोपीय बिजनेस स्कूल, एचईसी प्रबंधन स्कूल, और कॉलोन विश्वविद्यालय में दोहरी उपाधि छात्र-विनिमय कार्यक्रमों में भाग लिया। बॉक्कोनी विश्वविद्यालय से पाँच छात्र, एचईसी से दो छात्र, ईएसएसईसी बिजनेस स्कूल से दो छात्रों ने पीजीपी द्वितीय वर्ष में भाग लिया।

एक-सत्रीय विनिमय कार्यक्रम

छात्रों को अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शन उपलब्ध कराने की दृष्टि से संस्थान ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय बिजनेस स्कूलों के साथ छात्रों के आदान-प्रदान के लिए सहयोग किया है।

आईआईएम-ए से एक सौ सैंतालीस छात्रों ने एक-सत्रीय और 12 छात्रों ने दोहरी उपाधि विनिमय पाठ्यक्रमों को कई विदेशी विश्वविद्यालयों में लिया, जबकि सहयोगी विश्वविद्यालयों से 83 छात्रों ने एक-सत्रीय तथा 9 छात्रों ने दोहरी उपाधि के लिए विनिमय पर संस्थान में पाठ्यक्रम अपनाए।

इनके विवरण **परिशिष्ट क2 और क3** में दिए गए हैं।

छात्रवृत्तियाँ

संस्थान अकादमिक प्रदर्शन के आधार पर बड़ी संख्या में छात्रवृत्तियाँ प्रदान करता है। यह व्यक्तियों और संस्थानों द्वारा स्थापित कई पुरस्कारों के अलावा, ज़रूरत आधारित छात्रवृत्ति भी प्रदान करता है।

उद्योग छात्रवृत्ति

वर्ष के दौरान, चालीस छात्रों ने अकादमिक प्रदर्शन के आधार पर उद्योग योग्यता छात्रवृत्ति प्राप्त की।

आदित्य बिड़ला छात्रवृत्ति

छह छात्रों को प्रत्येक को 1,75,000/ रु के हिसाब से आदित्य बिड़ला समूह छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

आईआईएम-ए विशेष आवश्यकता आधारित छात्रवृत्तियाँ (एसएनबीएस)

संस्थान ने वर्ष के दौरान, 3,61,25,000/ रु की आवश्यकता आधारित छात्रवृत्तियाँ प्रदान की। इस वर्ष छात्रवृत्तियों की राशि 50,000/ रु से लेकर 2,45,000/ रु तक थी। इन छात्रवृत्तियों को पाने वाले छात्रों का विवरण पाठ्यक्रम के अनुसार निम्न प्रकार है :

कार्यक्रम	छात्रों की संख्या	राशि (रु. में)
पीजीपी	123	1,48,05,000
पीजीपीएफ़एबीएम	27	47,30,000
पीजीपी	106	1,46,15,000
पीजीपीएफ़एबीएम	15	19,75,000
कुल	**271**	**3,61,25,000**

भारत सरकार - शीर्ष स्तरीय शिक्षा के लिए केन्द्रीय क्षेत्रक छात्रवृत्तियाँ

अनुसूचित जाति - प्रथम वर्ष के छात्रों के 10 आवेदनों को अन्य पाँच नवीकरण आवेदनपत्रों के साथ-साथ मानव संसाधन विकास

मंत्रालय को अग्रेषित किया गया था। इन छात्रवृत्तियों के लिए अनुदान राशि की प्रतीक्षा है। पिछले वर्ष प्राप्त अनुदान राशि संबंधित छात्रों को वितरित की गई।

अनुसूचित जनजाति - प्रथम वर्ष के छात्रों के 3 आवेदनों को चार नवीकरण आवेदनों के साथ मानव संसाधन विकास मंत्रालय को अग्रेषित किया गया था। एक छात्र के लिए अनुदान राशि प्राप्त हुई और इसे वितरित किया गया।

आईआईएम-ए अनुसूचित जाति/जनजाति छात्रवृत्तियाँ

वर्ष के दौरान, प्रत्येक को 1500 रु के हिसाब से 177 छात्रों को अ.जा./अ.ज.जा. छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई।

आईआईएमए निर्गमन छात्रवृत्तियाँ

पीजीपी 2014-16 बैच के दो छात्रों को, जिन्होंने 2016 में स्नातक होने पर उद्यमी बनने का विकल्प चुना था उन्हें मासिक रूप से प्रत्येक को 30,000 रु की वृत्ति निर्गमन छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की गई। इस वृत्ति के प्राप्तकर्ताओं को सीआईआईई द्वारा चुना गया था और इन्हें तीन वर्ष तक छात्रवृत्ति मिलना जारी रहेगा।

अन्य एजेंसियों द्वारा संस्थापित छात्रवृत्तियाँ

- निम्नलिखित चार पीजीपी-2 छात्रों को प्रति छात्र 1,50,000/ रु की ओ.पी. जिंदल छात्रवृत्ति प्रदान की गई
  - सिद्धार्थ डागा
  - अनिरुद्ध जैन
  - प्रदीप सिंघी
  - सम्यक डागा
- पीजीपी-2 के सिद्धार्थ डागा को 1,00,000/ रु की टी. थॉमस छात्रवृत्ति प्रदान की गई।
- निम्नलिखित पाँच छात्रों को उनकी शैक्षिक उत्कृष्टता के लिए प्रति छात्र 1,00,000/ रु की दुनिया वित्त छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई
  - सचित टंडन, पीजीपी-1
  - गुंजन मेहता, पीजीपी-1
  - सम्यक डागा, पीजीपी-2
  - श्रेजन गोयल, पीजीपी-2
- कई पीजीपी पूर्वछात्रों ने ज़रूरत मंद छात्रों का समर्थन करने के लिए उदारता से संस्थान में योगदान दिया है। जबकि कुछ निधियों का उपयोग एसएनबीएस को प्रदान करने के लिए किया गया था, फिर भी कुछ को एसएनबीएस पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं को वापसी योग्य आधार पर टॉप-अप दिया गया था।

निम्नलिखित तालिका में इन छात्रवृत्तियों के विवरण हैं :

प्रायोजक	राशि रु. में	पुरस्कार विजेता/एँ	कक्षा/बैच
तेग इंडस्ट्रीज (श्री मदन मोहंका)	1,00,000	उत्तम कुमार	पीजीपी-2 / 2015-17
यूरोपा इंडस्ट्रीज	1,00,000 1,00,000	सिद्धार्थ डागा आकाश गुप्ता	पीजीपी-2 / 2015-17
एनआरएन अय्यर	1,00,000 1,00,000 1,00,000	अंकुर गर्ग गणेश कुमार भास्कर प्रदीप सिंघी	पीजीपी-2 / 2015-17
पेरी विश्वनाथ छात्रवृत्ति, क्लास-2001	4,00,000	सुश्री गरिमा तुलसियन	पीजीपी-2/ 2015-17 (दो साल के लिए)
छात्रवृत्तियों का एसएनबीएस के साथ विलय			
वारबर्ग पिनकस	16,80,000		पीजीपी-1/ पीजीपी-2 और एफ़एबीएम-1/ एफ़एबीएम-2
श्री अस्ग नंदा	16,50,000		पीजीपी-1/ पीजीपी-2 और एफ़एबीएम-1/ एफ़एबीएम-2
उद्योग एनबीएस फंड	10,000		पीजीपी-1/ पीजीपी-2 और एफ़एबीएम-1/ एफ़एबीएम-2

इन सभी छात्रवृत्तियों के विवरण **परिशिष्ट क4** में दिए गए हैं।

पुरस्कार

श्री एस. के. सेठ स्मृति पुरस्कार

यह पुरस्कार श्रीमती शांति शेठ द्वारा संस्थापित अपने पति स्व. श्री एस.के. शेठ, संस्थान के प्रथम पुस्तकालयाध्यक्ष की स्मृति में पीजीपी कार्यक्रम के प्रथम वर्ष में उच्चतम ग्रेड अंक प्राप्त करने वाले एक छात्र को दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार सिद्धार्थ डागा को दिया गया।

एस. उमापति पुरस्कार

यह पुरस्कार स्वर्गीय एस. उमापति के भाई द्वारा, किसी एक छात्र की शैक्षणिक उत्कृष्टता को पहचान दिलाने के लिए संस्थापित, संस्थान के साथ सहयोग की उनकी स्मृति में पीजीपी प्रथम वर्ष के श्रेष्ठ छात्र को दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार सिद्धार्थ डागा को दिया गया।

सर्वोत्तम पीजीपी ऑल राउंडर के लिए कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास पुरस्कार

कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास पुरस्कार, स्वर्गीय श्री कोलेनगोडे वी. श्रीनिवास के मातापिता द्वारा किसी असाधारण छात्र के बहुमुखी प्रदर्शन को पहचान दिलाने एवं संस्थान के साथ श्रीनिवास की स्मृति में सम्मान के लिए स्थापित किया गया था। इस वर्ष, यह पुरस्कार राजाराम एस. को दिया गया।

शैक्षिक प्रदर्शन के लिए देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्वर्ण पदक

यह पुरस्कार, भारत के प्रथम राष्ट्रपति, स्व. डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की स्मृति में कामधेनु फाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया था। यह उस छात्र को दिया जाता है जो कार्यक्रम के दोनों वर्षों में सर्वोच्च ग्रेड अंक प्राप्त करता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार आशीष खुल्लर को दिया गया।

महिला ऑल राउंडर पुरस्कार

पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता नकद पुरस्कार, इस संस्थान के पूर्वछात्र श्री अस्ग दुग्गल की पत्नी सुश्री रीता दुग्गल द्वारा एक असाधारण महिला छात्रा के ऑलराउंड निष्पादन को पहचान देने हेतु स्थापित किया गया था। इस वर्ष, यह पुरस्कार सुश्री आरिका तुलसियन को दिया गया।

पीजीपी महिला ऑल राउंडर उत्कृष्टता स्वर्ण पदक, एक असाधारण महिला छात्रा के ऑलराउंड निष्पादन को पहचान देने हेतु क्वेत्ज़ल फ़ाउंडेशन द्वारा स्थापित किया गया था। इस वर्ष, यह पुरस्कार सुश्री आरिका तुलसियन को दिया गया।

श्रीमती जे. नगम्मा स्मृति पुरस्कार श्रीमती जे. नगम्मा के पुत्र श्री प्रमोद कुंजू (पीजीपी 1999) द्वारा शैक्षणिक उत्कृष्टता को पहचान दिलाने के लिए स्थापित किया गया था। यह उस छात्र को दिया जाता है जो पीजीपी प्रथम वर्ष के कार्यक्रम में सर्वोच्च सीजीपीए (संचयी ग्रेड बिंदु औसत) प्राप्त करता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार सिद्धार्थ डागा को दिया गया।

अन्य पुरस्कार

श्री जी.सी. मित्तल उद्यमिता सहायता पुरस्कार श्री अंकित मित्तल (पीजीपी 2005) द्वारा उन छात्रों की सहायता के लिए स्थापित किया गया था जो स्वयं का उद्यम शुरू करना चाहते हैं। इस वर्ष, यह पुरस्कार दीपक मोहन को दिया गया।

यह पुरस्कार श्री सुनीलचैनानी (पीजीपी 1980) द्वारा खेल में सर्वांगीण उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्थापित किया गया था। संस्थान में पूरे अध्ययनकाल के दौरान ऑल राउंड प्रदर्शन करने वाले छात्र को यह पुरस्कार दिया जाता है। इस वर्ष, यह पुरस्कार श्री शैलेष मोहन और सुश्री रीनिता ए. को दिया गया।

श्री नील शास्त्री और श्रीमती शिल्पी शास्त्री (पीजीपी 2006) द्वारा विकलांगता छात्रवृत्ति स्थापित की गई थी। इस वर्ष, यह छात्रवृत्ति अनिमेष बनर्जी को दी गई।

यूरोपा इंडस्ट्री छात्रवृत्ति (मेरिट-सह-साधन छात्रवृत्ति) श्री रघुनाथ नारायण (पीजीपी 1983) द्वारा स्थापित की गई थी। इस वर्ष, ये छात्रवृत्तियाँ सिद्धार्थ डागा और आकाश गुप्ता को दी गई।

एन.आर.एन. अय्यर छात्रवृत्ति (मेरिट-सह-साधन छात्रवृत्ति) श्री रघुनाथ नारायण (पीजीपी 1983) द्वारा स्थापित की गई थी। इस वर्ष, ये छात्रवृत्तियाँ श्री गणेश कुमार भास्कर, श्री अंकुर गर्ग और श्री प्रदीप सिंघी को दी गई।

आईआईएमैवरिक्स आर्थिक सहायता सीआईआईई द्वारा स्थापित की गई थी। इस वर्ष, यह सहायता अरविंद कुमार, दीपक मोहन, ऋषिकेश परदेशी, कार्तिक श्रीधरन, मेहुल वर्मा, श्रीकांत शेल्के, और सुवंश बंसल को दी गई।

प्रवेश

पीजीपी 2016 - 2018 के बैच में जुड़ने वाले छात्रों का विवरण इस प्रकार से हैं :

श्रेणी	पुरुष	महिला	कुल
सामान्य	147	44	191
नॉनक्रीमी-अन्य पिछड़ा वर्ग	90	15	105
अनुसूचित जाति	45	13	58
अनुसूचित जनजाति	20	9	29
विकलांग	10	3	13
कुल	312	84	396

4 दिसंबर, 2016 को कैट-2016 का आयोजन कंप्यूटर आधारित परीक्षा के रूप में किया गया।

जून 2017 से शुरू हो रहे स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवासी/विदेशी राष्ट्रीयता वाले उम्मीदवारों सहित 183309 आवेदनपत्र प्राप्त हुए। दो वर्ष के तुलनात्मक आँकड़े इस प्रकार से हैं :

	2016 - 2018 बैच				2017 - 2019 बैच			
श्रेणी	पुरुष	महिला	विपरीत लिंगी	कुल	पुरुष	महिला	विपरीत लिंगी	कुल
सामान्य	86150	43087		129237	93656	47663		141319
नॉन-क्रीमी अन्य पिछड़ा वर्ग	16406	5510	37	21953	18462	6716	16	25194
अनुसूचित जाति	8497	3163		11660	9033	3619		12652
अनुसूचित जनजाति	2157	892		3049	2327	1054		3381
विकलांग	577	90		667	601	124		725
जीमैट/भारतीय प्रवासी	17	2		19	21	6		27
अधिसंख्य कोटा (एसएनक्यू)	9	2		11	10	1		11
कुल	**113813**	**52746**	**37**	**166596**	**124110**	**59183**	**16**	**183309**
प्रतिशत	**68.32**	**31.66**	**0.02**	**100.00**	**67.71**	**32.29**	**0.01**	**100.00**

पीजीपी 2017-2019 बैच के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या, अकादमिक लिखित परीक्षा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार (एडब्लूटी एवं पीआई), के लिए बुलाए गए उम्मीदवार और इस अकादमिक लिखित परीक्षा एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार में उपस्थित उम्मीदवारों के विवरण **परिशिष्ट क5** में दिए गए हैं।

2. खाद्य एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपी-एफ़एबीएम)

खाद्य, कृषि व्यवसाय, ग्रामीण, और संबद्ध क्षेत्रों में संगठनों की चुनौतियों से निपटने के लिए युवा पुरुषों और महिलाओं को गतिशील व्यवसायी प्रबंधकों, अग्रणियों, और उद्यमियों के रूप में तैयार करने के लिए खाद्य एवं कृषि व्यवसाय प्रबंधन (पीजीपी-एफ़एबीएम) में स्नातकोत्तर कार्यक्रम को डिज़ाइन किया गया है। शुरूआत से ही संस्थान ने अपने महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में कृषि, खाद्य और अन्य विकासशील क्षेत्रों से संबंधित प्रबंधकीय मुद्दों को स्वीकार किया है।

उद्देश्य

इस कार्यक्रम का उद्देश्य खाद्य एवं कृषि व्यवसाय, ग्रामीण तथा संबद्ध क्षेत्रों केलिए युवा पुरुषों एवं महिलाओं को सक्षम व्यावसायिक प्रबंधकों में तबदिल करना है। बढ़ती हुई पर्यावरणीय चिंताओं एवं उच्चतम बाजारोन्मुख वातावरण में चुनौतियाँ बढ़ने से कृषि खाद्य उद्योग को गतिशील रूप से नीतियों में बदलाव लाने तथा उन परिवर्तनों को प्रबंधित करने की प्रतिक्रिया देने की आवश्यकता है। नवीन कौशलों के साथसाथ, इस उद्योग में काम करने वालों को प्रबंधन कौशल की एक श्रृंखला, नीति के माहौल का परिचय, और एक रणनीतिक परिप्रेक्ष्य की ज़रूरत रहती है। यह कार्यक्रम प्रमुख बदलावों और उन परिवर्तनों की प्रक्रिया को प्रबंधित करने के कठिन काम के लिए छात्रों को तैयार करता है। इस कार्यक्रम के उद्देश्य इस प्रकार से हैं :

- कृषि व्यवसाय के विशिष्ट संदर्भ में प्रबंधकीय निर्णय लेने और कार्यान्वयन के लिए सामाजिक उद्देश्य की भावना के साथ वैचारिक और पारस्परिक कौशल के साथ छात्रों को तैयार करना।
- छात्रों में कृषि उद्यमिता को प्रोत्साहित करना और इस तरह कृषि व्यवसाय क्षेत्र के भीतर सफल व्यवसायियों में उन्हें तबदिल करना।
- छात्रों में नेतृत्व क्षमताओं का विकास करना, जिन संगठनों में वे कार्य कर रहे हों उनको बदलने और उन्हें प्रोत्साहित करने में सक्षम बनाना।
- छात्रों की दूरदृष्टि को व्यापक बनाना और उनमें व्यावसायिकता, अखंडता, नैतिकता और सामाजिक प्रतिबद्धता के मूल्यों को बढ़ाना।

प्रवेश

वर्ष 2016-17 में संस्थान को 1,18,109 आवेदन प्राप्त हुए। एक कठिन चयन प्रक्रिया के बाद, जिसमें सामान्य प्रवेश परीक्षा (कैट), समूह चर्चा, एवं व्यक्तिगत साक्षात्कार शामिल थे, इस कार्यक्रम में 46 छात्र जुड़े।

इसके विवरण **परिशिष्ट ख1 और ख2** में दिए गए हैं।

तैयारी कार्यक्रम

चयनित छात्रों को कृषि, गणित, संचार एवं कंप्यूटर कौशलों को मजबूत करने हेतु 6 जून से 18 जून, 2016 तक चलाए गए प्रारंभिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कहा गया।

अभिविन्यास कार्यक्रम

नए बैच के लिए 22 से 24 जून, 2016 के दौरान एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें पीजी-पीएफ़एबीएम कार्यकारी समिति के साथ बातचीत और संवाद हुए और संस्थान की कंप्यूटर एवं पुस्तकालय सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई। छात्रों को केस-पद्धति शिक्षण से परिचित कराने के लिए केस-तैयारी तथा केस चर्चा पर एक सत्र का भी आयोजन किया गया।

पीजीपी-एफ़एबीएम कार्यक्रम का दूसरा वर्ष 46 छात्रों के साथ, 8 जून, 2016 को शुरु हुआ। प्रथम वर्ष (2016-18) के अंत में, 46 छात्र दूसरे वर्ष में आगे बढ़े।

इसके विवरण **परिशिष्ट ख3** में दिए गए हैं।

पाठ्यक्रम

इस कार्यक्रम का प्रथम वर्ष पीजीपी के साथ समान ही रहता है। छात्रों ने 31 अनिवार्य पाठ्यक्रम (22.50 केडिट्स) लिए जो तीन सत्रों में थे। द्वितीय वर्ष में कृषि व्यवसाय के विभिन्न पहलुओं को समाहित करते हुए चार क्षेत्र-विशेष अनिवार्य पाठ्यक्रम और 22 ऐच्छिक पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए गए थे। दूसरे वर्ष में तीन नए अनिवार्य पाठ्यक्रम कृषि-व्यवसाय परियोजनाओं के लिए प्रबंधन, कृषि-व्यवसाय उद्यमिता, और कृषि-व्यवसाय नेतृत्व प्रस्तुत किए गए।

दूसरे वर्ष के छात्रों को कम से कम 17 केडिट और 20 अधिकतम केडिट लाना ज़रूरी था। उन्हें तीन संयुक्त स्लॉट्स में से किसी भी एक में अन्य कार्यक्रमों में से 3.5 केडिट के युनिट के लिए भी पंजीकरण करने की अनुमति थी।

ग्रामीण निमज्जन मॉड्यूल

ग्रामीण निमज्जन मॉड्यूल का उद्देश्य छात्रों को ग्रामीणों के जीवन से संपर्क कराना, ग्रामीणों के साथ बातचीत से सीखना और ग्रामीण परिवेश, समाज, संस्थानों, एवं अर्थव्यवस्था से परिचित होने का एक मौका प्रदान कराना है। 18 से 30 मार्च, 2016 के दौरान इस ग्रामीण मॉड्यूल का पहला चरण आयोजित किया गया। छात्रों को आठ समूहों में विभाजित किया गया। जो नए क्षेत्र इस बार शुरूकिए गए वे थे धोलका में वसंत फ़ार्म; कच्छ में विशिष्ट क्षेत्र; आईसीटी के तहत दो परियोजनाएँ; साबरकाँठा; और वर्धा महाराष्ट्र में जमनालाल बजाज फ़ाउंडेशन। दूसरा चरण इन्हीं स्थानों पर, 7 से 17 दिसंबर, 2016 के दौरान सात समूहों के साथ आयोजित किया गया था।

पीएमए/एसपीए/एफ़एबीएम के लिए पूर्वछात्र मिलन

पीजीपी-एफ़एबीएम ने 7 - 8 जनवरी, 2017 को पहली बार अपने क्षेत्र-विशेष पूर्वछात्र मिलन का आयोजन किया। उद्योग और विकास क्षेत्र के पेशेवरों, शिक्षाविदों और कृषि व्यवसाय डोमेन के उद्यमियों ने इस पूर्वछात्र समूह का गठन किया था। इस दो दिवसीय

समारोह में, उन्होंने विशेष रूप से छोटे और मझौले उद्यमों में - भारतीय कृषि-व्यवसाय क्षेत्र में वर्तमान छात्रों, संकायों और पूर्वछात्रों के द्वारा विकास और योगदान करने के बारे में चर्चा की। इस मिलन के माध्यम से विभिन्न बैचों के पूर्वछात्रों को एक साथ लाया गया और छात्रों से बातचीत करने के लिए के लिए एक साझा मंच प्रदान किया गया।

छात्रवृत्ति

अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के सभी छात्रों को भारत सरकार की अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई । आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की मदद करने के लिए, संस्थान ने आवश्यकता के आधार पर छात्रवृत्तियाँ प्रदान की।

पुरस्कार

श्री आर. सी. माथुर (पीएमए 1972 बैच) सर्वोत्तम आलराउंडर पीजीपी-एफ़एबीएम छात्रा का पुरस्कार सुश्री साक्षी जिनोडिया को दिया गया।

इस वर्ष दो नए पुरस्कार शुरू किए गए :

- पीजीपी-एफ़एबीएम की पूर्वछात्रा सुश्री गीता गर्ग (पीजीपी-एबीएम 2013-15) द्वारा स्थापित बैच ऑल राउंडर पुरस्कार।
- एसपीए के पूर्वछात्र श्री परमेश शाह, विश्व बैंक (एसपीए 1982) द्वारा स्थापित औद्योगिक छात्रवृत्ति (आई-स्कॉल)।

वर्ष 2016 -17 के लिए चिन्मय गावडे को ये दोनों पुरस्कार प्रदान किए गए।

विनिमय कार्यक्रम

पीजीपी-एफ़एबीएम के द्वितीय वर्ष के पाँच छात्रों को ईएसएसईसी एमएस एग्रीबिजनेस स्कूल भेजा गया और एक छात्र को ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय भेजा गया और इन सभी ने वहाँ सितंबर से दिसंबर 2016 तक एक सत्र बिताया। इस वर्ष एक नया विनिमय गठजोड़ अंटाई कॉलेज ऑफ इकोनॉमिक्स एंड मैनेजमेंट, शंघाई जिओ टोंग यूनिवर्सिटी के साथ किया गया था, और दो एफएबीएम छात्रों ने सितंबर से दिसंबर 2016 तक यहाँ एक सत्र बिताया। नॉर्वेजियन स्कूल ऑफ़ इकोनोमिक्स के साथ एक और नया करार प्रक्रिया के तहत है।

3. कार्यपालकों के लिए प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम (पीजीपीएक्स)

यह कार्यक्रम 14 अप्रैल, 2016 से शुरू हुआ। इस बैच में 20 छात्राओं सहित 90 छात्र शामिल हैं।

पीजीपीएक्स 2016-17 बैच का प्रोफ़ाइल **परिशिष्ट ग1** में दिया गया है।

कार्यक्रम संरचना और पाठ्यक्रम

पाँच शैक्षणिक सत्रों में विस्तारित पीजीपीएक्स कार्यक्रम की संरचना छह खंडों में की गई है प्रेरण, घटकों का निर्माण, शीर्ष प्रबंधन की तैयारी, अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन, ऐच्छिक, और कैपस्टोन। 13 नए पाठ्यक्रमों सहित चौबीस मुख्य / अनिवार्य तथा 54 ऐच्छिक पाठ्यक्रम इस शैक्षणिक वर्ष के दौरान पेश किए गए थे जिनमें सात नए पाठ्यक्रमों सहित 37 पाठ्यक्रम अच्छे से पूरे किए गए।

वर्ष के दौरान पेश किए गए नए पाठ्यक्रमों की सूची **परिशिष्ट ग2** में दी गई है।

अंतर्राष्ट्रीय निमज्जन कार्यक्रम

यह विदेशी संस्थानों में दो सप्ताह का एक शैक्षिक प्रशिक्षण है। यह कार्यक्रम 5 से 16 सितम्बर, 2016 के दौरान पेश किया गया। छात्रों ने निम्न स्थानों पर दो समूहों में यात्रा की :

- चाइनीज़ युनिवर्सिटी ऑफ हाँगकाँग, हांगकांग (48 छात्र)
- एकॉल सुपरियर द कॉमेर्स द पारिस (ईएससीपी), पेरिस (42 छात्र)

विनिमय छात्रों के लिए मॉड्यूल

वारविक बिजनेस स्कूल, वारविक से आए 22 विनिमय छात्रों के लिए भारत में कारोबार मॉड्यूल प्रस्तुत किया गया था। इसमें निम्नलिखित विषयों को समाहित किया गया :

- भारतीय संस्कृति का संक्षिप्त परिचय
- भारत में व्यवसाय - मध्यस्थता
- संकट संचार
- हितधारकों के साथ संलग्नता
- समावेशी नवाचार

- भारतीय अर्थव्यवस्था
- भारतीय वित्तीय प्रणाली
- भारतीय ग्राहकों के लिए विपणन
- भारत में पेटेंट संरक्षण
- भारत में पीपीपी
- भारत में दुकान की स्थापना और व्यवसाय बढ़ाना
- व्यवसाय में सामाजिक संदर्भ
- भारतीय वितरण प्रणाली से निपटना
- भारत और भारतीय उपभोक्ता को समझना

इस कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, छात्रों ने अहमदाबाद में वाघ बकरी चायपत्ती ग्रुप; हेवमोर आइस क्रीम फ़ेक्टरी, और जीवीके ईएमआरआई (108 एम्बुलेंस सेवा) केंद्र का दौरा किया।

अन्य एक मॉड्यूल ईएससीपी, पेरिस से आए 40 विनिमय छात्रों के लिए आयोजित किया गया था। इस मॉड्यूल में निम्नलिखित विषय प्रस्तुत किए गए :

- उद्यमिता
- आधारिक नवाचार
- भारतीय संस्कृति
- भारतीय अर्थव्यवस्था
- भारतीय ऊर्जा क्षेत्र
- भारतीय वित्त प्रणाली
- भारतीय कानूनी प्रणाली
- भारतीय फार्मा क्षेत्र
- भारतीय सामाजिक नीतियाँ
- चिंतन
- भारत में टेलिकॉम क्षेत्र

इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, छात्रों ने आणंद में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड, अमूल डेयरी, और अमूल चोकलेट प्लांट सभी का दौरा किया।

अकादमिक प्रदर्शन और छात्रवृत्तियाँ

सभी 90 पीजीपीएक्स छात्र सफलतापूर्वक स्नातक हुए। उन्हें निम्नलिखित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया :

- पीजीपीएक्स टॉपर को स्वर्ण पदक श्री मिहिर पारेख
- शीर्ष पाँच छात्रों के लिए प्रत्येक को 30,000/ रु. का नकद शैक्षिक मेरिट पुरस्कार श्री मिहिर पारेख, श्री इशान चन्ना, श्री सौभाग्य रंजन मोहपात्रा, श्री धृतिमान घोष, और श्री अखिल कुमार गवर।
- श्री अरुण दुग्गल (अध्यक्ष - श्री राम कैपिटल लिमिटेड, आईआईएमए विजिटिंग फैकल्टी, और 1974 बैच के पूर्वछात्र) द्वारा प्रायोजित ऑल राउंड उत्कृष्टता का 1,00,000/ रुपये का नकद पुरस्कार श्री अखिल कुमार गवर को दिया गया।
- शापूरजी पालोनजी शैक्षणिक योग्यता राइजिंग स्टार अवार्ड श्री मिहिर पारेख को दिया गया।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता

पीजीपीएक्स कार्यक्रम ने फाइनेंशियल टाइम्स के एफटी ग्लोबल एमबीए रैंकिंग 2017 में विश्व में सबसे अच्छा कार्यक्रम बना रहा। यह कैरियर प्रगति में तीसरे स्थान पर रहा तथा समग्र दृष्टि से 29वें स्थान पर रहा।

छात्र गतिविधियाँ

कोनेक्सियन 2016, वार्षिक ज्ञान शिखर सम्मेलन 14 से 15 अक्टूबर 2016 के दौरान आयोजित किया गया। इसका विषय ''बदलता भारत : कार्यान्वयन के लिए विचार'' था । इस समारोह में छह पैनल चर्चाएँ, एक सीईओ रात्रि महाभोज समारोह, पीजीपीएक्स वार्षिक पूर्वछात्र पुनर्मिलन का आयोजन किया गया। उद्योग, शिक्षण जगत, तथा सरकार के 25 से अधिक शीर्ष अग्रणियों ने प्रतिभागियों को संबोधित किया था।

पीजीपीएक्स पूर्वछात्र मिलन : एक्सप्रेशन 2016

पीजीपीएक्स 2017 बैच ने 16 नवंबर, 2016 को पूर्वछात्र मिलन (एक्स्प्रेशन) का आयोजन किया। पिछले वर्ष के पूर्वछात्र मिलन से प्रेरित होकर कोनेक्सियन के रूप में यह आयोजन जारी रखा गया। इसका उद्देश्य एक मजबूत पूर्वछात्र आधार बनाना है और पीजीपीएक्स पूर्वछात्रों को सभी बैचों के साथ संवाद करने के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है। इस समारोह में लगभग 70 पूर्वछात्रों ने भाग लिया था।

पूर्वछात्र समिति ने "एल्यूम कन्नेक्ट" कार्यक्रम का भी आयोजन किया जिसमें विभिन्न उद्योगों में कार्यरत पूर्वछात्रों के साथ अनुभव साझा किए गए। इन पूर्वछात्रों ने वर्तमान बैच को पीजीपीएक्स में सीखने के साथ अपने पूर्वानुभवों को कैसे मिलाकर काम में लाया जाता है उसके बारे में जानकारी देने में सहायता की।

पीजीपीएक्स वक्ता श्रृंखला

वक्ता श्रृंखला में, कंपनियों के वरिष्ठ अग्रणियों और प्रख्यात नागरिकों को पीजीपीएक्स छात्रों के साथ अपने अनुभवों को साझा करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। बाईस वक्ताओं ने व्याख्यान दिया।

इसके विवरण **परिशिष्ट ग3** में दिए गए हैं।

2017-18 के लिए प्रवेश

पीजीपीएक्स 2017-18 बैच के लिए नौ सौ पैंतालीस आवेदन पत्र प्राप्त हुए और साक्षात्कार के लिए 463 आवेदन पत्रों को लघुसूचीबद्ध किया गया था। 121 उम्मीदवारों को पेशकश रखी गई थी और 30 को प्रतीक्षा सूची में रखा गया था जिनमें से सभी 30 को आगे बढ़ाया गया। अंतत: 115 उम्मीदवार (पिछले वर्ष के आस्थगितों में से 3 उम्मीदवारों के सहित) कार्यक्रम से जुड़े जिनमें 29 छात्राएँ हैं। पाँच उम्मीदवारों ने प्रवेश के लिए विलंब से अप्रैल 2018 से जुड़ने के लिए कहा।

4. प्रबंध में फैलो कार्यक्रम

वर्ष 2017 में फैलो-स्नातक हुए 18 छात्रों सहित इस वर्ष तक, 349 छात्रों ने "भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद फैलो" की उपाधि प्राप्त की है। वर्तमान में 43 छात्र शोध प्रबंध चरण में हैं और 42 छात्र पाठ्यक्रम कार्य कर रहे हैं।

वर्ष 2016-2017 में स्नातक हुए एफ़पीएम छात्रों के नाम **परिशिष्ट घ** में दिए गए हैं।

पुरस्कार

आईएफसीआई शोध-प्रबंध पुरस्कार

	शोध-प्रबंध का शीर्षक	पुरस्कार रु.
प्रीत दीप सिंह (वित्त और लेखाकरण)	निबंध 1: लेखापरीक्षा समिति के सदस्यों की उपस्थिति और आय प्रबंधन पर इसका प्रभाव, निबंध 2: बहिर्जात रूप से घटित कार्यरतता और आय प्रबंधन पर इसका प्रभाव	50,000
अंकुर कपूर (विपणन)	उत्पाद मूल्यांकन और विकल्प पर गैरविभेदित अंतरण का प्रभाव	25,000
अनिता केराई (व्यापार नीति)	पारिवारिक फर्म के प्रदर्शन और रणनीतिक निर्णय पर टीएमटी की संरचनात्मक शक्ति समानता का प्रभाव	25,000

प्रोफेसर तीरथ गुप्ता स्मारक पुरस्कार

	शोध-प्रबंध का शीर्षक	पुरस्कार रु.
जतिन पांडे (मानव संसाधन प्रबंधन)	ग्रामीण भारत में कार्यस्थल पर महिलाओं का नौकरी प्रदर्शन नौकरी मांगसंसाधन (जेडीआर) परिप्रेक्ष्य	50,000
राजेश नानारपुझा (विपणन)	धर्म और बाज़ार लेनदेन की परस्पर क्रिया	50,000

प्रथम वर्ष में सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक प्रदर्शन के लिए चौधरी पद्मनाभन पंत पुरस्कार

- प्रिया नारायणन - 10,000 रुपए

छात्रों द्वारा सम्मेलन / डॉक्टरल वार्ता / कंसोर्टियम में प्रतिभागिता / शोधपत्र प्रकाशन

सम्मेलन	
अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन	28
घरेलू सम्मेलन	14
कुल सम्मेलन	42
कुल छात्रों ने भाग लिया	31
डॉक्टरेट वार्ता / कंसोर्टियम	
अंतर्राष्ट्रीय डॉक्टरेट वार्ता	00
घरेलू डॉक्टरेट वार्ता	03
कुल डॉक्टरेट वार्ता	03
कुल छात्रों ने भाग लिया	03
शोधपत्र प्रकाशन	
कुल प्रकाशित शोधपत्र	15 (ए-1, बी-2, सी-7 और अन्य-5)
शामिल छात्रों की कुल संख्या	13

पिछले 10 वर्षों की पीजीपी, पीजीपी-एफ़एबीएम और एफ़पीएम छात्रों की संख्या के विवरण **परिशिष्ट ङ** में दिए गए हैं।

स्थानन

पीजीपी

स्नातकोत्तर प्रबंधन कार्यक्रम (पीजीपी) 2017 में स्नातक हो रहे बैच के लिए अंतिम स्थानन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली गई। कई डोमेन की कंपनियों ने अंतिम स्थानन में तीन क्लस्टरों में भाग लिया, जिसमें 10 से अधिक साथी कंपनियों में छात्रों का स्थानन किया गया।

स्थानन प्रक्रिया

स्थानन प्रक्रिया दो चरणों में संचालित की गई। पहला चरण पार्श्व प्रक्रिया का था जिसमें कंपनियों ने पूर्व कार्यानुभव वाले छात्रों का साक्षात्कार लिया और उन्हें मध्य स्तर के प्रबंधकीय पदों की पेशकश की गई। प्रौद्योगिकी, परामर्शन, फार्मास्यूटिकल्स, तथा विश्लेषिकी जैसे विविध क्षेत्रों से 30 से अधिक कंपनियों ने स्थानन के लिए भाग लिया। दूसरे चरण में, प्रस्तुत किए प्रोफ़ाइल के आधार पर कंपनियों को समूहबद्ध किया गया था, और इन समूहों को विभिन्न क्लस्टरों में केम्पस में बुलाया गया था। पिछले वर्षों की तरह, इस वर्ष भी छात्रों को उनके सपनों के अनुरूप, स्थानन के प्रस्ताव मिलने के बावजूद, बाद वाले समूहों में अपनी पसंद की कंपनियों में आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध करायी गई। इस वर्ष 110 छात्रों ने अपने सपनों के लिए आवेदन किया था। इससे छात्रों को अपनी पसंद के क्षेत्रों में कैरियर बनाने का विकल्प मिला। छात्रों को नवाचार, नवोन्मेष एवं उद्यमिता (सीआईआईई) के परामर्शन में अपनी उद्यमी सोच के आधार पर काम करने का भी अवसर मिला।

क्षेत्रीय अवलोकन

विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक क्षेत्रों से कंपनियों ने इस प्रक्रिया में भाग लिया। प्रबंधन और आला परामर्श डोमेन में भर्तीकर्ताओं के रूप में अन्य सभी कंपनियों में एक्सेंचर स्ट्रैटेजी, ए.टी. केर्नी, बैन एंड कंपनी, मैकिन्से एंड कंपनी और ऑलिवर वाइमन शामिल थे। निवेश बैंकिंग और मार्केट स्पेस में प्रमुख नियोक्ताओं के रूप में सिटीबैंक, केडिट सुइस, ड्यूश बैंक, गोल्डमैन सैक्स, जे.पी. मॉर्गन, कोटक आईबी और स्टैंडर्ड चार्टर्ड शामिल थे। बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्रों के नियोक्ताओं में, भर्तीकर्ताओं के रूप में अमेरिकन एक्सप्रेस, फाइनआईक्यू, फुलरटन और आरबीएल शामिल थे। एयरटेल, एशियन पेंट्स, एचयूएल, आईटीसी, नेस्ले, पी एंड जी और रेकिट बेन्कीसर जैसे नियमित नियोक्ताओं द्वारा बिक्री और विपणन भूमिकाओं की पेशकश कीगई। सामान्य प्रबंधन समूह में आदित्य बिड़ला समूह, टाटा प्रशासनिक सेवाएँ, सी.के. बिड़ला और महिंद्रा ऐंड महिंद्रा की उपस्थिति रही। उद्यम प्रौद्योगिकी तथा उपभोक्ता तकनीक समूह में मोबीक्विक, रिविगो और स्प्रिंक्लर जैसी कंपनियों की उपस्थिति देखी गई।

शीर्ष भर्तीकर्ता

स्थानन में 100 से अधिक कंपनियों ने भाग लिया था। जिन कंपनियों ने सबसे अधिक पेशकश रखी उनमें एक्सेंचर स्ट्रैटेजी, अमेज़न, बैन एंड कंपनी, मैकिन्से एंड कंपनी और द बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप शामिल थीं। अमेज़ॅन ने सर्वाधिक 18 पेशकश रखी। मैककिंसे एंड कंपनी ने परामर्शन डोमेन में सबसे ज्यादा 15 पेशकश रखी। वैश्विक बैंकों में गोल्डमैन सैक्स सबसे बड़ा भर्तीकर्ता था, जिसने नौ छात्रों को चुना। बिक्री और विपणन डोमेन में, एचयूएल ने सात प्रस्ताव रखे, उसके बाद प्रोक्टर एंड गैंबल, एससी जॉन्सन और सैमसंग ने छह-छह प्रस्ताव दिए। 10 पेशकशों के साथ, सामान्य प्रबंधन गठबंधन में टीएएस सबसे बड़ा भर्तीकर्ता था। स्प्रिंक्लर ने उपभोक्ता तकनीक समूह में नौ प्रस्ताव दिए।

अंतिम स्थानन के विवरण

स्थानन प्रक्रिया में भाग लेने वाले 386 छात्रों को 450 से अधिक नौकरी की पेशकश की गई थी।

पुराने रिश्तों को मजबूत बनाना और नए लोगों के साथ इए संबंध बनाना

स्थानन को उद्योग जगत के साथ संबंध बनाने और एक सहजीवी संघ बनाने के एक अवसर के रूप में देखा जाता है। मौजूदा नियोक्ताओं ने बड़ी संख्या में भर्ती के माध्यम से ना केवल अपने संबंध निभाए हैं बल्कि, कई नई कंपनियाँ भी पहली बार स्थानन के लिए आईं।

पीपीओ स्थानन (पूर्व-नियुक्ति प्रस्ताव)

ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर 106 छात्रों ने पूर्व-स्थानन प्रस्ताव स्वीकार किए।

पार्श्व स्थानन

बैच के लगभग 50 प्रतिशत छात्र पार्श्व स्थानन के लिए पात्र थे, और 30 से अधिक कंपनियों ने पार्श्व स्थानन प्रक्रिया में विविध क्षेत्रों में 75 छात्रों को नियुक्त किया।

उद्यमिता

भारतीय स्वर्ण नीति केंद्र ने मार्च 2016 से मार्च 2017 की अवधि के लिए अपनी दूसरी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित की है जिसे इस लिंक पर देखा जा सकता है। https://www.iima.ac.in/c/document_library/get_file?uuid=6c9c2d69-0402-4df6-8e2fab4b6283b8&groupId=62390&filename=Annual%20Report-2016-17_IGPC

मीडिया बिंदु और विस्तृत सूचना

इसके विवरण **परिशिष्ट ट** में दिए गए हैं।

4. कृषि प्रबंधन केन्द्र (सीएमए)

संस्थान में कृषि प्रबंध केंद्र (सीएमए) एक अंतर्विषयक अनुसंधान केंद्र है, जो खाद्य, कृषि व्यवसाय, ग्रामीण एवं संबंधित क्षेत्रों में अनुप्रयुक्त, नीति एवं समस्या समाधान के अनुसंधान में संलग्न है। सीएमए शिक्षण, प्रशिक्षण एवं परामर्शी गतिविधियों के इन क्षेत्रों/विषयों में भी शामिल है।

अनुसंधान

पूर्ण अनुसंधान

वर्ष के दौरान केंद्र ने निम्नलिखित दो अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा किया :

- भारत के वायदा बाजारों में किसानों की भागीदारी : संभावना, अनुभव और सीमाएँ
- सूक्ष्म-वित्त के तहत स्व-सहायता और संयुक्त-देयता समूह संस्थानों का स्थायित्व

जारी अनुसंधान

- कृषि-जैव विविधता के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करना : निम्न स्तर पर दृष्टि
- किसानों के लिए निर्णय-उन्मुख सूचना प्रणाली : किसान कॉल सेंटर (केसीसी), किसान ज्ञान प्रबंधन प्रणाली (केकेएमएस), किसान पोर्टल और एम-किसान पोर्टल (अखिल भारतीय समन्वित अध्ययन - समन्वयन और एकीकरण) का एक अध्ययन
- किसानों के लिए निर्णय-उन्मुख सूचना प्रणाली : किसान कॉल सेंटर (केसीसी), किसान ज्ञान प्रबंधन प्रणाली (केकेएमएस), किसान पोर्टल और एम-किसान पोर्टल - गुजरात का एक अध्ययन।
- मृदा स्वास्थ्य, पादप स्वास्थ्य और मानव स्वास्थ्य।

पाठ्यक्रम

स्नातकोत्तर कार्यक्रम

- सीएमएम ने पीजीपी-एफएबीएम, पीजीपी और पीजीपीएक्स में 21 पाठ्यक्रमों को पेश किया।

एफपीएम (खाद्य और कृषि व्यवसाय)

- सीएमए ने प्रबंधन (खाद्य एवं कृषि व्यवसाय) के फैलो कार्यक्रम में छह पाठ्यक्रमों को पेश किया।

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- 'कृषि इनपुट विपणन' 16 से 21 जनवरी, 2017.

5. स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केंद्र

संस्थान द्वारा पूर्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में दिए गए अपने योगदान की पहचान बनाने हेतु और देश में सामाजिक-आर्थिक विकास के संदर्भ में स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने की आवश्यकता को देखते हुए जून 2004 में स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन केंद्र (सीएमएचएस) की स्थापना की गई थी। सीएमएचएस का उद्देश्य क्षमतापूर्वक व प्रभावी रूप से विविध भागों की जनसंख्या की जरूरतों से निपटने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण में प्रबंधकीय चुनौतियों को पूरा करना और स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट संस्थान का निर्माण करना तथा स्वास्थ्य नीतियों एवं वातावरण को प्रभावित करना है।

सीएमएचएस से (i) स्वास्थ्य क्षेत्र में हमारी भागीदारी के लिए जोर और दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान करने की उम्मीद है (ii) सामाजिक क्षेत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करना अपेक्षित है, (iii) बड़ी परियोजनाओं में हमारी भागीदारी की सुविधा अपेक्षित है, (iv) विश्व से सभी स्वास्थ्य देखभाल शोधकर्ताओं को आकर्षित करना, (v) स्वास्थ्य प्रबंधन में शामिल अन्य संस्थानों के साथ तालमेल विकसित करना, और (vi) ज्ञान के प्रसार में सक्रिय रूप से भाग लेना अपेक्षित है।

सीएमएचएस ने स्वास्थ्य नीति और योजना, स्वास्थ क्षेत्र में प्रशासन और प्रबंधन, अस्पताल प्रबंधन, क्लीनिकल लैब प्रबंधन, इमेजिंग लैब प्रबंधन, मातृ स्वास्थ्य, एचआईवी / एड्स, संक्रमण नियंत्रण, शहरी स्वास्थ्य, कैंसर केयर, प्रबंधन क्षमता आकलन आदि पर ध्यान केंद्रित करते हुए अनुसंधान परियोजनाओं को अंजाम दिया है।

आईआईएमए-सीएमएचएस संगोष्ठी श्रृंखला :

*सीए*मएचएस ने अगस्त 2014 से संगोष्ठी श्रृंखला शुरू की। प्रत्येक माह के लिए एक संगोष्ठी की औसत दर पर प्रति माह एक सेमिनार आयोजित की गई। वर्ष 2016-17 के दौरान आयोजित संगोष्ठियों के वक्ताओं और विषयों के विवरण हैं :

- डॉ. के.के. कालरा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा गुणवत्ता और रोगी सुरक्षा, एनएबीएच राष्ट्रीय अस्पताल एवं स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता प्रत्यायन बोर्ड, भारतीय गुणवत्ता परिषद, नई दिल्ली, भारत, 15 जुलाई, 2016.
- भारत में स्वास्थ्य देखभाल नवप्रवर्तन एवं उद्यमिता : श्री प्रदीप के. जयसिंह, संस्थापक एवं अध्यक्ष, हेल्थस्टार्ट द्वारा अवसर और चुनौतियाँ, भारत, 24 अगस्त, 2016.
- स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन : रोग रोकथाम से बाहर की सोच, जीवन के दौरान एनसीडी रोकथाम के लिए, डॉ. कौमुदी जोशीपुरा, एनआईएच दानी-संस्था अधयक्ष एवं निदेशक, क्लीनिक रिसर्च और हेल्थ प्रमोशन सेंटर, प्यूर्टो रिको विश्वविद्यालय, और हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में एपिडेमियोलॉजी के सहायक प्रोफेसर, 20 दिसंबर 2016.
- डॉ. राम के. नारायण, कार्यकारी निदेशक, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल एवं चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, द्वारा तृतीयक / चतुर्थक केयर अस्पताल चलाने में चुनौतियां, अंधेरी, मुंबई, 24 जनवरी, 2017.

दो-दिवसीय कार्यशाला

दो-दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य, व्यावसायिकों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र से लेकर फार्मा उद्योगों, चिकित्सा उपकरणों के निर्माताओं आदि के क्षेत्र में पेशेवरों तक पहुंचना है।

हेल्थकेयर एनालिटिक्स की कार्यशाला आईआईएमए में 25-26 फरवरी, 2017 के दौरान आयोजित की गई थी।

यह निम्नलिखित उद्देश्यों पर आधारित थी :

- स्वास्थ्य देखभाल डेटा के विश्लेषण के लिए महत्वपूर्ण अवधारणाओं और तकनीकों की गहन समझ प्रदान करना।
- ऐसे मुद्दों से निपटना जैसे कि स्वास्थ्य सेवा प्रबंधन के संदर्भ में प्रभावी निर्णय डेटा के उचित विश्लेषण के माध्यम से कैसे किया जा सकता है, ओपन सोर्स सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर का उपयोग जैसे कि स्वास्थ्य देखभाल डेटा के विश्लेषण के लिए आर कैसे उपयोग किया जाता है।
- डेटा विश्लेषण के निष्कर्षों की उचित व्याख्या पर जोर दिया गया।
- हेल्थकेयर डेटा के विश्लेषण से प्राप्त जानकारी को ठीक से संवाद करने के लिए डेटा विज़ुअलाइज़ेशन के तरीके जैसे मुद्दे, कार्यशाला में डेटा विश्लेषणात्मक उपकरण और डेटा विज़ुअलाइजेशन तकनीकों की अनुचित चयन के नुकसान पर चर्चा की गई।

"हेल्थकेयर संगठनों की गुणवत्ता प्रबंधन" पर एक कार्यशाला 11-12 मार्च, 2017 के दौरान आयोजित की गई थी। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल संगठनों के लिए महत्वपूर्ण अवधारणाओं, तकनीकों और गुणवत्ता प्रबंधन की संरचना को गहन समझ प्रदान करना था।

ग्रीष्मकालीन स्कूल

आईआईएमए में 3-6 सितंबर, 2016 के दौरान एक चार-दिवसीय ग्रीष्मकालीन स्कूल का आयोजन 'स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन सेवाओं में उन्नत अनुसंधान तरीके' विषय पर किया गया था। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के प्रबंधन से संबंधित चुनौतियों पर काम कर रहे देश के छात्रों और युवा संकाय सदस्यों के अनुसंधान के लिए एक मंच प्रदान करना था। एआईआईएमएस, अपोलो अस्पताल, एमिटी विश्वविद्यालय जैसे स्वास्थ्य सेवा संस्थानों के प्रतिभागियों ने इस ग्रीष्कालीन स्कूल में भाग लिया।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

आईआईएमए के दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 10-11 दिसंबर, 2016 के दौरान स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन सेवाओं में प्रगति पर किया गया। इसका उद्देश्य पूरे विश्व के अग्रणी शैक्षणिक वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, चिकित्सकों, स्वास्थ्यसेवा प्रशासकों, देखभाल प्रदाताओं और नीति निर्माताओं को एक साथ लाना था जो अत्याधुनिक अनुसंधान, नए विचार, चर्चा के मुद्दों और स्वास्थ्य देखभाल प्रबंधन के क्षेत्र में नवीनतम विकास को साझा करें। स्वास्थ्य प्रबंधन के क्षेत्र में विभिन्न विशेषज्ञों को सम्मेलन में मुख्य भाषण देने के लिए आमंत्रित किया गया था। इनमें शिक्षाविद, चिकित्सा प्रशिक्षु, नीति निर्माता, आदि शामिल थे। सम्मेलन में करीब पैंसठ प्रतिभागियों ने भाग लिया था। इस सम्मेलन में लगभग पैसठ प्रतिभागियों ने भाग लिया।

सम्मेलन के मुख्य वक्ता

मुख्य वक्ता	पद
डॉ. नरोत्तम पुरी	चिकित्सा सलाहकार, फोर्टिस हेल्थकेयर
डॉ. सुरेश शंकर	मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डेवीटा रेनल केयर, चेन्नई
श्री प्रदीप के. जयसिंह	संस्थापक और अध्यक्ष, हेल्थस्टार्ट भारत
श्री अमर जेसानी	संपादक, इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल एथिक्स
प्रो. कांती मरडिया	सीनियर रिसर्च प्रोफेसर, ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय और लीड्स विश्वविद्यालय
प्रो. गौतम सेन	अध्यक्ष, हेल्थस्प्रिंग सामुदायिक चिकित्सा केंद्र
प्रो. अतनु बिस्वास	प्रोफेसर, भारतीय सांख्यिकी संस्थान

श्री जे.पी. गुप्ता	स्वास्थ्य आयुक्त, चिकित्सा सेवा और चिकित्सा शिक्षा और सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के पूर्व अधिकारी प्रधान सचिव (सार्वजनिक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण)

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- नैदानिक प्रयोगशाला प्रबंधन
- हेल्थकेयर प्रबंधन के लिए डेटा विश्लेषण
- अस्पताल प्रबंधन

6. खुदरा बिक्री केंद्र

रीटेलिंग केंद्र (सीएफआर) खुदरा प्रबंधन के क्षेत्र में फैकल्टी सदस्यों द्वारा शोध की सुविधा प्रदान करता है। सीएफआर को विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों जैसे विपणन, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन और सूचना प्रणाली के संकाय सदस्यों के समूह द्वारा गठित किया गया है। सीएफआर संकाय सदस्य खुदरा प्रबंधन के क्षेत्र में अनुसंधान और शिक्षण गतिविधियों का काम करते हैं। उन्होंने खुदरा बिक्री के लिए कार्यकारी शिक्षा और परामर्श सेवाओं में भी योगदान दिया है।

संस्थान ने भारत में खुदरा उद्योग के लिए प्रासंगिक क्षेत्रों में अनुसंधान करने के उद्देश्य से अरविंद ब्रांडों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सीएफआर को अरविंद ब्रांड्स की तरफ से 6,75,000 रु. के वित्तपोषण की प्रथम किश्त अप्रैल में मिली। सीएफआर के संकाय सदस्यों ने इस वित्तपोषण के समर्थन से अनुसंधान के लिए निम्नलिखित चार विषय-क्षेत्रों की पहचान की :

- खुदरा बिक्री में मानव संसाधन प्रबंधन
- ग्राहक संबंध प्रबंधन
- तंत्रिका विज्ञान तकनीक और खुदरा बिक्री
- मार्कडाउन प्रबंधन रणनीति

7. सार्वजनिक प्रणाली समूह

सार्वजनिक प्रणाली समूह (पीएसजी) सामरिक सार्वजनिक प्रबंधन, सार्वजनिक और सामाजिक नीति पर अनुसंधान, प्रशिक्षण और संगठनात्मक कार्य करती है। समूह का उद्देश्य अनुसंधान को बढ़ावा देना है जो सार्वजनिक प्रणालियों के प्रभावी प्रबंधन के लिए अवधारणाओं और सिद्धांतों को उत्पन्न करेगा, साथ ही साथ नीति-निर्माण के लिए सामाजिक और राजनीतिक प्रक्रियाओं की एक विद्वत्तापूर्ण समझ और अभिव्यक्ति प्राप्त करना है।

संकाय के वर्तमान शोध हितों में ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन शामिल हैं, जिसमें दीर्घकालिक उत्सर्जन परिदृश्य और मॉडलिंग पर्यावरण और स्थिरता, वैश्विक पर्यावरण वार्ता और जोखिम मूल्यांकन शामिल हैं; प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक स्वास्थ्य क्षेत्रों को कवर करने वाले अस्पताल और स्वास्थ्य प्रणालियाँ; शहरी प्रबंधन, परिवहन और विमानन प्रबंधन, अवसंरचना विकास और पुनर्वास; सार्वजनिक वित्त, शिक्षा नीति, सामुदायिक विकास; सार्वजनिक प्रणालियाँ, प्रभाव आकलन और दूरसंचार में संचालन अनुसंधान शामिल हैं।

पाठ्यक्रम

पीजीपी

मूल विषय

- व्यापार, पर्यावरण और स्थिरता
- सरकारी प्रणालियाँ और प्रक्रियाएँ
- व्यापार का सामाजिक-सांस्कृतिक पर्यावरण

ऐच्छिक विषय

- सुशासन और गरीबी में रहने वाले लोग
- बुनियादी ढांचा विकास और वित्तपोषण
- बुद्धिमान परिवहन प्रणाली
- कॉर्पोरेट सामाजिक गैर जिम्मेदारियों की जाँच
- ऊर्जा व्यवसाय प्रबंधन
- हेरफेर, मिथक बनाना, और विपणन
- विकास के लिए सहभागिता थिएटर
- संगठनों में सत्ता और राजनीति
- नेटवर्क सोसाइटी में व्यवसाय और मानव विकास की समझ के लिए गुणात्मक शोध पद्धतियाँ
- सामाजिक उद्यमिता : अभिनव सामाजिक परिवर्तन
- शहरी अर्थव्यवस्था और व्यापार पर्यावरण

पीजीपी-एफ़एबीएम

- कॉर्पोरेट सामाजिक गैर जिम्मेदारियों की जाँच (पीजीपी के साथ)
- स्थायित्व का प्रबंधन
- सामाजिक उद्यमिता : अभिनव सामाजिक परिवर्तन (पीजीपी के साथ)

एफ पी एम

मूल विषय

- सार्वजनिक नीति-1
- सार्वजनिक वित्त
- सार्वजनिक प्रबंधन

- सार्वजनिक नीति-2

ऐच्छिक विषय

- आर्थिक विकास और वृद्धि
- ऊर्जा और पर्यावरण नीति
- स्वास्थ्य नीति और योजना
- व्याख्यात्मक अनुसंधान पद्धतियाँ
- सामाजिक नीति अनुसंधान में सांस्कृतिक निष्कर्ष के लिए मात्रात्मक पद्धतियों का उपयोग करना

पीजीपीएक्स

- अवसंरचना विकास और सार्वजनिक निजी भागीदारी
- सामाजिक उद्यमिता : अभिनव सामाजिक परिवर्तन
- ऊर्जा व्यवसाय प्रबंधन (पीजीपी के साथ)

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- नौवहन के लिए सामान्य प्रबंधन
- अवसंरचना में कानूनी और विनियामक मुद्दे*

*संयुक्त रूप से व्यवसाय नीति विषय-क्षेत्र के साथ की पेशकश

8. रवि जे. मथाई शैक्षिक नवप्रवर्तन केंद्र

'शैक्षिक नवाचार बैंक' परियोजना ने सार्वजनिक व्यवस्था में नवाचार की संस्कृति विकसित करने के लिए काम करना जारी रखा।

दूसरा शैक्षिक नवप्रवर्तन मेला राज्य सरकार के सहयोग से गुजरात के सभी 33 जिलों में आयोजित किया गया था। लगभग 1500 नवप्रवर्तक शिक्षकों ने अपने नवाचारों को प्रदर्शित किया था; इनमें से श्रेष्ठ नवप्रवर्तकों को फरवरी 2017 में सापुतारा में एक राज्य स्तरीय सम्मेलन में आमंत्रित किया गया था। इस मेले का उद्देश्य नवप्रवर्तक शिक्षकों को प्रोत्साहित करना और सम्मान देना था, और उनके काम को शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में शामिल करना था।

एक ऐसी पहल जिसमें एक ऐसा पाठ्यक्रम लागू किया गया था, जो स्कूल प्रशासन और नवाचार (जनवरी से मार्च 2017) में गुजरात के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों के प्रिंसिपलों के लिए एक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम था। यह पहली बार था कि ऐसा प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किया जा रहा था; एक मॉडल का प्रदर्शन करने का विचार था जिसे 2017-18 के दौरान आगे बढ़ाया जा सकता था। प्रशिक्षण में सुशासन, स्कूल विकास योजना और बुनियादी ढाँचे का प्रबंधन शामिल थे; और इन विषयों में अभिनव प्रथाओं से लेकर लगभग 75 केस अध्ययन बनाए गए थे। प्रत्येक केस अध्ययन में फोटोग्राफ और वीडियो पूरक रखे गए थे। प्रशिक्षण के लिए भी प्रतिभागियों को परीक्षण से गुजरना और एक छोटी सी परियोजना शुरू करने की आवश्यकता थी। पहले दौर में, 1000 प्रिंसिपलों को शामिल किया गया था, और दूसरे 1000 प्रिंसिपलों का दूसरा दौर जारी है। हर दिन, औसतन 227 उपयोगकर्ता थे, औसत ऑनलाइन उपस्थिति प्रति प्रतिभागी 24 मिनट थी - प्रतिभागी ऑफलाइन भी काम करते हैं। लगभग 55 प्रतिशत प्रिंसिपल मोबाइल का उपयोग करते हैं, और केवल 44 प्रतिशत ही स्कूल डेस्कटॉप कंप्यूटर का इस्तेमाल करते हैं; बाकी ने निजी टेब्लेट्स इस्तेमाल किए थे। कार्यक्रम का मूल्यांकन जारी है।

कार्यक्रम का मूल्यांकन एक डॉक्टरेट छात्र द्वारा किया जा रहा है।

एक तकनीक आधारित चर्चा मंच संचालित होता है, जिसमें से तीन प्रश्नों पर हर महीने चर्चा की जाती है।

स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण सामग्री तैयार की गई और समितियों को गुजरात के 100 गाँवों में स्वयं द्वारा कार्यान्वित नवाचार करने के लिए प्रेरित करने के लिए एक कार्रवाई अनुसंधान परियोजना तैयार की गई। इसके अलावा, पहले की गाँव शिक्षा समिति मॉडल में बदलाव की पहचान के लिए 150 स्कूल प्रबंधन समितियों का मूल्यांकन किया गया था। इन परियोजनाओं ने स्कूल प्रशासन के सदस्यों के बीच सकारात्मक निर्णय लेने की शैली पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक ठोस परियोजना का उपयोग करने के महत्व पर प्रकाश डाला, जो सदस्य साक्षरता के निम्न स्तर से हो सकते हैं।

महाविद्यालयों के इंटर्न की मदद से सरकारी विद्यालयों के लिए पूरक सामग्री का निर्माण करने के लिए एक सतत गतिविधि का विस्तार, कक्षा 6 से 8 के लिए विज्ञान और गणित में लगभग 3500 वीडियो की मुक्त पहुँच, और 2500 विज्ञान और गणित परियोजनाओं को विकसित किया गया है। 1 से 5 तक की कक्षाओं के छात्रों के लिए लगभग 1500 डिजिटल कहानियों को हिंदी, गुजराती और मराठी में तैयार किया गया है।

नवप्रवर्तन व्यवहार पर पूर्ववर्ती शोध को 350 सरकारी प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों के साथ पूरा किया गया। बच्चों के 'हरफनमौला' विकास में गैर-संज्ञानात्मक दक्षता की भूमिका का एक अध्ययन प्रगति पर है। इसके अलावा, एक डॉक्टरेट छात्र ने अहमदाबाद के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में गणित के अध्ययन में डिजिटल वीडियो के प्रभाव का अध्ययन किया।

आरजेएमसीईआई ने माध्यमिक विद्यालयों के प्रिंसिपल के लिए अपना सप्ताहभर के कार्यक्रम (एक प्रति वर्ष) को जारी रखा। देश के विभिन्न हिस्सों से 53 प्रिंसिपलो और स्कूल के अग्रणियों ने कार्यक्रम में भाग लिया। शिक्षा में उद्यमिता (पीजीपी) तथा एफडीपी और एफपीएम के लिए संचार संबंधी पाठ्यक्रमों पर एक वैकल्पिक पाठ्यक्रम भी पेश किया गया।

अनुशासनिक विषय-क्षेत्र

संस्थान में नौ अनुशासनिक क्षेत्र हैं : व्यापार नीति, संचार, अर्थशास्त्र, वित्त एवं लेखा, सूचना प्रणाली, विपणन, संगठनात्मक व्यवहार, कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध तथा उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके। कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम की पेशकश के अलावा, पीजीपी, पीजीपी-एफएबीएम, एफपीएम तथा पीजीपीएक्स में विभिन्न अनिवार्य एवं ऐच्छिक पाठ्यक्रम भी साथ में पेश किये जाते हैं।

1. व्यापार नीति

व्यापार नीति विषय-क्षेत्र के संकाय डिजाइन सोच, नवाचार, उद्यमशीलता, प्रतिस्पर्धी और कॉर्पोरेट रणनीति, नेतृत्व, व्यापार के कानूनी पहलू, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, विपुल डेटा प्रबंधन, ज्ञान प्रबंधन, बौद्धिक संपदा अधिकारों के प्रबंधन, प्रयोगात्मक विधियाँ और कार्रवाई अनुसंधान क्षेत्रों के शिक्षण और अनुसंधान में रुचि रखते हैं। शैक्षणिक वर्ष 2016-17 के दौरान, इस विषय-क्षेत्र ने पीजीपी-द्वितीय वर्ष के लिए तीन नए मुख्य पाठ्यक्रम पेश किए हैं:

- उद्यमशीलता की मानसिकता
- वैश्विक संगठनात्मक संदर्भ की समझ
- एकीकरण अनुभव

इस विषय-क्षेत्र के सदस्य संस्थान के विभिन्न लघु और दीर्घ अवधि कार्यक्रमों, सलाहकार सेवाओं, प्रकाशन और प्रशासनिक गतिविधियों के शिक्षण में सक्रिय रूप से शामिल थे। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेना जारी रखा। संस्थान के विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी का विवरण इस प्रका है।

पीजीपी

पाठ्यक्रम

अनिवार्य

इस विषय-क्षेत्र ने दो वर्षीय पीजीपी पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के लिए दो अनिवार्य पाठ्यक्रम, एक सामरिक प्रबंधन और एक व्यवसाय के कानूनी पहलू की पेशकश की गई।

ऐच्छिक

- व्यापार और बौद्धिक संपदा
- व्यापार कराधान
- व्यापार, सरकार और कानून
- क्षमता, सामर्थ्य और कॉर्पोरेट रणनीति
- अभिनव व्यावसायिक डिजाइन के लिए डिजाइन सोच
- डिजिटल उत्पाद और सेवा डिजाइन : ई-कॉमर्स एवं खुदरा बिक्री पर डिजाइन सोच परिप्रेक्ष्य
- रणनीति निर्धारण और निष्पादन की गतिशीलता
- सामरिक अर्थशास्त्र
- उद्यमशीलता और नई उद्यम योजना
- रणनीति परामर्श की नींव
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विवाद समाधान
- व्यावसायिक सेवा कंपनियों में नेतृत्व
- नेतृत्व : दूरदृष्टि, अर्थ, और वास्तविकता
- विविध संगठन प्रबंधन
- प्रबंधन में रहस्य
- प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तन का सामरिक प्रबंधन
- उभरते बाजारों में रणनीति

पीजीपीएक्स

- व्यवसाय अनुकार कार्य य कैपस्टोन
- निगम शासन प्रणाली
- डिजाइन सोच का परिचय
- व्यावसायिक सेवा कंपनियों में नेतृत्व
- नेतृत्व, आदर्श और नैतिकता
- व्यवसाय के कानूनी पहलू
- नई और छोटी कंपनियों का प्रबंधन

- विलय और अधिग्रहण
- सामरिक निष्पादन
- रणनीतिक प्रबंधन

एफपीएम

- कार्रवाई अनुसंधान प्रणालीविज्ञान में उन्नत संगोष्ठी
- उन्नत सामरिक प्रबंधन I एवं II
- सामरिक प्रबंधन पर मूल पाठ्यक्रम
- कॉर्पोरेट सुशासन
- सामरिक अर्थशास्त्र
- उद्यमिता
- अंतरराष्ट्रीय सामरिक प्रबंधन
- रणनीति और नवप्रवर्तन

इस विषय-क्षेत्र से एक एफ़पीएम छात्र ने फैलो कार्यक्रम पूरा किया और इस वर्ष स्नातक उपाधि प्राप्त की और फैलो कार्यक्रम में तीन नए छात्रों का नामांकन हुआ।

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- अनुबंध प्रबंधन
- पोषण नवप्रवर्तन के लिए डिजाइन सोच
- रणनीति निष्पादन का अनुशासन
- विदेश में व्यवसाय करना
- पारिवारिक व्यवसाय : संगठन, रणनीतियाँ, अंतरराष्ट्रीयकरण और उत्तराधिकारी
- नवप्रवर्तन, कॉर्पोरेट रणनीति और प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन
- ज्ञान प्रबंधन
- प्रमुख व्यावसायिक सेवा कंपनियाँ
- 21वीं सदी के लिए संगठनात्मक नेतृत्व
- विकास के लिए रणनीतियाँ
- परिवर्तनकारी नेतृत्व
- प्राधिकरण, संगठन, रणनीतियों और संबंधितता की राजनीति पर कार्य सम्मेलन
- युवा उद्यमी कार्यक्रम

एफडीपी

- प्रबंधन शिक्षा में केस विधि
- रणनीति निर्माण और कार्यान्वयन

अनुसंधान और प्रकाशन

सदस्यों की अनुसंधान में रुचि के विषयों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार रणनीति और प्रतिस्पर्धी रणनीतियाँ, नवाचार और उद्यमिता, बौद्धिक संपदा अधिकार, अंतर्राष्ट्रीयकरण, क्षमता विकास, और व्यापार के कानूनी पहलुओं से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। इस विषय-क्षेत्र के संकायों के लेख राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं तथा ब्राजील, अमेरिका, यूरोप और ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में आधारपत्र प्रस्तुत किए हैं।

2. संचार

पाठ्यक्रम

पीजीपी-एफ़एबीएम

अनिवार्य

- साक्षात्कार और प्रस्तुतियों पर कार्यशाला
- लिखित विश्लेषण और संचार I
- लिखित विश्लेषण और संचार II

ऐच्छिक

- कॉर्पोरेट प्रतिष्ठा का संचार
- टीम और नेतृत्व प्रभावशीलता के लिए संचार कौशल
- मुश्किल संचार
- अंतरसांस्कृतिक संचार क्षमता
- प्रबंधकीय संचार
- प्रबंधकीय संचार
- मीडिया और समाज : अर्थशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, नीतिशास्त्र, और समूह संचार की प्रौद्योगिकियाँ
- संगठनात्मक संचार
- प्रेरक संचार
- डिजिटल युग में सामरिक संचार
- अग्रणियों के लिए सामरिक वार्ता कौशल

पीजीपीएक्स

- प्रबंधन संचार (मूल विषय)

एफडीपी

- प्रबंधन शिक्षकों के लिए संचार

एफपीएम

- प्रबंधन शिक्षकों के लिए संचार

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- लोगों को साथ लेकर : धारणा द्वारा प्रबंधन
- जीतने की कगार

3. अर्थशास्त्र

पाठ्यक्रम

पीजीपी

अनिवार्य

- वृहत् अर्थशास्त्र एवं नीति
- सूक्ष्म अर्थशास्त्र

ऐच्छिक

- आर्थिक विकास नीति और वृद्धि
- खाद्य गुणवत्ता का अर्थशास्त्र
- खुशी का अर्थशास्त्र
- संगठन का अर्थशास्त्र
- रणनीति का अर्थशास्त्र
- कार्य प्रणाली और अनुप्रयोग
- पाँच शताब्दियों में व्यवसाय और अर्थशास्त्र के लिए हिचहाइकर की मार्गदर्शिका
- भारतीय अर्थव्यवस्था और वर्तमान समाज
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार : सिद्धांत और नीति
- प्रबंधकों के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्त के मुद्दे
- विकासशील देशों में श्रम बाजार
- भारत का वृहत् अर्थशास्त्र : एक अनुप्रयुक्त परिप्रेक्ष्य
- प्रबंधकीय अर्थमिति
- बड़े बदलाव
- मौद्रिक सिद्धांत और नीति
- वैश्विक संगठनात्मक संदर्भ की समझ - व्यवसाय नीति विषय-क्षेत्र के साथ संयुक्त पाठ्यक्रम
- विश्व अर्थव्यवस्था : व्यवसाय, सरकार और नीति

एफपीएम

अनिवार्य

- उन्नत सूक्ष्म अर्थशास्त्र
- अर्थमिति
- सूक्ष्म आर्थिक विश्लेषण

ऐच्छिक

- उन्नत डेटा विश्लेषण
- उन्नत वृहत् अर्थशास्त्र
- आर्थिक विकास और वृद्धि - (व्यवसाय नीति विषय-क्षेत्र के साथ संयुक्त पाठ्यक्रम)
- सार्वजनिक वित्त त सार्वजनिक प्रणाली समूह विषय-क्षेत्र के साथ संयुक्त पाठ्यक्रम
- टाइम्स श्रृंखला विश्लेषण (संयुक्त विषय-क्षेत्र पाठ्यक्रम)
- उन्नत वृहत् अर्थशास्त्र में विषय : पठन स्तर और नेटवर्क

पीजीपीएक्स

अनिवार्य

- कंपनियाँ और बाजार
- मुक्त अर्थव्यवस्था वृहत् अर्थशास्त्र

ऐच्छिक

- अंतरराष्ट्रीय अर्थशास्त्र और राजनीतिक माहौल
- वर्तमान समय में भारतीय अर्थव्यवस्था का वृहत् अर्थव्यवस्था निष्पादन

एफडीपी

- आर्थिक पर्यावरण और नीति

4. वित्त और लेखाकरण

पीजीपी

अनिवार्य

- कॉर्पोरेट वित्त
- लागत प्रबंधन एवं नियंत्रण प्रणालियाँ
- वित्तीय लेखा, रिपोर्टिंग एवं विश्लेषण
- वित्तीय बाज़ार

ऐच्छिक

- वैकल्पिक निवेश और बचाव निधि
- वित्तीय जोखिम प्रबंधन विश्लेषिकी*
- व्यावहारिक वित्त
- बिटकॉइन और ब्लॉकचेन*
- वित्तीय मॉडलिंग
- वित्तीय विवरण विश्लेषण*
- कंपनियों का वित्तपोषण
- नियत आय प्रतिभूति-दरें
- धोखाधड़ी जोखिम आकलन और सुशासन तंत्र
- वायदा, विकल्प व जोखिम प्रबंधन
- अंतर्राष्ट्रीय वित्त में समस्याएं
- वित्तीय संस्थानों का प्रबंधन
- विलय, अधिग्रहण, एवं कॉर्पोरेट पुनर्गठन
- सूक्ष्मवित्त प्रबंधन
- आधुनिक निवेश व पोर्टफोलियो प्रबंधन

- मूल्य निर्धारण और बचाव व्युत्पन्न प्रतिभूतियाँ
- स्थांतरित मूल्य निर्धारण के सिद्धांत
- प्रतिभूति विनियमन
- वित्त में प्रसंभाव्य कलन
- बैंकिंग का सामरिक परिदृश्य
- संरचित उत्पाद*
- व्यापार रणनीतियाँ
- कंपनियों का मूल्यांकन

*नए ऐच्छिक

एफपीएम

- परिसंपत्ति मूल्य निर्धारण (मुख्य)
- उभरते बाजारों में कॉर्पोरेट वित्तपोषण
- व्युत्पन्न मूल्य निर्धारण (मुख्य/ऐच्छिक)
- अनुभवजन्य परिसंपत्ति मूल्य निर्धारण (मुख्य/ऐच्छिक)
- लेखा परीक्षा और कॉर्पोरेट प्रशासन में अनुभवजन्य अनुसंधान (मुख्य/ऐच्छिक)
- गणितीय वित्त (ऐच्छिक)
- सार्वजनिक वित्त
- अनुभवजन्य लेखा अनुसंधान में संगोष्ठी पाठ्यक्रम (मुख्य/ऐच्छिक)
- कॉर्पोरेट वित्त में संगोष्ठी पाठ्यक्रम (मुख्य)
- व्यवहार वित्त में संगोष्ठी (वैकल्पिक)

पीजीपीएक्स

- कॉर्पोरेट वित्त (अनिवार्य)
- वित्त कार्यप्रणाली का प्रभावी प्रबंधन (वैकल्पिक)
- वित्तीय बाजार (अनिवार्य)
- वित्तीय रिपोर्टिंग और विश्लेषण (अनिवार्य)
- वित्तीय विवरण विश्लेषण (वैकल्पिक)
- अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन (वैकल्पिक)
- संगठनात्मक कार्यनिष्पादन के लिए प्रबंधन नियंत्रण और मैट्रिक्स (अनिवार्य)
- विलय और अधिग्रहण (अनिवार्य)
- सामरिक लागत प्रबंधन (अनिवार्य)

एफडीपी

- अनिवार्य वित्त पाठ्यक्रम
- अनिवार्य लेखाकरण पाठ्यक्रम
- वित्तीय लेखाकरण के मूल सिद्धांत, लागत लेखाकरण के मूल सिद्धांत, कॉरपोरेट वित्त के मूल सिद्धांत

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- उन्नत कॉर्पोरेट वित्त
- वाणिज्यिक और वित्तीय कौशल विकसित करना
- निवेश निर्णय और व्यवहार वित्त
- विलय, अधिग्रहण और पुनर्गठन
- व्यावहारिक मात्रात्मक वित्त
- एक अस्थिर व्यापार में योजना/मान्यता का मूल्यांकन
- सामरिक लागत प्रबंधन

अन्य विषय-क्षेत्रों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों में इस विषय-क्षेत्र के संकायों द्वारा पढाया गया और विभिन्न संस्थानों में परामर्श सेवाएँ प्रदान की गई।

अनुसंधान

वर्ष के दौरान इस विषय-क्षेत्र के संकाय सदस्यों द्वारा कई अनुसंधान परियोजनाएँ शुरू की गईं।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन :

इस विषय-क्षेत्र में दिसंबर 2016 के दौरान संस्थान में एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन न 'भारतीय वित्त सम्मेलन (आईएफ़सी)' आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन आईआईएमए, आईआईएमबी, आईआईएमसी के वित्त विषय-क्षेत्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया था।

इस विषय-क्षेत्र ने संस्थान में जनवरी 2017 के दौरान जर्नल ऑफ़ अकाउंटिंग, ऑडिटिंग एंड फाइनेंस (जेएएएफ़) और भारतीय व्यवसाय स्कूल के सहयोग में 'जेएएफ़ सिम्पोजियम' नामक एक लेखाकरण सिम्पोजियम का भी आयोजन किया।

5. मानव संसाधन प्रबंधन

क्षेत्र के सदस्यों ने संस्थान के सभी कार्यक्रमों (मुख्य, नम्य-मुख्य और वैकल्पिक पाठ्यक्रम) में शिक्षा दी। मानव संसाधन प्रबंधन से जुड़ी गतिविधियों के अलावा, क्षेत्रीय सदस्य एफ़पीएम/पीजीपीएक्स आयोजित पाठ्यक्रमों, व्यवसाय नीति तथा विपणन विषय-क्षेत्रों और सार्वजनिक प्रणाली समूह दवारा प्रस्तुत वैकल्पिक विषय-क्षेत्रों में भी पढ़ाने में संलग्न रहे। ये सदस्य विविध केंद्रों की अकादमिक तथा प्रशासनिक भूमिकाओं वाली दोनों प्रकार की गतिविधियों में भी शामिल रहे। इस विषय-क्षेत्र ने एफ़डीपी तथा एएफ़पी के प्रतिभागियों को भी मानव संसाधन प्रबंधन की शिक्षा प्रदान की।

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- उन्नत मानव संसाधन प्रबंधन
- आंतरिक प्रतिभा और नेतृत्व का विकास करना
- मानव संसाधन लेखा परीक्षा-सामरिक मा.सं.प्रबंधन के लिए आधार तैयार करना
- प्रबंधकीय प्रभावशीलता
- प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के लिए कार्यनिष्पादन प्रबंधन
- सामरिक मानव संसाधन प्रबंधन
- सामरिक पुनरभिविन्यास और संगठनात्मक परिवर्तन

इसके अलावा, विषय-क्षेत्र के संकायों ने अन्य विषय-क्षेत्रों के निम्नलिखित कार्यक्रमों को भी समन्वित किया :

- प्रोफ़ेसर बीजू वर्की द्वारा बिक्री बल प्रदर्शन सुधार (विपणन विषय-क्षेत्र)
- प्रोफ़ेसर राजेश चंदवानी द्वारा अस्पताल प्रबंधन (सीएमएचएस विषय-क्षेत्र)

अनुसंधान

इस विषय-क्षेत्र के संकायों ने अपनी रुचि के क्षेत्रों में केस लेखन, शिक्षण सामग्री विकास और अनुसंधान में योगदान दिया। ये सदस्य आईआईएमए में शोधकर्ताओं को सहयोग देते हुए अंतर अनुशासनात्मक बाहरी सहयोग के लिए अनुसंधान में और बाहर भी शामिल हैं। इस विषय-क्षेत्र के संकाय सदस्यों द्वारा संपादित / सह-संपादित केसों को वर्ष के दौरान आईआईएमए में पंजीकृत किया गया था। सदस्यों द्वारा संपादित (सह-संपादित) आधारपत्रों को राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में प्रस्तुत किया गया और सहकर्मी-समीक्षा पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए।

6. सूचना प्रणाली

पाठ्यक्रम

पीजीपी-1

अनिवार्य

- व्यवसाय के लिए सूचना प्रणालियाँ
- इंटरनेट प्रौद्योगिकी और व्यवसाय के लिए ई-कॉमर्स

पीजीपी-2

ऐच्छिक

- विशाल डेटा विश्लेषिकी
- ई-गवर्नेंस में परामर्शन : दृष्टि से कार्यान्वयन तक
- निर्णय निर्धारण के लिए डेटा दृश्यावलोकन
- विकास के लिए डिजिटल समावेशन
- इंटरनेट अर्थव्यवस्था के लिए रणनीतियाँ

इस विषय-क्षेत्र ने पीजीपी जनरल के साथ-साथ पीजीपी-एफएबीएम छात्रों के लिए भी तैयारी कार्यक्रम आयोजित किया।

एफडीपी

- डेटा संरचना और प्रोग्रामिंग
- डेटाबेस प्रबंधन प्रणालियाँ
- इंटरनेट के लिए उभरती रूपरेखाएँ और दूरसंचार नीति तथा विनियमन
- एफ़पीएम अभिविन्यास कार्यक्रम के दौरान एक्सल कार्यशाला
- सूचना प्रणालियों के लिए रूपरेखा
- अनिश्चितता के तहत बहु-मानदंड निर्णय निर्धारण के लिए ज्ञान प्रणालियाँ (वैकल्पिक)
- नेटवर्क और वितरित प्रणालियाँ
- सिस्टम विश्लेषण और डिजाइन

पीजीपीएक्स

- निर्णय निर्धारण के लिए डेटा दृश्यावलोकन
- सूचना प्रणालियों का सामरिक प्रबंधन

सशस्त्र बल कार्यक्रम

- सूचना प्रणाली मॉड्यूल
- प्रबंधकीय कम्प्यूटिंग
- प्रौद्योगिकी और प्रबंधन

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- आईटी परियोजनाओं का प्रबंधन
- सीआईओ (मुख्य सूचना अधिकारियों) के लिए सामरिक आईटी प्रबंधन
- नई पीढ़ी की उद्यम प्रणालियाँ : ईआरपी, सीआरएम, बीआई, और एससीएम
- दृश्य व्यापार आसूचना

एफ़डीपी

- प्रबंधन के लिए आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी)

7. विपणन

वर्ष 2016-17 में भी विपणन क्षेत्र ने संस्थान में शिक्षण, अनुसंधान, परामर्श गतिविधियों और शैक्षिक प्रशासन के प्रति महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रमुख प्रशिक्षुओं द्वारा अनुभवों को बाँटने के माध्यम से क्षेत्र के पाठ्यक्रम और कार्यक्रमों को बढ़ाया गया। उद्योग जगत के कई वरिष्ठ अधिकारियों ने इस विषय-क्षेत्र के विभिन्न पाठ्यक्रमों में अपने अनुभव साझा किए।

पाठ्यक्रम

अनिवार्य

- विपणन-1
- विपणन-2
- विपणन-3
- व्यवसाय अनुसंधान पद्धतियाँ

वैकल्पिक

- विज्ञापन और बिक्री संवर्धन प्रबंधन
- व्यवसाय से व्यवसाय तक विपणन
- उपभोक्ता व्यवहार
- ग्राहक आधारित व्यापार रणनीतियाँ
- नवप्रवर्तन, जीवंत
- अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश (संयुक्त रूप से अर्थशास्त्र क्षेत्र के साथ प्रस्तुत)
- उपभोक्ता मूल्य वितरण प्रबंधन
- लक्जरी व्यवसाय प्रबंधन
- सर्वग्राही खुदरा बिक्री प्रबंधन
- बाजार अनुसंधान और सूचना प्रणाली
- उच्च प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तन की दुनिया में विपणन प्रबंधन
- मोबाइल विपणन अनिवार्यताएँ
- तंत्रिका विज्ञान और उपभोक्ता व्यवहार
- मूल्य निर्धारण
- सांकेतिकता : मीडिया और ब्रांड संचार के लिए रणनीतियाँ
- रणनीतिक विपणन
- डिजिटल मार्केटिंग और ई-बिज़नेस के लिए रणनीतियाँ

एफपीएम

- विपणन में व्यवहारिक विज्ञान के अनुप्रयोग
- विपणन रणनीति
- विपणन सिद्धांत और समकालीन मुद्दे
- विपणन प्रबंधन में व्याख्या संगोष्ठी
- विपणन में मात्रात्मक मॉडलों पर संगोष्ठी

पीजीपीएक्स

- उपोभोक्ता मूल्य आकलन और सृजन
- उपभोक्ता मूल्य वितरण और प्रबंधन
- उच्च प्रौद्योगिकी और नवप्रवर्तन की दुनिया में विपणन प्रबंधन
- मूल्य निर्धारण
- उपभोक्ता व्यवसाय रणनीतियों पर संगोष्ठी
- विपणन डेटा विश्लेषिकी के तरीकों पर संगोष्ठी
- रणनीतिक विपणन
- डिजिटल विपणन, और ई-बिज़नेस के लिए रणनीतियाँ

एफडीपी

- विपणन और विपणन अनुसंधान में प्रयोगात्मक पद्धतियों के अनुप्रयोग
- निम्न स्तर तक के लिए व्यवसाय रणनीतियाँ
- विपणन का मुख्य पाठ्यक्रम
- विपणन विश्लेषिकी और उपभोक्ता प्रतिक्रिया मॉडलिंग
- तंत्रिका विज्ञान और उपभोक्ता व्यवहार

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- विपणन निर्णयों के लिए उन्नत डेटा विश्लेषण
- व्यवसाय से व्यवसाय तक विपणन
- ग्राहक संबंध प्रबंधन
- ब्रांडों का विकास और प्रबंधन
- बिक्री बल प्रदर्शन सुधार
- विकास के लिए नवप्रवर्तन
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार
- लाभ के लिए मूल्य निर्धारण

विषय-क्षेत्रीय संकाय अन्य क्षेत्रों द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल रहे और विभिन्न संस्थानों को परामर्श सेवाएँ प्रदान की।

विषय-क्षेत्र का सम्मेलन

विपणन विषय-क्षेत्र ने 11-13 जनवरी, 2017 के दौरान विपणन में उभरती अर्थव्यवस्थाएँ विषय पर 7वें आईआईएमए सम्मेलन का आयोजन किया। यह सम्मेलन भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद द्वारा आयोजित किया गया है और प्रोफेसर लब्धि आर. भंडारी मेमोरियल फंड द्वारा प्रायोजित किया गया है। श्री आर. एस. सोढी, प्रबंध निदेशक, जीसीएमएमएफ (अमूल), आणंद इस सम्मेलन के उद्घाटन में मुख्य अतिथि थे। आइवी बिजनेस स्कूल के डॉ. निरज डावर, विपणन के प्रोफेसर, समापन समारोह के मुख्य अतिथि रहे थे।

विपणन में उभरती अर्थव्यवस्थाएँ विषय पर 8वाँ आईआईएमए सम्मेलन जनवरी 2019 के दौरान निर्धारित किया गया है।

अनुसंधान और संगोष्ठी

इस विषय-क्षेत्र के सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर अनुसंधान किए। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं / पुस्तकों और कई प्रकाशित पत्रों में प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने निष्कर्षों को साझा किया तथा सम्मेलनों और कार्यशालाओं में प्रस्तुतियाँ दी। अनुसंधान का ध्यान उपभोक्ता व्यवहार, ब्रांडिंग, विज्ञापन, बिक्री संवर्धन, खुदरा बिक्री, सूचना उत्पादों और सेवाओं, पिरामिड तल, और सेवा केंद्रित रणनीति जैसे विषयों में केंद्रित था। इन पद्धतिशास्त्रों में दोनों - गुणात्मक और उन्नत मात्रात्मक तकनीकें शामिल थीं।

अनुसंधान परियोजनाएँ

वर्ष 2016-17 के दौरान विषय-क्षेत्रीय संकायों द्वारा निम्नलिखित तीन परियोजनाएँ शुरू की गई :

- विज्ञापन में अंतर-सांस्कृतिक विषय सामग्री विश्लेषण अध्ययन (प्रोफेसर अभिषेक द्वारा शुरू की गई और पूरी की गई मूलधन परियोजना)
- उभरते बाजारों में बदलने वाले नवाचारों के समर्थकों की पहचान करना (प्रोफेसर आनंद कुमार जायसवाल द्वारा अनुसंधान परियोजना)
- अभिभावकीय शैली के प्रति पूर्वपद के रूप में अभिभावक एलओसी (प्रोफेसर अक्षय विजयालक्ष्मी द्वारा मूलधन परियोजना)

परामर्शन और स्वनिर्धारित कार्यक्रम

विषय-क्षेत्र के सदस्यों ने सात संगठनों को परामर्श सेवाएँ प्रदान की और सात संगठनों के अधिकारियों के लिए अनुकूलित कार्यक्रमों की पेशकश की। परामर्श कार्यों में ग्राहक मूल्य की समझ और स्थापन, व्यवसाय विकास, नेतृत्व कौशल, ब्रांड प्रबंधन, रणनीतिक योजनाओं का निर्माण, सामरिक कार्यान्वयन योजना विकसित करने और खुदरा बिक्री रणनीति के लिए कार्यान्वयन योजना जैसे विषय शामिल थे। संगठनों के मध्य और वरिष्ठ स्तर के प्रबंधकों के लिए सात अनुकूलित कार्यक्रम पेश किए गए।

8. संगठनात्मक व्यवहार

पाठ्यक्रम

अनिवार्य

पीजीपी

- प्रेरण 1 और 2
- लोगों और संगठनों की समझ-1
- लोगों और संगठनों की समझ-2

ऐच्छिक

पीजीपी-2

- संगठनात्मक परिवर्तन का सह-सृजन
- समकालीन भारतीय कार्यस्थल
- उद्यमी मानसिकता (अनिवार्य)
- भूमिकाओं और पहचान में अन्वेषण
- उच्च प्रदर्शक टीमें : एक यात्रा
- कॉर्पोरेट सामाजिक गैर-जिम्मेदारियों की जाँच
- संगठनों में जटिल गतिशीलता का प्रबंधन (अनिवार्य)
- संगठनों में सत्ता और राजनीति
- प्रतिभा प्रबंधन
- कार्यस्थल पर सृजनात्मक स्व-पहचान

पीजीपीएक्स

- प्रेरण
- नेतृत्व कौशल : कार्यशाला
- संगठन व्यवहार
- प्रदर्शन के लिए संभावना : आत्म-जागरूकता की यात्रा

एफपीएम

- संगठनात्मक परिवर्तन पर बातचीत में एक यात्रा
- उन्नत लघु संगठनात्मक व्यवहार
- मात्रात्मक सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में उन्नत विषय
- सूक्ष्म संगठनात्मक व्यवहार की मूल बातें (एफपीएम-1 विषय-क्षेत्र का अनिवार्य पाठ्यक्रम)
- संगठनात्मक व्यवहार में श्रेष्ठतम और परिप्रेक्ष्य
- अनुसंधान का क्राफ्टिंग और प्रकाशन
- गुणात्मक अनुसंधान के तरीके : डेटा एकत्रीकरण और विश्लेषण
- संगठनात्मक संरचना और प्रक्रियाएँ
- संगठनात्मक सिद्धांत और उसका सामाजिक संदर्भ
- मनोविज्ञान (एफपीएम-1 का अनिवार्य पाठ्यक्रम)
- मात्रात्मक तरीके और विश्लेषण

एफडीपी

- संगठनात्मक व्यवहार की समझ
- उन्नत संगठनात्मक व्यवहार
- उन्नत बहुविध विश्लेषण
- प्रबंधन के लिए गुणात्मक शोध

कई क्षेत्रीय संकाय सदस्यों ने इस अवधि के दौरान विभिन्न संगठनों

में कई कंपनी के अनुकूलित कार्यक्रमों और अन्य व्यावसायिक परामर्श सेवाएँ भी पेश की।

9. उत्पादन एवं मात्रात्मक तरीके

पाठ्यक्रम

पीजीपी

अनिवार्य

- निर्णय विश्लेषण
- नम्य-मूल - विनिर्माण संचालन प्रबंधन
- नम्य-मूल - सेवा संचालन प्रबंधन
- संचालन प्रबंधन 1 एवं 2
- संभावना एवं सांख्यिकी 1 एवं 2

ऐच्छिक

- डेटा विश्लेषण के उन्नत तरीके
- डेटा विश्लेषण की बेयसियन पद्धति
- धीमी और तीव्र : प्रणालियाँ, रणनीति, तथा बाधाएँ
- व्यवसायकर्मी के लिए पूर्वानुमान तकनीक
- संगठनात्मक व्यवहार के प्रबंधकीय अनुप्रयोग
- संचालन रणनीति
- डेटा विश्लेषण में सांख्यिकीय तरीके
- निर्णय लेने की कला और शिल्प
- परियोजनाएँ क्यों असफल होती हैं? अनिश्चितता, जटिलता और परियोजनाओं में जोखिम

पीजीपी-एफ़एबीएम

- खाद्य आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन

पीजीपीएक्स

- डेटा विश्लेषण
- व्यावसायिक विश्लेषिकी
- मांग-पूर्ति के लिए परिचालनों की डिजाइनिंग
- धीमी और तीव्र : प्रणालियाँ, रणनीति, तथा बाधाएँ
- रसद प्रबंधन
- निर्णय के लिए मॉडलिंग
- गुणवत्ता प्रबंधन
- सेवा स्तरों की स्थापना एवं वितरण
- आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन

एफपीएम

- प्रबंधन में उन्नत संभावना
- व्यवसाय अनुसंधान के लिए बेयसियन पद्धति
- खंडित अनुकूलन
- गाणितीय प्रोग्रामिंग का परिचय
- बड़े पैमाने पर अनुकूलन
- ह्यूरिस्टिक्स के साथ समस्या हल
- कतारबद्ध मॉडल
- वास्तविक विश्लेषण
- संचालन प्रबंधन-1 में संगोष्ठी
- संचालन प्रबंधन-2 में संगोष्ठी
- प्रबंधन अनुसंधान में प्रयुक्त सांख्यिकीय तरीके का सर्वेक्षण
- प्रणाली विश्लेषण और अनुकार
- समय श्रृंखला विश्लेषण

एफडीपी

- संचालन प्रबंधन
- सांख्यिकी विश्लेषण

अनुसंधान

प्रौद्योगिकी प्रबंधन, प्रौद्योगिकी आधारित नवप्रवर्तन, विनिर्माण, निर्णय समर्थन प्रणाली, रसद, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, सुविधा स्थान, राजस्व प्रबंधन, अनुकूलन, प्रसंभाव्य बेहतरी, बड़े पैमाने पर अनुकूलन, नेटवर्क अनुकूलन और बड़ी स्वतः शोध प्रणालियाँ, नेटवर्क विश्वसनीयता, संचालन मार्केटिंग इंटरफ़ेस में खेल सैद्धांतिक मॉडल, वित्त में सांख्यिकीय मॉडलिंग, विरल डेटा का विश्लेषण, सर्वेक्षण पद्धति और सांख्यिकीय निष्कर्ष ऐसे विषय-क्षेत्र हैं जहाँ क्षेत्रीय संकायों ने प्रकाशनों के माध्यम से योगदान दिया है।

कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम

- प्रबंधन में उन्नत विश्लेषिकी
- उन्नत गुणवत्ता प्रबंधन
- निर्णय निर्धारण में कला और शिल्प
- अत्याधुनिक विश्लेषिकी
- संचालन के मूलतत्व
- रसद प्रबंधन
- विनिर्माण रणनीति
- परियोजना प्रबंधन
- रेस्तरां प्रबंधन
- जोखिम : मॉडलिंग और प्रबंधन
- सामरिक विश्लेषिकी : मात्रात्मक डेटा विश्लेषिकी और व्यवसाय तथा विपणन में उसके अनुप्रयोगों पर कार्यक्रम
- आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन
- विनिर्माण पर शीर्ष प्रबंधन कार्यशाला
- परियोजनाओं में अनिश्चितता, जटिलता और जोखिम
- गोदाम डिजाइन और प्रबंधन

पूर्वछात्र गतिविधियाँ

भारतीय प्रबंध संस्थान अहमदाबाद पूर्वछात्र संघ (आईआईएमएएए)

आंतरिक चर्चाओं और पूर्वछात्र चैप्टरों से मिले आदानों के आधार पर, आईआईएमएएए का संविधान संशोधित किया गया है। इसके नए संविधान में, संघ द्वारा किए जाने वाले कार्यों का दायरा बढ़ाया गया है। इसमें अब एक दो स्तरीय संरचना होगी। वैश्विक पूर्वछात्र परिषद (जीएसी) की सर्वोच्च संस्था का गठन होगा, जबकि चैप्टर औपचारिक संस्थाएं रहेंगी जो विभिन्न भौगोलिक स्थानों में पूर्वछात्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं। वैश्विक पूर्वछात्र परिषद के माध्यम से यह संघ भारत, और विदेशों में चैप्टरों का आरंभ, रखरखाव, मार्गदर्शन और सशक्त करेगा। वैश्विक पूर्वछात्र परिषद किसी चैप्टर की स्वीकार्यता/अस्वीकार्यता को भी तय करेगा। चैप्टर अपनी स्वयं की कार्यकारी समितियों के माध्यम से चुनाव और संचालन करेंगे। यदि कम से कम 25 पूर्वछात्र हैं तो, एक स्थानीय चैप्टर औपचारिक रूप से प्रारंभ किया जा सकता है।

पूर्वछात्र सदस्यता

संस्थान में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों के प्रतिभागियों से मिलकर नए सदस्य जोड़े जाते हैं। वर्ष 2016-17 के दौरान, सदस्यता शुल्क में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 59.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है (2015-16 के दौरान 71.62 लाख रुपये और 2016-17 के दौरान 114.24 लाख रुपये)।

आईआईएमए आल्यूम्नस

आल्यूम्नस पत्रिका को वर्ष में तीन बार जून, अक्टूबर और फरवरी में प्रकाशित किया जाता है। आल्यूम्नस को प्रकाशित करने के लिए उसकी लागत के एक हिस्से को वसूलने के लिए विज्ञापन राजस्व उत्पन्न करते हैं। वर्ष 2016-17 के दौरान 13.79 लाख रुपये की राशि उत्पन्न हुई थी।

पुनर्मिलन

रजत जयंती पुनर्मिलन

वर्ष 1992 (1990-1992) के स्नातक बैच का रजत जयंती पुनर्मिलन 23 से 25 दिसंबर, 2016 के दौरान आयोजित किया गया था। लगभग 120 से अधिक पूर्वछात्रों ने अपने परिवार के साथ इस मिलन समारोह में भाग लिया। यह पुनर्मिलन मज़ेदार, मनोरंजक और दोस्ती के नवीनीकरण से भरा हुआ था। पुनर्मिलन के दौरान, बैच को पढ़ाने वाले संकाय सदस्यों को सम्मानित किया गया।

स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन

सन् 1967 के स्नातक बैच (1965-1967) का स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन 27 से 29 दिसंबर, 2017 के दौरान आयोजित किया गया। लगभग 30 से अधिक पूर्वछात्रों ने अपने परिवार के साथ इस मिलन समारोह में भाग लिया था। यह पुनर्मिलन मज़ेदार,

मनोरंजक और दोस्ती के नवीनीकरण से भरा हुआ था। पुनर्मिलन के दौरान, 1967-बैच को पढ़ाने वाले संकाय सदस्यों को सम्मानित किया गया।

अन्य पुनर्मिलन

रजत जयंती और स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन के अलावा, निम्नलिखित पुनर्मिलनों का आयोजन किया गया :

संस्थान में पुनर्मिलन					
कक्षा	बैच	पुनर्मिलन	तारीख		पूर्वछात्रों की संख्या
			से	तक	
एफ पी एम	1974-2016	संयुक्त	12.12.2016	03.12.2016	54
पीजीपी-एफ़एबीएम	1971-2016	संयुक्त	07.01.2017	08.01.2017	50
पीजीपीएक्स	2006-2007	10 साल	23.12.2016	25.12.2016	15
2006 की पीजीपी कक्षा	2004-2006	10 साल	16.12.2016	18.12.2016	100
2001 की पीजीपी कक्षा	1999-2001	15 साल	16.12.2016	18.12.2016	70
1996 की पीजीपी कक्षा	1994-1996	20 साल	30.12.2016	01.01.2017	50
1987 की पीजीपी कक्षा	1985-1987	30 साल	09.12.2016	11.12.2016	65
गोवा में पुनर्मिलन					
1982 की पीजीपी कक्षा	1980-1982	35 साल	16.12.2016	18.12.2016	20
1976 की पीजीपी कक्षा	1974-1976	40 साल	09.12.2016	11.12.2016	93
1977 की पीजीपी कक्षा	1975-1977	40 साल	10.02.2017	11.02.2017	60

स्वर्ण जयंती दीक्षांत समारोह : तीसरे बैच (1968) की उपस्थिति

पीजीपी (2015-17) का 52वाँ बैच 25 मार्च, 2017 को स्नातक हुआ। संस्थान ने स्वर्ण जयंती दीक्षांत समारोह में दूसरे पीजीपी बैच (पीजीपी 1967) को आमंत्रित किया था। इसे एक परंपरा बनाते हुए संस्थान ने दीक्षांत समारोह के लिए तीसरे पीजीपी बैच (पीजीपी 1968) को आमंत्रित किया। पीजीपी 1968 से तेईस पूर्वछात्रों ने इस समारोह में भाग लिया। उन्होंने 24 मार्च 2017 को दीक्षांत समारोह के अवसर पर छात्रों को शैक्षिक और अन्य प्रदर्शनों के लिए पुरस्कार प्रदान किए। 1968 का बैच 52वें दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनकर अति प्रसन्न हुआ। दीक्षांत समारोह के साथ, 1968 बैच ने 24 से 26 मार्च, 2017 के दौरान स्वर्ण जयंती पुनर्मिलन का आयोजन किया।

पूर्वछात्र शैक्षणिक संबंध

कई वैकल्पिक पाठ्यक्रम / अतिथि व्याख्यान पूर्वछात्रों द्वारा पढ़ाये गए थे। इनके विवरण नीचे दिए गए हैं :

पूर्वछात्र	बैच	अतिथि व्याख्यान
अजय श्रीनिवासन	पीजीपी 1987	पीजीपीएक्स वक्ता श्रृंखला
अजय श्रीनिवासन	पीजीपी 1987	नेतृत्व चर्चा सत्र
अनिल कुमार शर्मा	पीजीपी 1990	वक्ता सत्र
गीता गोयल	पीजीपी 1995	वक्ता श्रृंखला
हेमंत गावले	पीजीपी 2011	विपणन वक्ता श्रृंखला
जॉन सी. कैमिलस	पीजीपी 1968	अनुसंधान संगोष्ठी
कमल कांत कोठारी	पीजीपी 1972	वक्ता श्रृंखला
कार्तिकेय मिश्रा	पीजीपी 2006	नवप्रवर्तन वार्ता
नरेश खत्री	पीजीपी 1984	अनुसंधान संगोष्ठी
पार्थ एस. मोहनराम	पीजीपी 1992	अनुसंधान संगोष्ठी
प्रदीप भार्गव	पीजीपी 1971	वक्ता श्रृंखला
प्रदीप के. जयसिंह	पीजीपी 1989	आईआईएमए-सीएमएचएस संगोष्ठी
प्रसाद एम.	पीजीपी 1989	आईआईएमएएएएसी अध्ययन मंडल मिलन
रघुनंदन जी.	पीजीपी 2007	वक्ता सत्र
राजशेखर रेड्डी सीलम	पीजीपी 1988	वक्ता सत्र
राजदीप एनडो	पीजीपी 1998	पीजीपीएक्स वक्ता श्रृंखला
राजसिंह ढाल	पीजीपी 1991	वक्ता श्रृंखला
राम के. नारायण	एमडीपी 2002	आईआईएमए-सीएमएचएस संगोष्ठी
संजीव भिकचंदानी	पीजीपी 1989	वक्ता सत्र
संतोष देसाई	पीजीपी 1985	आला वक्ता श्रृंखला
शंकर कृष्णन	पीजीपी 1994	पीजीपीएक्स वक्ता श्रृंखला
सिद्धि करनानी	पीजीपी एबीएम 2011	पीजीपी के लिए व्याख्यान
सुशील झंगियानी	पीजीपी 1991	वक्ता श्रृंखला
विक्रम पठानिया	पीजीपी 1996	अनुसंधान संगोष्ठी
विक्रम सम्पत	पीजीपी 1991	वक्ता श्रृंखला
विपिन सोंधी	पीजीपी 1984	पीजीपीएक्स वक्ता श्रृंखला
यशिश दहिया	पीजीपी 1996	वक्ता सत्र

पूर्वछात्र पहचान पत्र

इस वर्ष के दौरान 940 पहचान पत्र जारी किए गए थे।

लिंक्डइन पहल

अपने पूर्वछात्रों को कैरियर समर्थन के तरीके प्रदान करने की एक पहल में, संस्थान ने दो समूहों को स्थापित करने के लिए लिंक्डइन के साथ हाथ मिलाया है : (क) **आईआईएमए पूर्वछात्र समूह**, इसमें दीक्षांत समारोह के माध्यम से स्नातक सभी दीर्घकालिक पूर्वछात्र शामिल हैं। इस समूह में 4560 पूर्वछात्र हैं। स्थानन कार्यालय इस समूह में भर्तीकर्ता-उपसमूह का हिस्सा बनने के लिए नियोक्ताओं को आमंत्रित करता है; और (ख) **आईआईएमए कार्यकारी शिक्षा पूर्वछात्र समूह**, इस समूह में अल्पकालिक कार्यक्रम के पूर्वछात्र शामिल हैं। इस समूह में 700 सदस्य हैं। इस समूह के लिए स्थानन सेवाएँ उपलब्ध नहीं हैं, संस्थान की नीति के अनुसार केवल दीक्षांत समारोह के माध्यम से स्नातक होने वालों को ही स्थानन सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। इस पहल के पीछे का उद्देश्य छात्रों को साथियों के साथ नेटवर्क में सुविधा देकर एक ऐसे बुनियादी सुविधा का निर्माण करना है जिससे नियोक्ताओं को पूर्वछात्रों के साथ बातचीत करने की मिलेगी। नियोक्ताओं के लिए, मध्यम स्तर से लेकर वरिष्ठ स्तर तक की नियुक्तियों हेतु जानकारी खोजने की कम लागत का लाभ शामिल है। पूर्वछात्रों के लिए, केवल मातृसंस्था एवं बैच साथियों से जुड़े रहना ही नहीं अपितु मध्यम कैरियर में बदलाव के लिए संभावित नियोक्ताओं से जुड़ना शामिल है। वर्तमान छात्रों के लाभ में, वरिष्ठों तक पहुँच बनती है और कैरियर विशेष चर्चा बोर्ड में भाग लेने का लाभ मिलता है। संस्थान के लाभ में, लगातार पूर्वछात्रों के कैरियर में प्रगति की जानकारी मिलती रहती है और एक बार की परिसर स्थानन सेवा के साथ-साथ जीवन भर उनके कैरियर में समर्थन और पूर्वछात्रों से संपर्क बनाए रखने के दोहरे उद्देश्य शामिल हैं।

पूर्वछात्रों से कोष

अपनी व्यक्तिगत क्षमता के अनुरूप पूर्वछात्र, बैच के हिस्से के रूप में, और उनके संगठन / कॉर्पोरेट जुड़ाव (सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से) के माध्यम से मातृसंस्था में योगदान की सुविधा प्रदान करते हैं। वर्ष 2016-17 के दौरान इसने 21.76 करोड़ रुपये का वित्त पोषण करने में मदद की है। हेरिटेज कैंपस में कक्षा-4 के संरक्षण / मरम्मत और उन्नयन के समर्थन के लिए 1992 के रजत जयंती पुनर्मिलन बैच द्वारा 2.5 करोड़ रूपए का बड़ा योगदान; आईएमडीसी में कक्षा-2 के उन्नयन और रखरखाव को समर्थित करने के लिए रघुनंदन और अप्रमेय द्वारा 5 करोड़ रुपये का योगदान; विक्रम साराभाई पुस्तकालय की मरम्मत और उन्नयन के लिए टीसीएस फाउंडेशन द्वारा 20 करोड़ रुपए का समर्थन मिला है।

पूर्वछात्रों की तरफ से व्यक्तिगत योगदान		(भारतीय रुपयों में)
पूर्वछात्र (इन्होंने अनाम रहना पसंद किया है)		50,000,000
आलोक मिश्रा	1983	500,000
अप्रमेय राधाकृष्ण (सह-संस्थापक टैक्सीफ़ॉरश्योर)	2007	10,000,000
दीप कालरा, मेकमायट्रीप (इंडिया) प्रा. लिमिटेड	1992	1000000
मदन मोहनका, तेग इंडस्ट्रीज	1967	1,800,000
रघुनंदन जी. (सह-संस्थापक - टैक्सीफ़ॉरश्योर)	2007	10,000,000
दीपक गुप्ता	1985	650,000
		73,950,000
बैच समन्वय द्वारा समर्थित व्यक्तिगत योगदान		
अपूर्व शाह	1987	500,000
गिरीधर संजीवी	1987	500,000
माणेक एन. दारुवाला	1987	500,000
रूपम अस्थाना	1987	500,000
सुमित मल्होत्रा	1987	500,000
उमेश शाहरा (कुमाऊं प्रबंधन और सॉफ्टवेयर कंसल्टेंट्स)	1987	500,000
गोपालकृष्णन शंकर	1987	600,000
अजय श्रीनिवासन और मोहीना श्रीनिवासन (खुराना)	1987	700,000
जी.एस. सुंदरराजन	1987	1000000
सुब्रमण्यम नारायणन	1987	1000000
प्रभात अग्रवाल	1991	500,000
किरण कुमार	1991	600,000
अजय टंडन	1992	500,000
अंबाती वेणु	1992	500,000
जयदीप लक्ष्मीनारायणन	1992	500,000
मनीष कोठारी	1992	500,000
राजू शुक्ला	1992	500,000
रानोदेब राय (तुरिया द्वितीय)	1992	500,000
वरुण कपूर	1992	500,000
राजीव रैना	1992	500,024
कौशिक रॉयचौधरी	1992	660,000
अशोक वेमुरी	1992	678,000
दीप कालरा	1992	1000000
मोनिश के. ताहिलरमानी	1992	1000000
रिद्धि महेंद्र शाह	1992	1000000
संजीव छाबड़ा	1992	1000000
श्रीराम के. एस.	1992	1000000
चेतन शाह	1992	1,500,000
पुलक चंदन प्रसाद	1992	2,000,000
रिनो राज	1996	500,000
संजय कुमार गरोडिया	1996	500,000
शंकर वेंकटराव मरुवडा	1996	500,000
साई सुरेश जोशी	1996	600,000
ए.एन. शेषाद्री और श्रीदेवी रामास्वामी	2001	500,000
निखिल साहनी	2001	500,000
सिकोइया कैपिटल इंडिया एडवाइजर्स प्रा.लि. (श्री वी.टी. भारद्वाज द्वारा किए गए योगदान के समान)	2001	500,000
ओमिड्यार नेटवर्क इंडिया एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड (कर्मचारी उपहार मिलान कार्यक्रम : सिद्धार्थ नौटियाल)	2001	878,657
आनंद श्रीधरन	2001	10,00,000
वी.टी. भारद्वाज	2001	10,00,000
		27,716,681
कॉर्पोरेट्स के माध्यम से योगदान		
हुरिक्स सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड		1,000,000
इंडिया इन्फोलाइन फाइनेंस लिमिटेड		10,000,000
टीसीएस फाउंडेशन		50,000,000
रसेश कनकिया, कनकिया स्पेसेज रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड		1,350,000
एसएपी इंडिया		3,000,000
श्री रामकृष्ण ज्ञान फाउंडेशन		3,200,000
श्री रामकृष्ण ज्ञान फाउंडेशन		15,000,000
		83,550,000
कुल योग		**185,216,681**

छात्रवृत्तियाँ और पुरस्कार

वर्ष के दौरान निम्नलिखित छात्रवृत्तियाँ / पुरस्कार दिए गए :

मार्टी मन्नारिया गुरुनाथ उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार

प्रोफेसर मार्टी सुब्रह्मणियम (पीजीपी 1967-69) द्वारा श्री मार्टी मन्नारिया गुरुनाथ की स्मृति में 50,000/- रुपए का यह पुरस्कार स्थापित किया गया है। यह पुरस्कार एक संकाय सदस्य को दिया जाता है जिसने उस दीक्षांत समारोह में पीजीपी के स्नातक को पढ़ाया है। इस साल यह पुरस्कार प्रोफेसर सरल मुखर्जी को दिया गया।

आईआईएमए पूर्वछात्र वीवीएफ़ उत्कृष्ट शोधकर्ता पुरस्कार

यह पुरस्कार विद्या वर्धिनी शिक्षा प्रतिष्ठान द्वारा स्थापित किया गया है, जो पूर्वछात्रों द्वारा संचालित सैक्शन 25 कंपनी नाम से जाना जाता है। यह पुरस्कार दो संकाय सदस्यों को उनके निरंतर अनुसंधान योगदान और / या सबसे अलग प्रकृति के महत्वपूर्ण अनुसंधान के लिए दिया जाता है। प्रोफ़ेसर अर्नेस्टो नोरोन्हा और प्रोफेसर प्रेमिला डी'क्रूज प्रत्येक के लिए 2,00,000 रुपये का यह पुरस्कार दिया गया था।

फिलिप थॉमस मेमोरियल रणनीति-सार्वजनिक प्रणाली केस पुरस्कार

यह पुरस्कार प्रोफेसर ऋशिकेश टी. कृष्णन (एफ़पीएम 1996) द्वारा श्री फिलिप थॉमस (पीजीपी-1966) की स्मृति में स्थापित किया गया है। प्रति वर्ष यह पुरस्कार रणनीति/व्यवसाय नीति तथा सार्वजनिक प्रणाली क्षेत्र के केस लेखक(कों) को दिया जाता है। इस वर्ष प्रत्येक को 25,000 रुपये का यह पुरस्कार प्रोफेसर जयंत आर. वर्मा और प्रोफेसर जोशी जेकब को दिया गया।

श्री जी. सी. मित्तल उद्यमशीलता सहायता

अंकित मित्तल (पीजीपी 2005) द्वारा स्थापित 2,00,000 रुपए की यह सहायता उन स्नातक छात्रों के लिए है जो स्थानन प्रक्रिया से बाहर रहकर अपना उद्यम स्थापित करना चाहते हैं। दीपक मोहन (पीजीपी-2017) ने 2,00,000 रुपये की यह सहायता पुरस्कार के रूप में प्राप्त की।

उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार

यह श्री सुनील चैनानी (पीजीपी 1980) द्वारा स्थापित 50,000/- रुपए की राशि संस्थान के एक छात्र को छात्रकाल के दौरान खेल में सर्वांगीण प्रदर्शन को पहचान दिलाने के लिए दी जाती है। शैलेश मोहन (2017) और रिनिथा ए. (2017) दोनों को प्रत्येक के लिए 25,000 रुपये की राशि उत्कृष्ट खिलाड़ी पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई।

श्रीमती जे. नगम्मा स्मृति पुरस्कार

श्री प्रमोद कुंजु (पीजीपी 1999) द्वारा स्थापित यह 15,000/- रुपए की यह पुरस्कार राशि उत्कृष्ट अकादमिक प्रदर्शन करने वाले पीजीपी छात्र को प्रथम वर्ष समाप्त होने पर दी जाती है। यह पुरस्कार श्री सिद्धार्थ डागा को मिला।

श्रीमती शारदा भंडारी और श्री पी. के. रथ छात्रवृत्तियाँ

श्रीमती शारदा भंडारी एवं श्री पी.के. रथ, जो उच्चतर शिक्षा के अधिवक्ता थे उनकी स्मृति में श्री समीर भंडारी (पीजीपी 1989) द्वारा स्थापित यह छात्रवृत्ति पीजीपी द्वितीय वर्ष के छात्रों के लिए है। इस वर्ष श्री सम्यक डागा (पीजीपी-2017) को 1,00,000 रुपए की यह छात्रवृत्ति दी गई।

रितु बंगा उद्योग छात्रवृत्ति

यह छात्रवृत्ति सुश्री रितु बंगा (पीजीपी 1981) द्वारा पाँच वर्ष के लिए स्थापित की गई है। श्री आशीष खुल्लर (पीजीपी-2017) ने 1,00,000 रुपये की इस छात्रवृत्ति को प्राप्त किया।

अजय बंगा उद्योग छात्रवृत्ति

यह छात्रवृत्ति पाँच वर्ष के लिए श्री अजय बंगा (पीजीपी 1981) द्वारा स्थापित की गई है। श्री आकाश गुप्ता (पीजीपी 2017) ने 1,00,000 रुपये की इस छात्रवृत्ति को प्राप्त किया।

एसआरके पुरस्कार

यह पीजीपीएक्स संकाय पुरस्कार श्री रामकृष्ण एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा स्थापित किया गया है। इस वर्ष प्रोफेसर सरल मुखर्जी को यह पुरस्कार प्रदान किया गया था।

मदन मोहनका अनुसंधान प्रकाशन पुरस्कार

यह संकाय पुरस्कार तेग इंडस्ट्रीज के श्री मदन मोहनका (पीजीपी-1967) द्वारा स्थापित किया गया है। प्रोफेसर अमित कर्णा इस पुरस्कार के प्राप्तकर्ता थे।

स्मारिका वस्तुएँ

पूर्वछात्रों की स्मारिका वस्तुओं में टी-शर्ट्स, सिल्क टाई, वॉल हैंगिंग, ब्रास प्लेट, सुंदर डिज़ाइनर कॉफ़ी मग, चाय कप सेट, एलकेपी की सफेद धातु की रचना इत्यादि शामिल हैं। वर्ष 2016-17 के दौरान, इन स्मारिका वस्तुओं की बिक्री से 2,50,000 रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था।

शाखा सभा गतिविधियाँ

इस वर्ष के दौरान अहमदाबाद, मुंबई, बैंगलोर, चेन्नई, हैदराबाद, दिल्ली, ओमान, पुणे, सिंगापुर, अमरीका और लंदन आदि स्थानों पर स्थित शाखाओं ने विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की।

इसके विवरण **परिशिष्ट-ठ** में दिए गए हैं।

संचार, जन संपर्क एवं डिजिटल विपणन

सामान्य बिन्दु

- आईआईएमए वेबसाइट : नई वेबसाइट (www.iima.ac.in) के उन्नयन के लिए आईटी विभाग को सहायता प्रदान की गई थी।
- दृश्य पहचान दिशानिर्देशों को अंतिम रूप दिया गया और परिचालित किया गया।
- कर्मचारी, संकाय और छात्रों के लिए संचार नीति प्रसारित की गई है।
- विज्ञापन एजेंसियों की नियुक्ति में रचनात्मक एजेंसियों और फेलो कार्यक्रम कार्यालय के पैनल में कार्यकारी शिक्षा कार्यालय को सहायता दी गई।
- कार्यक्रमों, भर्ती और निविदा विज्ञापनों को जारी करने में कार्यकारी शिक्षा कार्यालय, कार्यक्रम कार्यालय और स्टाफ को सहायता दी गई।

मीडिया परिवर्धन

मीडिया संबंध गतिविधियों के हिस्से के रूप में, संचार कार्यालय निम्नलिखित के माध्यम से क्षेत्रीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रसारण चैनलों के लिए विभिन्न संस्थागत घटनाओं और उपलब्धियों में संलग्न रहा और प्रसारित करता रहा :

- संस्थान में पैंतीस प्रेस विज्ञप्तियां और सोलह प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किए गए थे। संस्थान को 89 विभिन्न अनन्य मीडिया चैनलों में दिखाया गया ।
- आईआईएमए ने एक मासिक ओपी-ईडी - 'आईआईएमए की दृष्टि से' - सुविधा के लिए मिन्ट के साथ सहयोग किया। वर्ष 2016-17 के लिए, 30 संकायों के लेख पहले ही प्रकाशित किए जा चुके हैं।
- संचार कार्यालय ने विभिन्न मीडिया प्रकाशनों के साथ पूरे वर्ष के दौरान संकाय, छात्र और पूर्वछात्रों के साक्षात्कार के साथ 50 से दौरान फिल्मी कहानियों में सहायता की और तैयार किया है।
- समाचारों को दैनिक आधार पर जोड़ा जाता है और आईआईएम अहमदाबाद की आधिकारिक वेबसाइट पर निम्न लिंक पर अपलोड किया जाता है : https://www.iima.ac.in/web/media/news

डिज़ाइन

संचार कार्यालय ने वर्ष के दौरान संस्थान के लिए विभिन्न प्रिंट, ई-ब्रोशर और सोशल मीडिया टेम्पलेट्स तैयार किए। इसमें कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम, सम्मेलन, कार्यक्रम कार्यालय, वक्ता श्रृंखला, अनुसंधान संगोष्ठियाँ, विज्ञापन, ऑडियो-वीडियो संपादन आदि शामिल थे।

डिजिटल मार्केटिंग / सोशल मीडिया

आईआईएमए के आधिकारिक ट्विटर हेंडल, फेसबुक पेज, लिंक्डइन अकाउंट और यूट्यूब चैनल सभी सत्यापित किए गए हैं। आईआईएमए की फेसबुक की स्थिति में दुनिया के शीर्ष बिजनेस स्कूलों में क्रमांक 2 पर है। इससे पहले यह 57वें स्थान पर था। ट्विटर को वर्ष के दौरान उच्चतम ऑनलाइन संलग्नता संबंध प्राप्त हुआ। आईआईएमए के लिंक्डइन पेज को भारत के शीर्ष बिजनेस स्कूलों में क्रमांक 1 मिला है। इससे पहले यह 13वें स्थान पर था। एक आधिकारिक इन्स्टाग्राम चैनल की शुरूआत फरवरी 2017 में की गई थी। इस चैनल पर आईआईएमए में छात्रों के जीवन की घटनाओं और समारोहों का प्रदर्शन हो रहा है। दीक्षांत समारोह 2017 को यूट्यूब चैनल के माध्यम से लाइव दिखाया गया और 18,227 दर्शकों ने इसका लाभ लिया था। इस चैनल के 2,795 अनुमोदक हैं और 108,874 दर्शक हैं।

पॉडकास्ट

एक आधिकारिक पॉडकास्ट चैनल को फरवरी 2017 में लॉन्च किया गया था। इस चैनल में डिजिटल स्वरूपों में संकायों के दृष्टिकोण और उनके विचारों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस पॉडकास्ट चैनल के कुल श्रोता 8744 हैं। टाइम्स ऑफ इंडिया ने इस पहल पर एक कहानी पेश की थी। (शीर्षक : आईआईएम अहमदाबाद देश का पहला बिजनेस स्कूल बना जो व्याख्यान को पॉडकास्ट करता है)

स्रोत :http://timesofindia.indiatimes.com/city/ahmedabad/iim-ahmedabad-becomes-1st-business-school-in-country-to-podcast-lectures/articleshow/56694388.cms

संचार कार्यालय ने कार्यकारी शिक्षा कार्यक्रम, पीजीपी, ई-पीजीपी, सीएमएचएस, और पीजीपीएक्स जैसे विभिन्न कार्यक्रम कार्यालयों की सहायता के लिए अपने सोशल मीडिया चैनलों को स्थापित किया और जब भी जहाँ भी आवश्यक रहा, वहाँ प्रोन्नत किया।



वैश्विक भागीदारी और कॉर्पोरेट मामले

वर्ष के दौरान संस्थान ने रैंकिंग के लिए 16 राष्ट्रीय / अंतरराष्ट्रीय बी-स्कूल सर्वेक्षणों में भाग लिया। रैंकिंग के लिए संस्थान ने सभी प्रमुख और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सर्वेक्षणों में शीर्ष स्थान बनाए रखा। संस्थान की रैंकिंग में यह दर्शाती है कि कार्यक्रम और छात्र उच्च गुणवत्ता वाले हैं और विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ में से एक हैं।

एफ.टी. कार्यकारी शिक्षा रैंकिंग 2016 (मुक्त एवं अनुकूलित कार्यक्रम)

भारत का सबसे बड़ा कार्यकारी शिक्षा प्रदाता होने पर संस्थान को अत्यंत गौरव है क्योंकि यह विश्व स्तर पर शीर्ष 100 की सूची में आता है। फाइनेंशियल टाइम्स कार्यकारी शिक्षा रैंकिंग 2016 (मुक्त कार्यक्रम) 2016 में संस्थान को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 67वें स्थान पर रखा गया था। यह अंतर अनुकूलित कार्यकारी शिक्षा में भी था, फाइनेंशियल टाइम्स कार्यकारी शिक्षा रैंकिंग 2016 (अनुकूलित कार्यक्रम) 2016 में संस्थान 74वें स्थान पर रहा।

प्रबंधन में एफ़.टी. मास्टर्स रैंकिंग 2016

इस संस्थान को प्रबंधन में एफ. टी. (फाइनेंशियल टाइम्स) मास्टर्स रैंकिंग 2016 में वैश्विक रूप से समीक्षित 90 पूर्वानुभव एमबीए स्तर के कार्यक्रमों में सोलहवें स्थान पर रखा गया था। पीजीपी को छह मानदंडों - 'वर्तमान वेतन (यूएस डॉलर)', 'भारित वेतन (यूएस डॉलर)', 'तीन महीने में रोजगार', 'स्थानन सफलता', 'डॉक्टरेट संकाय', 'कंपनी इंटर्नशिप रैंक' के लिए पहला स्थान मिला जबकि 'कैरियर' में दूसरा स्थान मिला।

एफ.टी. वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2017

पीजीपीएक्स शीर्ष 30 स्थानों में उभरा, और बी-स्कूलों की शीर्ष 100 की सूची में एफ.टी. (फाइनेंशियल टाइम्स) वैश्विक एमबीए रैंकिंग 2017 में 29वें स्थान पर रहा। संस्थान 'डॉक्टरेट संकायों' के मानदंडों में प्रथम स्थान पर रहा, जबकि पीजीपीएक्स 'वर्तमान वेतन (यूएस डॉलर)' और 'भारित वेतन (यूएस डॉलर)' में दूसरे स्थान पर रहा और 'कैरियर प्रगति रैंक' में तीसरे स्थान पर रहा।

इकोनोमिस्ट रैंकिंग 2016

संस्थान पिछले सात वर्षों से इकोनोमिस्ट पूर्णकालिक एमबीए रैंकिंग में स्थान हासिल करने वाला एकमात्र भारतीय बी-स्कूल है। संस्थान का प्रमुख कार्यक्रम लगातार शीर्ष 100 की सूची में सूचीबद्ध रहा है और एशिया तथा ऑस्ट्रेलिया 2016 क्षेत्रीय इकॉनोमिस्ट रैंकिंग में 7वें स्थान पर रहा।

संस्थान ने 'नियोक्ताओं की विविधता', 'स्नातक होने के बाद तीन महीनों के भीतर रोजगार प्राप्ति का प्रतिशत', 'कैरियर सेवा' में पहला स्थान हासिल किया 'कैरियर सेवा के माध्यम से रोजगार प्राप्ति का प्रतिशत' में दूसरे स्थान पर रहा।

एड्युनिवर्सल सर्वोत्तम मास्टर रैंकिंग 2016

पीजीपी-एफएबीएम को कृषि व्यवसाय / खाद्य उद्योग प्रबंधन में इस क्षेत्र के लिए वैश्विक रूप से शीर्ष 50 रैंककृत कार्यक्रमों में एड्युनिवर्सल कृषि-व्यवसाय / खाद्य उद्योग प्रबंधन की सर्वोत्तम मास्टर रैंकिंग 2016 में प्रथम स्थान दिया गया था। पीजीपी-एफ़एबीएम ने पिछले पाँच वर्षों में लगातार अपने शीर्ष स्थान को बरकरार रखा है।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय का एनआईआरएफ और एआईएसएचई

मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एचएचआरडी) द्वारा उच्चतर शिक्षा पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के सातवें संस्करण में संस्थान ने भाग लिया। संस्थान शिक्षा क्षेत्र के विकास के लिए सूचित नीतिगत निर्णयों और अनुसंधान करने के लिए मंत्रालय के प्रयासों का समर्थन करता रहा है।

पूरे देश में संस्थानों को रैंक करने के लिए मंत्रालय ने 2015 में राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा (एनआईआरएफ) का शुभारंभ किया था। संस्थान को पहले ही संस्करण में प्रबंधन (अनुसंधान और शिक्षण संस्थान) श्रेणी में दूसरा स्थान दिया गया था।

इसके विवरण **परिशिष्ट-ड** में दिए गए हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मान्यता

अंतर्राष्ट्रीय मान्यता संस्थान की अंतर्राष्ट्रीयकरण रणनीति के भाग के रूप में अपनाई जाती है और वैश्विक स्तर पर संस्थान के ब्रांड को मजबूत करने के लिए संस्थान द्वारा समय-समय पर विस्तृत और गहन मान्यता प्रक्रियाएं शुरू की जाती हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उच्च गुणवत्ता वाले शिक्षा प्रदान करने में अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा किया गया है।

इक्विस पुनःमान्यता

संस्थान को वर्ष 2015 में अगले पाँच वर्षों के लिए प्रबंधन विकास के लिए यूरोपीय फाउंडेशन द्वारा फिर से मान्यता प्राप्त हुई थी। यह संस्थान पाँच साल के लिए मान्यता प्राप्त करने वाला भारत का पहला प्रबंधन स्कूल था, यह अधिकतम अवधि है, जिसके लिए ईक्विस एक संस्थान को मान्यता देता है। इससे पहले वर्ष 2008 में, आईआईएमए भारत का पहला बिजनेस स्कूल था जिसने एक्विस मान्यता हासिल की थी।

एएसीएसबी मान्यता

संस्थान एएसीएसबी (एड्वान्स्ड् कॉलेजिएट बिज़नेस एक्रेडिटेशन स्कूल एसोसिएशन) की मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया में है।

वैश्विक भागीदारी

संस्थान ने शैक्षणिक सहयोग को मजबूती प्रदान करने तथा अंतर्राष्ट्रीयकरण को बढ़ावा देने की दिशा में प्रतिष्ठित विदेशी व्यवसाय-स्कूलों और संस्थानों के साथ सुगम संवाद बनाना जारी रखा। वर्ष के दौरान, संस्थान ने सभी कार्यक्रमों में अंतरराष्ट्रीय गतिशीलता को बढ़ाने के लिए प्रतिष्ठित विदेशी बी-स्कूलों/ विश्वविद्यालयों के साथ साझेदारी की थी। निम्नलिखित के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए :

- वैश्विक व्यवसाय नवप्रवर्तन के लिए कार्यकारी एमबीए कंसोर्टियम।
- फंडागलो गेटुलियो वर्गास एफजीवी / ईएईएसपी, ब्राजील
- बिजनेस कॉलेज, फ्लोरिडा अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, मियामी, फ्लोरिडा, यूएसए
- ओटागो विश्वविद्यालय, डुनेडिन न्यूजीलैंड

अपने सरकारी अधिकारियों की क्षमता निर्माण के क्षेत्र में नामीबिया गणराज्य की सरकार का समर्थन बढ़ाने के लिए संस्थान ने नामीबिया लोक प्रशासन और प्रबंधन संस्थान के साथ एक समझौता किया।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ जुड़ने के लिए संस्थान का बड़ा उद्देश्य केवल अपने वैश्विक पदचिह्न का विस्तार करना नहीं है, बल्कि नए भौगोलिक, नए लाभार्थियों, बेहतर पहुंच और उभरते हुए क्षेत्रों में सेवा प्रदान करने, समृद्ध बनाने और उन प्रयासों का स्वागत करना भी है। इस संदर्भ में, सहयोग के नए क्षेत्रों को अपनाया गया और इस वर्ष के दौरान प्रस्ताव की समीक्षा की गई। किए गए कुछ संवादों में निम्नलिखित शामिल हैं :

- 30 मई, 2016 को कनाडियन विश्वविद्यालयों के और आईआईएमए के संकायों के बीच सहयोगात्मक अनुसंधान को तेज करने के लिए प्रोफेसर गिरीश एम. शाह-प्रमुख, शास्त्री इंडो-कैनेडियन संस्थान, कनाडा और प्रोफेसर आशीष नंदा, निदेशक के बीच चर्चा हुई।
- प्रोफेसर जेनिफर ग्रैफ्टन, एसोसिएट डीन (वैश्विक जुड़ाव), श्री क्रिस पार्क्स, प्रबंधक, विपणन और संचार, व्यवसाय एवं अर्थशास्त्र के संकाय के बीच संयुक्त संकाय अनुसंधान और विनिमय को प्रोत्साहित करने के लिए 30 अगस्त 2016 को बैठक की गई थी जिसमें, ऑस्ट्रेलिया-भारत संस्थान के उप निदेशक श्री विनोद मीरचंदानी, और प्रोफेसर आशीष नंदा, निदेशक, और प्रोफेसर शैलेश गाँधी, डीन (कार्यक्रम), प्रोफेसर एर्रोल डिसूज़ा, डीन (संकाय), प्रोफेसर राकेश बसंत, भावी डीन (पूर्वछात्र और बाहरी संबंध), प्रोफेसर अरविंद सहाय, पद-मुक्त होने वाले डीन(पूर्वछात्र और बाह्य संबंध), प्रोफेसर देबजित रॉय, खाद्य और कृषि व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के अध्यक्ष, प्रोफेसर पीयूष कुमार सिन्हा, अंतर्राष्ट्रीय छात्र विनिमय समन्वयक, और प्रोफेसर आशीष जलटे परमार उपस्थित रहे थे।
- 10 नवंबर 2016 को डॉ. जमाल ओयुनेचेस, एडिनबर्ग बिजनेस स्कूल युनिवर्सिटी, यूके से प्रबंधन विज्ञान के प्रोफेसर और प्रोफेसर राकेश बसंत, डीन (पूर्व छात्र और बाह्य संबंध), प्रोफेसर सचिन जायसवाल, प्रोफेसर प्रहलाद वेंकटेशन, और प्रोफेसर नीरव नागर सहित सहयोगी अनुसंधान पर चर्चा करने के लिए अनुसंधानात्मक बैठक। इसके बाद, एडिनबर्ग बिजनेस स्कूल (यूईबीएस) विश्वविद्यालय के डॉ. विंस्टन क्वोन ने वीडियों द्वारा 19 जनवरी 2017 को प्रोफेसर राकेश बसंत, डीन (पूर्व छात्र और विदेश संबंध), और सीआईआईई के अध्यक्ष प्रोफेसर अमित कर्ण के साथ चर्चा में आगे की बातचीत की।
- केस विकास के क्षेत्र में जोर देने के साथ, संस्थागत संबंधों का पता लगाने के लिए श्री आर. मार्क जॉनसन, ग्लोबल अफेयर्स के कार्यकारी निदेशक, कार्यकारी निदेशक-ग्लोबल इनिशिएटिव्स का डार्डन सेंटर, डार्डन बिजनेस स्कूल-वर्जीनिया युनिवर्सिटी और प्रोफेसर राकेश बसंत, डीन (पूर्व छात्र और बाह्य संबंध), प्रोफेसर आनंद कुमार जायसवाल-अध्यक्ष, केस केंद्र और प्रोफेसर पीयूष कुमार सिन्हा, संकाय समन्वयक, छात्र विनिमय कार्यक्रम, के बीच 2 फरवरी, 2017 को विस्तृत चर्चा हुई थी।

बाह्य संलग्नता

संस्थान ने वर्ष के दौरान विदेशी संस्थानों / अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के 21 उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडलों की मेजबानी की और परामर्श में संलग्न रहे और बाहरी देशों के साथ भारत के चल रहे द्विपक्षीय संबंधों का समर्थन करने के लिए बातचीत की। उच्च शिक्षा को आगे बढ़ाने में कुछ महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडलों में निम्नलिखित शामिल हैं :

उच्च आयोग / वाणिज्य दूतावास / राजदूत

महामहिम मिर्जोशिफ ए. जलोलोव, ताजिकिस्तान गणराज्य के राजदूत, के साथ मिलेनियम एरो डाइमनिक्स प्राइवेट लिमिटेड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री मिलन आर. जताकिया, कमांडर प्रदीप दीक्षित-निदेशक-कॉरपोरेट एवं एचआर, मिलेनियम एरो डाइनेमिक्स प्रा.लि. और श्री विशाल शाह, कार्यकारी सलाहकार, मिलेनियम एयरो डाइमनिक्स प्राइवेट लिमिटेड।

श्री सोरेन पिंड, उच्च शिक्षा एवं विज्ञान मंत्री, डेनमार्क, के साथ श्री सुने अस्त्रप क्रिस्टियानसन-मंत्री के निजी सचिव, श्री मार्टिन रूबी, मंत्री के विशेष सलाहकार, सुश्री गित्ते एगरस-डिपार्टमेंट के प्रमुख, नई दिल्ली में डेनमार्क दूतावास, श्री पीटर टक्सो-जेन्सेन, भारत में डेनमार्क के राजदूत और श्री सुन कौर-पेडेर्सन, काउंसेलर, इनोवेशन एवं रिसर्च।

डॉ. टी. सुरेश बाबू, मंगोलिया में भारत के राजदूत, के साथ डॉ. केतन शुक्ला, बोत्सवाना में भारत के उच्चायुक्त, श्री अशोक कुमार शर्मा, फिनलैंड में भारत के राजदूत, सुश्री शम्मा जैन, पनामा में भारत के राजदूत और श्री संदीप आर्य, तंजानिया के लिए भारत के उच्चायुक्त।

कनाडा में भारत के उच्चायुक्त श्री नादिर पटेल के साथ, जॉर्डन रीव्स, कनाडा के कॉन्सल जनरल, श्री जीना जॉर्ज, व्यापार सहायक / शिक्षा, श्री जोकीम रोचा, व्यापार आयुक्त, श्री लियोनार्ड रील, कॉन्सल, राजनीतिक, आर्थिक एवं सार्वजनिक मामले और मैट फ्रिसन, काउंसेलर, वकालत।

सर डोमिनिक एस्क्विट, भारत के ब्रिटिश के उच्चायुक्त के साथ ज्योफ वैन, ब्रिटिश उप उच्चायुक्त गुजरात, सुश्री नंदीता राजपूत, व्यापार और निवेश सलाहकार, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विभाग, ब्रिटिश उप उच्चायोग।

श्री थॉमस वाजदा, कॉन्सल जनरल, यूएस कॉन्सुलेट, मुंबई के

आईआईएमए के निदेशक प्रोफेसर आशीष नंदा से भारत में कनाडा के उच्चायुक्त श्री नादिर पटेल से स्मृति चिह्न ग्रहण करते हुए

आईआईएमए में डेनमार्क के उच्च शिक्षा एवं विज्ञान मंत्री श्री सोरेन पिंड प्रोफेसर राकेश बसंत, डीन (पूर्वछात्र एवं बाह्य संबंध) के साथ

आईआईएमए में ताजिकिस्तान गणराज्य के राजदूत महामहिम मिर्जोशिफ ए. जलोलोव प्रोफेसर शैलेष गाँधी, डीन (कार्यक्रम) के साथ

सर डोमिनिक एस्क्विट, भारत में ब्रिटिश के उच्चायुक्त के साथ आईआईएमए के प्रोफेसर शैलेष गाँधी, डीन (कार्यक्रम) का एक संवाद

श्री थॉमस बाजदा, कॉन्सल जनरल, यू. एस. कॉन्सुलेट मुंबई. आईआईएमए के डीन (संकाय) प्रोफेसर एर्रोल डिसूज़ा से स्मृति चिह्न ग्रहण करते हुए

साथ, श्री ग्रेगरी टेव्स, प्रिंसिपल कमर्शियल ऑफिसर, यू.एस. कमर्शियल सर्विस, मुंबई, श्री माइकल इवांस, कॉन्सलर चीफ, श्री जेफरी पारीश, कमर्शियल ऑफिसर, यू.एस. वाणिज्यिक सेवा, मुंबई, सुश्री अमांडा टॉलफ़ासन, वाइस कॉन्सल, अमेरिकी नागरिक सेवा, मुंबई और सुश्री संगीता तनेजा, वाणिज्यिक विशेषज्ञ और कार्यालय निदेशक, यू.एस. वाणिज्यिक सेवा, अहमदाबाद।

- अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के सांस्कृतिक मामलों के अधिकारी श्री जेम्स फेनेल के साथ, सुश्री सुष्मा कर्णिक, अमेरिकी पुस्तकालय की निदेशक।

विदेशी संस्थानों के प्रतिनिधिगण

- सुश्री लिन तूहे, क्रॉफर्ड स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी के उप प्रबंधक, ऑस्ट्रेलियाई राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, 14 अप्रैल 2016 को।
- प्रोफेसर एडम हबीब, माननीय कुलपति के साथ प्रोफेसर इयान जांड्रेल, इंजीनियरिंग और निर्मित पर्यावरण के डीन, प्रोफेसर इमरान वालोडिया, वाणिज्य, कानून और प्रबंधन के डीन, प्रोफेसर मार्टिन वेल्लर, स्वास्थ्य विज्ञान के डीन, प्रोफेसर दिलीप मेनन, अफ्रीका में भारतीय अध्ययन केंद्र के निदेशक, सुश्री कनिना फोस-विटवाटरसंद विश्वविद्यालय के कुलपति के मुख्य कार्मिक, जोहान्सबर्ग 16 अप्रैल 2016 को।
- 6 सितंबर 2016 को त्रिभुवन विश्वविद्यालय-नेपाल के सहायक कैंपस चीफ, श्री बिनोद धुंगाना, 12 अन्य लोगों के साथ।

विशिष्ट आगंतुक

- संस्थान ने वर्ष के दौरान निम्नलिखित विशिष्ट आगंतुकों का स्वागत किया :
- 21 जुलाई 2016 को श्री नंदन नीलेकणी - अध्यक्ष, एकस्टेप और भारत के विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष।
- 18 अगस्त, 2016 को राष्ट्रीय नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगडिया।
- 16 सितंबर, 2016 को माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर।
- 9 दिसंबर, 2016 को डॉ. रघुराम राजन, शिकागो बूथ स्कूल ऑफ बिज़नेस विश्वविद्यालय में वित्त के लिए विशिष्ट सेवा प्रोफेसर।
- 23 दिसंबर, 2016 को शासक मंडल के अध्यक्ष, श्री कुमार मंगलम बिड़ला।
- 1 जनवरी 2017 को लेफ्टिनेंट जनरल निर्भय शर्मा, पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वीएसएम (सेवानिवृत्त), मिजोरम के माननीय गवर्नर।
- 11 जनवरी 2017 को डॉ. जॉन सी. मार्टिन, गिलियड साइंस के कार्यकारी अध्यक्ष।
- 24 फरवरी, 2017 को भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. अरविंद सुब्रमण्यम।
- 10 मार्च 2017 को भारतीय अर्थशास्त्री, भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व-गवर्नर और आईआईएमए के पूर्व संकाय प्रोफेसर सी. रंगराजन।

आईआईएमए के डीन (संकाय) प्रोफेसर एर्रोल डिसूज़ा, विटवाटरसंद विश्वविद्यालय, जोहन्सबर्ग, दक्षिण अफ्रिका के कुलपति प्रोफेसर एडम हनीन के साथ वार्ता करते हुए

16 सितंबर 2016 को भारत सरकार के केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री श्री प्रकाश जावडेकर

21 जुलाई 2016 को श्री नंदन नीलेकणी की वार्ता

24 फरवरी 2017 को भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. अरविंद सुब्रमण्यम का दौरा

- 10 मार्च 2017 को श्री सी.पी. गुरनानी आईआईएम, नागपुर के शासक मंडल के अध्यक्ष और टेक महिंद्रा, पुणे के मुख्य प्रबंधक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी।
- 16 मार्च, 2017 को डॉ. असगर हसन सामून, आईएएस, आयुक्त / सचिव उच्च शिक्षा, जम्मू और कश्मीर।

सामुदायिक पहुँच

हाई स्कूल बच्चों के लिए आईआईएमए में ओपन डे

20 नवंबर, 2016 को संस्थान ने हाई स्कूल के बच्चों के लिए ओपन डे के तीसरे संस्करण का आयोजन किया और स्थानीय समुदाय के साथ जुड़ने का काम किया। अहमदाबाद के विभिन्न स्कूलों के 550 से अधिक हाई स्कूल के बच्चों ने इस कार्यक्रम का लाभ लिया। एक समानांतर ट्रैक में, छात्रों के साथ आने वाले हाई स्कूल के शिक्षकों ने प्रोफेसर राकेश बसंत, डीन-पूर्व छात्र एवं बाहरी संबंध के साथ एक खुले मंच पर चर्चा में भाग लिया, और टीम के सदस्यों में स्माइल केंद्र और शिक्षा का अधिकार केंद्र के सदस्य शामिल थे।

अध्ययन दौरे

हर साल संस्थान परिसर के पर्यटन और अध्ययन यात्राओं के लिए आगंतुकों को सक्षम बनाता है। इससे उन्हें संस्थान की गतिविधियों के बारे में व्यापक समझ मिलती है और वे इसके स्थापत्य स्मारक की सराहना करते हैं। वर्ष 2016-17 में संस्थान में करीब 8100

स्कूली बच्चों के लिए आईआईएमए में तीसरे ओपन डे में 550 से अधिक छात्र

आगंतुकों ने दौरा किया, जिनमें विदेशी नागरिक, सरकारी अधिकारी और कॉर्पोरेट क्षेत्र, शिक्षा क्षेत्र, सशस्त्र बलों, व्यवसायियों और छात्रों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चर के छात्र

- बीएमएस इंजीनियरिंग महाविद्यालय, बेंगलुरु
- एमिटी आर्किटेक्चर एवं प्लानिंग स्कूल, एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- मराठवाड़ा टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट, आर्किटेक्चर कॉलेज, औरंगाबाद
- डॉ. डी.वाई. पाटिल आर्किटेक्चर कॉलेज, पुणे
- एल. एस. राहेजा आर्किटेक्चर स्कूल, मुंबई
- मीनाक्षी इंजीनियरिंग कॉलेज, चेन्नई
- गुवाहाटी आर्किटेक्चर कॉलेज, गुवाहाटी
- जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, खड़गपुर
- बिडला प्रौद्योगिकी संस्थान, मेसरा, रांची
- गोवा आर्किटेक्चर कॉलेज, पंजीम
- अन्ना विश्वविद्यालय, चेन्नई

प्रबंधन और वाणिज्य छात्र

- गुरु नानक खालसा कॉलेज, मुम्बई
- डॉ. नारायण ग्रुप ऑफ मैनेजमेंट इंस्टीट्यूशंस, हैदराबाद
- आर.जे. टीबरेवाल कॉमर्स कॉलेज, अहमदाबाद
- एसएएसएमआईआरए प्रबंधन अध्ययन और अनुसंधान संस्थान, मुंबई
- तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय, कृषि और ग्रामीण प्रबंधन विभाग, कोयम्बटूर
- गरवारे कॉमर्स कॉलेज, पुणे

अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रम छात्र

- पश्चिमी भारत चार्टर्ड एकाउंटेंट छात्र संघ, अहमदाबाद
- भारतीय कंपनी सचिव संस्थान, अहमदाबाद शाखा
- भारतीय शिक्षक शिक्षा संस्थान, गाँधीनगर
- एल. जे. लॉ स्कूल, अहमदाबाद
- समुद्री प्रबंधन स्कूल, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय, चेन्नई
- अपोलो नर्सिंग संस्थान, गाँधीनगर

अंतर्राष्ट्रीय छात्र

- उमेया स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, स्वीडन
- मोरातुवा विश्वविद्यालय, श्रीलंका
- शाहजलाल विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, सिलहट, बांग्लादेश
- कोलंबिया विश्वविद्यालय, ग्रेजुएट स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, प्लानिंग एंड प्रीजर्वेशन, न्यूयॉर्क
- वियना तकनीकी विश्वविद्यालय
- बांग्लादेश इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, ढाका, बांग्लादेश
- ओटावा कार्लेटन विश्वविद्यालय, कनाडा
- आर्किटेक्चर और इंटीरियर डिजाइन स्कूल, सिनसिन्नाती विश्वविद्यालय, यूएसए
- मेलबोर्न डिजाइन स्कूल, मेलबोर्न, ऑस्ट्रेलिया
- बार्टलेट स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन
- वेस्टमिंस्टर स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर युनिवर्सिटी, लंदन
- मलाया विश्वविद्यालय, कुआला लंपुर
- वास्तुकला विभाग, मिंग चुआन विश्वविद्यालय, ताइवान

सहायता अनुदान

वर्ष 2016-17 के दौरान, इस संस्थान ने गैर-योजना (नियमित) एवं योजना (नियमित) के अंतर्गत, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से कोई भी सहायता अनुदान प्राप्त नहीं किया।



बुनियादी ढाँचे का विकास

वर्ष के दौरान, संस्थान ने बुनियादी ढाँचे के विकास के लिए त्रि-आयामी रणनीति : मौजूदा बुनियादी ढाँचे का उन्नयन, लुइस काह्न की इमारतों का संरक्षण और मरम्मत, और बुनियादी ढाँचे को बढ़ाने के लिए नए निर्माण का पालन किया है।

उन्नयन के तहत दो संगोष्ठी कक्षों और पी.पी. गुप्ता ऑडिटोरियम को 2016 में उन्नत किया गया। प्रशिक्षक इन समतल कक्षाओं में अध्यापन कराने में असहज थे। इसलिए, उन्हें 60 बैठकों वाले थिएटर स्टाइल कक्षाओं में बदल दिया गया। इंटीरियर को दोबारा बनाया गया था, उन्नत ऑडियो-वजिुअल सिस्टम स्थापित किया गया था और नया एसी सिस्टम लगाया गया था।

पी.पी. गुप्ता सभागार के इंटीरियर को दोबारा बदल दिया गया और उन्नत ऑडियो विजुअल सिस्टम स्थापित किया गया। सभागार के उन्नयन के लिए वित्त पोषण श्री पी.पी. गुप्ता, पीजीपी-1974 की तरफ से प्राप्त हुआ था।

लुइस काह्न की इमारतों के संरक्षण और मरम्मत के तहत, डी-15 और विक्रम साराभाई पुस्तकालय का काम जुलाई 2016 में शुरू हुआ।

निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए प्रतिष्ठित आर्किटेक्टों को आशय पत्र जारी किए गए :

नए परिसर में अकादमिक ब्लॉक	:	एचसीपी डिजाइन योजना और प्रबंधन
नए परिसर में खेल संकुल	:	एचसीपी डिजाइन योजना और प्रबंधन
मुख्य परिसर में संकाय आवास	:	एआरसीओपी
मुख्य परिसर में कर्मचारी आवास	:	एआरसीओपी
नए परिसर में छात्रावास	:	एआरसीओपी
नए परिसर में जेएसडब्ल्यू सार्वजनिक नीति स्कूल	:	आरएमए आर्किटेक्ट्स

डिजाइनों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

मास्टर आर्किटेक्ट, एचसीपी डिजाइन योजना और प्रबंधन ने परिसर के लिए 25 वर्षीय मास्टर प्लान को अंतिम रूप दिया है।

राजभाषा कार्यान्वयन

संस्थान में सरकार की राजभाषा नीतियों की अनुपालना के लिए अलग से हिंदी विभाग कार्यरत है। वर्ष के दौरान, राजभाषा अधिनियम के प्रावधानों के कार्यान्वयन के लिए और सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिकाधिक उपयोग के लिए अथक प्रयास किये गए तथा इस संबंध में समय-समय पर राजभाषा विभाग द्वारा जारी किए गए आदेशों / निर्देशों का पूरी तरह से अनुपालन किया गया।

संस्थान में राजभाषा को आगे बढ़ाने और इसकी प्रगति की समीक्षा करने के लिए, निदेशक की अध्यक्षता में चार राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित की गईं। इसके परिणामस्वरूप संस्थान को राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2015-16 के लिए राजभाषा शील्ड से सम्मानित किया गया है।

संस्थान ने 14 सितंबर से 28 सितंबर 2016 के दौरान राजभाषा हिंदी को बढ़ावा देने के लिए हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इस समारोह का उद्घाटन 14 सितंबर, 2016 को हिंदी दिवस समारोह के साथ किया गया। इस 'हिंदी पखवाड़े' के दौरान हिंदी निबंध, हिंदी कविता पठन, हिंदी शब्द-ज्ञान, हिंदी स्लोगन प्रतियोगिता, हिंदी अंताक्षरी, और हिंदी सुलेख जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में 100 से अधिक हिंदी-भाषी और हिंदीतर कर्मचारी सदस्यों ने भाग लिया। समापन समारोह के दिन, प्रोफेसर राकेश बसंत, डीन (पूर्व छात्र और बाहरी संबंध) द्वारा नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। विक्रम साराभाई पुस्तकालय में विभिन्न विषयों पर उपलब्ध हिंदी पुस्तकों की एक प्रदर्शनी 21 सितंबर, 2016 को आयोजित की गई थी। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री और माननीय गृह मंत्री से प्राप्त संदेशों की प्रतियाँ सभी नोटिस बोर्डों पर प्रदर्शित की गई थी।

वर्ष के दौरान, तीन हिंदी कार्यशालाएँ मसौदा लेखन और टिप्पण पर तथा एक हिंदी कार्यशाल कंप्यूटर में हिंदी सॉफ्टवेयर के कामकाजी ज्ञान देने के लिए आयोजित की गई, इनमें कुल 56 कर्मचारियों ने भाग लिया। इन कार्यशालाओं में व्याख्यान देने के लिए हिंदी के प्रसिद्ध वक्ताओं को बुलाया गया था।

संस्थान की हिंदी गृह-पत्रिका प्रतिबिंब के छठे अंक का प्रकाशन जनवरी 2017 में किया गया और इसे सभी आईआईएमों, आईआईटीयों, केंद्रीय विश्वविद्यालयों, संबंधित मंत्रालयों, शासी मंडली के सदस्यों और नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (टोलिक) के सभी 130 सदस्यों को भेजा गया।



संस्थान में 23 सितंबर 2016 को हिंदी कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया था। इस कवि सम्मेलन में अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध हिंदी कवि उपस्थित रहे थे।

वर्ष के दौरान, हिंदी प्रशिक्षण केंद्र-अहमदाबाद की मदद से कर्मचारी सदस्यों के लिए हिंदी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जो सीधे गृह मंत्रालय द्वारा संचालित होता है। संस्थान ने सभी हिंदी प्रशिक्षण परीक्षाओं के लिए अहमदाबाद के इस हिंदी प्रशिक्षण केंद्र को परीक्षा केन्द्र की सुविधा प्रदान की है। यह संस्थान उन सभी विदेशी छात्रों को भी हिंदी प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है, जो दिन-प्रतिदिन के संचार के लिए हिंदी सीखने में रुचि रखते हैं। यह प्रशिक्षण दो बैचों में आयोजित किया गया था और लगभग 42 विदेशी छात्रों ने इस सुविधा का लाभ उठाया।

कार्मिक

वर्ष 2016-17 के दौरान, छह संकाय सदस्यों ने संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया। छह संकाय सदस्यों ने त्यागपत्र दिया और एक संकाय सदस्य का कार्यकाल पूर्ण हो गया। पच्चीस कर्मचारियों ने संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया। पाँच कर्मचारियों ने त्यागपत्र दिया और दो कर्मचारियों का कार्यकाल पूर्ण हो गया। तीन संकाय सदस्यों और सोलह कर्मचारी सेवानिवृत्ति की आयु प्राप्त करने पर सेवानिवृत्ति हुए।

दस संकाय सदस्यों को अनुपस्थिति छुट्टी के लिए मंजूरी दी गई थी और चार संकाय सदस्य अनुपस्थिति छुट्टी की समाप्त होने पर फिर से संस्थान में शामिल हुए।

कर्मचारियों की संख्या के विवरण **परिशिष्ट-ढ7** में दिए गए हैं।

अधिकारी एवं कर्मचारी विकास गतिविधियाँ

संस्थान ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में आगे बढ़ने के लिए कई कर्मचारी सदस्यों को प्रायोजित करना जारी रखा। वर्ष के दौरान, अधिकारियों सहित 78 कर्मचारियों को अहमदाबाद प्रबंधन एसोसिएशन और अन्य प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए प्रायोजित किया गया था। सातवें वेतन आयोग और इससे संबंधित मामलों पर आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 01 और 022 मार्च 2017 को एकीकृत प्रशिक्षण और नीति अनुसंधान (आईट ीपीआर), नई दिल्ली द्वारा आयोजित किया गया था जिसमें आईआईएमए के 17 कर्मचारियों और गुजरात के अन्य संस्थानों के 15 कर्मचारियों ने भाग लिया। आईआईएमए के कर्मचारियों के लिए 18 और 19 मार्च 2017 को कंप्यूटर कौशलों में अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए एमएस एक्सेल पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

कर्मचारियों को पुरस्कार / सम्मान

वर्ष के दौरान, दो संकाय सदस्यों - प्रोफेसर राजीव शर्मा और प्रोफेसर विजय पॉल शर्मा के साथ एक कर्मचारी श्री प्रदोष वी. थिया को 20 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दीर्घकालीन सेवा पुरस्कार श्री कमलेश एस. जोशी, श्री रणजीत सिंह बी. चावडा, श्री रसिक यू. पाटडिया, श्री बाबूभाई एम. गोहेल, श्री डी.ए. पाटिल, श्री दिनेशभाई बी. श्रीमाली, श्री नागजी एस. परमार, श्री ई.वी. नारायणन, श्री ए. गोपालकृष्णन, श्री बुरहानुल्ला एस. कादरी, श्री भरत आर. मकवाना, श्री वी.एस. रविकुमार, श्री मगन बी. पटेल, श्री एस. एस. सोलंकी, श्री एन. गोपालकृष्णन पिल्लई, श्री दीपक बंदोपाध्याय, श्री दूधनाथ आर. कोरी और सुश्री के.के. जंसारी को सेवानिवृत्त होन पर दिया गया।

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत, वर्ष के दौरान 217 आरटीआई आवेदन और 29 प्रथम अपीलें प्राप्त हुई थी और इनके जवाब दिए गए।

कर्मचारियों के विवरण **परिशिष्ट-ढ** में दिए गए हैं।

छात्र गतिविधियाँ

एबेकस

वर्ष 2016-17 में समुदाय के भीतर और परिसर के बाहर गणित / पहेलियाँ और विश्लेषिकी में रुचि बढ़ाने के लिए नई पहलें देखी गई।

वर्ष की शुरूआत, नटक्रैकर के साथ हुई, जो पीजीपी-1 के लिए वार्षिक प्रमुख पहेली प्रतियोगिता है, जिसमें 3 घंटे में पहेली हल करना होता है। एबेकस ने नॉटिलस का आयोजन किया, जो कि राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन ट्रेजर हंट प्रतियोगिता है जिसमें देशभर से करीब 1000 लोगों की भागीदारी देखी गई। एबेकस नाइट्स के दो एपिसोड, पहेली हल करने वाले तीन घंटे का मैराथन आयोजित किया गया था। परिसर के भीतर लोगों में रुचि पैदा करने के लिए पूरे वर्ष में एक ऑनलाइन द्वि-मासिक प्रश्नोत्तरी श्रृंखला माइंडबेंड के नौ एपिसोड आयोजित किए गए थे। एबेकस ने पोकर टूर्नामेंट कैसीनो रोयाल का भी आयोजन किया, जो कैओस 2017 और अड्डा52.कॉम के सहयोग से किया गया और इसमें देशभर से 100 से अधिक लोगों की भागीदारी देखी गई।

विश्लेषिकी मोर्चे पर, एबेकस ने 'ब्रेकिंग द मॉडलिंग टेबू' लॉन्च किया, जो एनालिटिक्स केसों को सुलझाने के लिए व्यवस्थित प्रक्रिया के साथ कई लेखों की एक श्रृंखला थी। एबेकस ने 'एबेकस ब्लॉग' का शुभारंभ किया, जो क्वांट और एनालिटिक्स के क्षेत्र में लेखों वाला एक ब्लॉग है।

एबेकस ने उपचारात्मक सत्र और पी.एस. और डी.ए. पाठ्यक्रमों के लिए स्पष्टीकरण सत्रों का आयोजन किया। क्वांट भूमिकाओं में नियुक्तियों के दौरान एबेकस ने पीजीपी-1 की सहायता के लिए 'दिवस की मुख्य पहेली' की पहल की। पिछले बैच के साक्षात्कार अनुभवों के आधार पर पहेली डेटाबेस 'टेसरेक्ट' को नई पहेलियों के साथ अपडेट किया गया था।

शैक्षणिक परिषद

शैक्षणिक परिषद संस्थान में सभी शैक्षणिक गतिविधियों की केंद्र बिन्दु है। यह परिषद छात्रों और संकाय के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करती है, यह छात्र के मामलों को प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत करती है और शैक्षणिक नीति निर्माण की प्रक्रिया में भाग लेती है। परिषद ने पीजीपी पाठ्यक्रम की समीक्षा प्रक्रिया में एक सक्रिय भूमिका निभाई है जो हर पाँच साल में एक बार की जाती है।

शैक्षणिक परिषद द्वारा कार्यान्वित किए जाने वाले प्रमुख प्रयासों में से एक के तहत प्रक्रिया-दस्तावेज पोर्टल का उन्नयन किया गया और इसके लोड की क्षमता को बढ़ाकर 400 छात्रों तक कर दिया गया। इस संघर्ष-पत्र को बनाने की प्रक्रिया को बग-मुक्त अनुभव सुनिश्चित करते हुए सिद्ध किया गया था। परिषद ने एक्सेल फाइलें उपलब्ध कराई हैं ताकि छात्रों को प्राप्त विभिन्न ग्रेड के अपने सीजीपीए की गिनती में मदद हो सके। जब तक पीजीपी कार्यालय द्वारा आधिकारिक रैंकों की घोषणा नहीं की जाती, तब तक छात्रों के लाभ के लिए अनुमानित रैंक को प्रोजेक्ट करने के लिए संशोधित किया गया।

संस्थान की शैक्षणिक व्यवस्था में निरंतर सुधार के लिए आवश्यक पाठ्यक्रम फीडबैक को भरने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए, परिषद ने एक पुरस्कार के रूप में बोली-अंक देने की प्रणाली शुरू की। इसके अलावा, परिषद ने प्रथम वर्ष के पीजीपी छात्रों के उपचारात्मक सत्रों को व्यवस्थित करके सहायता प्रदान की, जहाँ वे मित्रों द्वारा अपने संकल्पनात्मक संदेह का समाधान कर सकें। उपचारात्मक सत्रों ने बैच की परीक्षाओं की जाँच और प्रश्नोत्तरी में सफलतापूर्वक मदद की। अधिक सुविधा देने की प्रक्रिया में इन सत्रों की वीडियो रिकॉर्डिंग शुरू की गई।

शैक्षणिक परिषद ने बहुत सी पहलों पर काम शुरू कर दिया है जिनका फल निकट भविष्य में मिलेगा। प्रतीक्षासूची प्रवृत्ति के माध्यम से पूरे पाठ्यक्रम के आवंटन की प्रक्रिया ऑनलाइन ली जाने की योजना बनाई गई है। एक पोर्टल जहाँ छात्र प्रश्नोत्तरी और परीक्षाओं की प्रतिलिपि जमा कर सकते हैं, इसकी स्थापना पर काम शुरू हो गया है और इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है। यह उम्मीद है कि प्रणाली के विस्तार के बाद, लिखी हुई प्रतियों के संकल्प को भी ऑनलाइन किया जाएगा। एक नया पाठ्यक्रम समीक्षा मंच प्रगति पर है, जो कि पीजीपी-2 के

छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों की सामग्री और प्रकृति के बारे में सूचित विकल्प बनाने में मदद करेगा। पहले से ही उपलब्ध मूडल के प्लेटफॉर्म के माध्यम से, स्वीकार्यता के लिए बैच में शैक्षणिक गतिविधियों के लिए एक नया अनाम चर्चा मंच प्रस्तुत किया जा रहा है।

पूर्वछात्र प्रकोष्ठ

इस अनुच्छेद में पूर्वछात्र प्रकोष्ठ द्वारा की गई गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण दिया गया है। छह पूर्वछात्र पुनर्मिलन आयोजित किए गए : 5-वर्ष, 10-वर्ष, 15-वर्ष, 20-वर्ष, 25-वर्ष, 30-वर्षीय पुनर्मिलन कार्यक्रम। वार्षिक छात्र - पूर्वछात्र बैठक - सिंक्रॉनी 12 शहरों में आयोजित की गई, जिसमें तीन अंतर्राष्ट्रीय शहर - लंदन, दुबई, सिंगापुर शामिल थे। परिसर में कई वक्ता सत्र सीधे या अन्य क्लबों के के माध्यम से अपने प्रयासों की सहायता आयोजित किए गए थे। ए-लीग वेबसाइट के पोर्टल को ए-लीग क्षेत्र में 14 संस्थानों को एक साथ लाने के लिए बनाया गया था। परिसर के समारोहों और पूर्वछात्रों की घटनाओं के समाचारों को लेकर प्रकोष्ठ ने मासिक न्यूज़लेटर टाइडिंग्स का प्रकाशन शुरू किया। परिसर में समुदाय में अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए पूर्वछात्र-आधारित मासिक क्विज़ भी आयोजित की गई।

अमेथॉन

वर्ष 2005 में इसकी स्थापना के बाद से ही, एशिया के सबसे बड़े खाद्य एवं कृषि-व्यवसाय शिखर सम्मेलन अमेथॉन को उद्योगों के हितधारकों द्वारा काफी सराहा जाता रहा है। वर्ष 2017 के संस्करण में 30,000 से अधिक की संख्या में लोगों को देखा गया, जो 6 से 8 जनवरी के दौरान आयोजित किया गया था। खाद्य, कृषि-व्यवसाय और ग्रामीण व्यापार क्षेत्रों में अवसरों और चुनौतियों को समझने के लिए छात्रों, शिक्षाविदों और उद्योग सहभागियों के बीच बातचीत के लिए इस मंच ने आवश्यक कौशलों को लगातार विकसित करने और संगठन के कार्यों में जिस तरीके से पुन: आविष्कार किया है, उसके बारे में ध्यान केंद्रित किया है।

यह संस्करण 'एग्रीबिजनेस : द वे फॉरवर्ड' विषय पर आधारित था जिसमें नए व्यावसायिक मॉडलों के विकास, आई.टी. समर्थित प्रक्रियाओं और मूल्यवर्धित उत्पादों की बढ़ती माँग पर चर्चा की गई थी। प्रतिभागी एक दूसरे के बीच रणनीति, सीएफओ एक्सिस, उत्प्रेरक और उद्योगों के माध्यम से प्रबंधन के सभी आयामों पर और कृषि-उद्यमशीलता और ग्रामीण विपणन जैसी कार्यशालाओं में संलग्न रहे थे। मुख्य वक्ताओं में प्रोफेसर अनिल गुप्ता, डॉ. मार्टिन क्रॉप और श्री अभिनय चौधरी जैसी सुप्रसिद्ध हस्तियों ने अपने दिलचस्प विचार प्रस्तुत किए।

अमेथॉन का उद्देश्य वर्ष 2022 तक सिंचाई, फसल बीमा, बाजार पहुँच और वित्त की उपलब्धता से संबंधित समस्याओं पर एक समर्पित ध्यान के माध्यम से किसान की आय को दोगुना करने के सरकार के उद्देश्य के लिए काम करना है। खेत से विशाख तक के विषयों पर चर्चाओं और ज्ञान से समूचे समुदाय को समस्या के

दायरे पर और आगे बढ़ने में मदद मिली।

बीटा

वित्त क्लब बीटा ने रोमांचक समारोहों की एक श्रृंखला के माध्यम से, फ़िनोमिना-2016 के साथ नए शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत की, जिसने परिसर पर वित्तीय परीक्षकों को रोमांचित किया। पुराने छात्रों द्वारा विशेष रूप से व्यापार वस्तुओं और बाजारों पर गहन अनुसंधान सहित व्यापक क्विजों को चित्रित किया गया। बीटा ने खातों, वित्तीय बाजारों, लागत और कॉर्पोरेट वित्त विषयों के लिए समय पर आधारित उपचारात्मक सत्रों का आयोजन किया।

छात्र और बीटा पूर्वछात्र जिन दो हस्ताक्षर गतिविधियों को भविष्य में देखना चाहते हैं वे स्थानन के तीन महीने पहले शुरू की गई हैं - बीटा डेली और मार्केट कमेंट्री। टीम ने इन गतिविधियों को एक दैनिक और द्वि-साप्ताहिक आधार पर कार्यान्वित किया ताकि बैच को क्रमशः वित्तीय अवधारणाओं की मूलभूत समझ, महत्वपूर्ण समाचार घटनाओं और मौलिक बाजार के जोखिम के साथ तैयार किया जा सके।

बीटा ने निवेश बैंकिंग, कॉरपोरेट बैंकिंग, कॉरपोरेट फाइनेंस, प्राइवेट इक्विटी, वेंचर कैपिटल, और वित्तीय बाजार जैसी भूमिकाओं के लिए नियमित और उन्नत आरईएम सत्र आयोजित करके ग्रीष्मकालीन स्थानन के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बीटा ने वित्त लघुसूचितों के लिए नकली साक्षात्कार सत्र भी आयोजित किए।

बीटा टीम के सदस्यों को इस क्षेत्र में रुचि पैदा करने के लिए विभिन्न दिलचस्प और ऑफ-बीट विषयों पर ब्लॉग लिखने के लिए प्रोत्साहित करता है। कॉर्पोरेट फाइनेंस और ब्लूमबर्ग के लिए कार्यशालाएँ आयोजित की गईं ताकि छात्रों को इंटर्नशिप और वित्त में नौकरियों के लिए तैयार किया जा सके।

कंप्यूटर केंद्र समिति (सीसीसी)

कंप्यूटर केंद्र समिति उन कुछ क्लबों में से एक थी जिसने परिसर में आने से पूर्व नए आने वाले बैच के साथ संवाद किया था। इससे उन्हें आते समय लेकर आने वाले दस्तावेजों और विभिन्न अन्य प्रोटोकॉल के बारे में प्रभावी रूप से संवाद करने के लिए एक मंच मिला। इस समिति ने मैक लैपटॉप, एमएस ऑफिस और विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए थोक सौदे आयोजित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

समिति ने परिसर में नेट कनेक्टिविटी को सुधारने की ओर रुख किया और कनेक्टिविटी की समस्या वाले 80 से अधिक छात्रों को रूम राउटर उपलब्ध कराया। छात्रावासों में बेहतर प्रिंटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए प्रिंटर कारट्रिज बदले गए। इसके अलावा, कंप्यूटर केंद्र समिति एसएबी में स्थापित प्रिंटर के अनुरक्षण के लिए भी जिम्मेदार थी।

कंप्यूटर केंद्र समिति ने एसएसी के लिए चुनाव प्रक्रिया निष्पादित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और पूरी प्रक्रिया का सहज कार्यान्वयन सुनिश्चित किया। एसएसी सदस्यों की स्थिति के लिए सोपबॉक्स की लाइव स्ट्रीमिंग की पहल ने पूरी छात्र-बिरादरी के लिए अपने छात्रावासों से प्रक्रिया को देखने का अवसर प्रदान किया। इसके अतिरिक्त, क्लब ने एक समर्पित बैच-डेटा पोर्टल की भी पेशकश की जो पूरे छात्र समुदाय द्वारा उपयोग किया जा सकता है।

कैओस

आईआईएमए का वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव कैओस-2017, जो 26 से 29 जनवरी के दौरान आयोजित किया गया था, इसने आईआईएमए में प्रसिद्ध कार्यक्रमों के द्वारा स्वागत करते हुए राहत प्रदान की। भारत में सबसे बड़े और सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक महोत्सवों में से एक कैओस ने अपने नवीनतम अवतार में 60,000 से अधिक लोगों के साथ साझेदारी देखी। इस महोत्सव ने पहले से कहीं अधिक दर्शकों और मीडिया का ध्यान आकर्षित किया, और बुकमाइशोडॉटकॉम और मेकमाइट्रीपडॉटकॉम पर स्कोम (एससीओएम) के लाइक्स से प्रमुख प्रायोजक को आकर्षित किया। इस संस्करण से ठीक पहले, कैओस ने अपनी असाधारण

गुणवत्ता और मानकों के लिए आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित महोत्सव का स्थान हासिल कर लिया था जो कि वर्षों से बरकरार रहा है।

दर्शकों के पसंदीदा प्रोनाइट्स बैंड ने मंत्रमुग्ध करने वाले इन प्रदर्शनों को शामिल किया - द लोकल ट्रेन, सबमर्ज का एक डीजे प्रदर्शन, कोक स्टुडियो नाइट में सचिन-जिगर की लोकप्रिय जोड़ी के हिंदी तथा गुजराती गीत और कैओस के समापन के समय केके नाइट आदि। इस समारोह में कॉमेडियन बिस्व कल्याण रथ की 'प्रेथेंटियस मूवी रिव्यू' की प्रसिद्धि, और साहसी स्पोर्ट्स इवेंट्स में स्काय-राइडिंग जैसे रोमांचक विकल्प, ट्रेजर-हंट और पेंटबॉल जैसे रोमांचक पलों में प्रसन्नता दिलाने वाले कार्यक्रम भी शामिल किए गए थे।

कैओस-2017 में सभी के लिए कुछ न कुछ था। जो अपने भीतर के कलाकार को निकालना चाहते थे, उन लोगों के लिए ललित कला क्षेत्र में कार्यशालाएँ आयोजित की गई थीं, और नृत्य उत्साही लोगों के लिए ज़ुम्बा, रुडा डी कैसीनो और हला-हूप जैसी कार्यशालाएँ थीं। कैओस में स्ट्रीट-प्ले, स्टेज-प्ले, एकल नाटक, लघु फिल्म, कोरियो-प्रतियोगिता और बैंड प्रदर्शन जैसी प्रतियोगिताएँ तथा एलएएन गेमिंग, पोकर नाइट्स और ड्रम सर्किल जैसे कई रोमांचक अनौपचारिक कार्यक्रम भी शामिल थे।

फेमिना मिस इंडिया के कैम्पस प्रिन्सेस समारोह में अपनी जूरी के रूप में सुश्री प्रियदर्शीनी चटर्जी, फेमिना मिस इंडिया-2016 की उपस्थिति देखी गई। हमेशा की तरह फैशन परेड ने अपना स्वयं का आयोजन किया और आसपास के संस्थानों के छात्रों की मॉडलिंग प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कैओस-2017 का यह 'वांडरलस्ट' संस्करण, अपनी घोषणा के अनुसार रहा और अपने बहुत से प्रतिभागियों को, जीवन भर के लिए संस्मरणों की यादें दीं, और इस संस्करण के लिए 'ए कार्निवल ऑफ ड्रीम्स' शीर्षक बिलकुल उपयुक्त रहा।

कॉन्फ़्लुअन्स

कॉन्फ़्लुअन्स कई वर्षों से आईआईएम अहमदाबाद के लिए वार्षिक सामान्य व्यापार संगोष्ठी और एशिया में सबसे बड़ा बिजनेस स्कूल शिखर सम्मेलन रहा है। 2016 के संस्करण का विषय - लोग, ग्रह और लाभ (पीपल, प्लानेट, प्रॉफ़िट्स), जलवायु परिवर्तन की समय के साथ प्रासंगिकता और व्यवसायों तथा टिकाऊ तरीकों में इसका क्या अर्थ है को ध्यान में रखकर रखा गया था।

अपने बहु-मुखी लोगों के महत्व को ध्यान में रखते हुए, कॉन्फ़्लुअन्स-2016 को 7 सम्मेलनों के तहत संरचित किया गया था; जिनके नाम थे - प्रौद्योगिकी और डिजाइन, विपणन, उद्यमिता, सार्वजनिक नीति और अर्थशास्त्र, वित्त और सामाजिक रूप से उसके पूर्णांक। इन सम्मेलन के तहत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में आज के और भविष्य के अग्रणियों को एक मंच पर, व्यापार के दायरे के भीतर और उससे परे मौजूद विचारों और मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए लाया गया।

प्रत्येक कॉन्फ़्लुअन्स संस्करण के महत्वपूर्ण भागों में से एक भारतीय अंतर्राष्ट्रीय मॉडल संयुक्त राष्ट्र की मेजबानी है, जहाँ प्रतिभागियों को प्रमुख मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए प्रतिनिधियों के रूप में उत्तरदायित्व धारण करते हैं जो देश और बड़े पैमाने पर दुनिया को प्रभावित कर सकते हैं। यह बड़ा संयोग रहा, जब कॉन्फ़्लुअन्स-2016 पूरी तरह से समय के अनुरूप रहा। भारत के माननीय प्रधानमंत्री द्वारा 8 नवंबर की विमुद्रीकरण घोषणा के बाद यह आयोजित हुआ, और छात्रों ने काले धन और अन्य व्यवसायियों के साथ-साथ इस तरह के कठोर विरोध के विषय और अचानक हुए परिवर्तन पर चर्चा की।

अन्य अच्छी तरह सराहे गए कार्यक्रमों में थे - स्टार स्पोर्ट्स इंडिया के विपणन प्रमुख श्री शुभ्रांशु सिंह और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व मुख्य अर्थशास्त्री श्री नमेन्दा जाधव के स्पीकर सत्र। चित्ताकर्षक कार्यशालाएँ भी थी जैसे आर्ट एटेक के प्रसिद्ध श्री गौरव जुबल द्वारा डिजाइन सोच पर कार्यशालाएँ, और अन्य एक कार्यशाला थी - फ़ाइडेफ़िक्शन फीलम्स के संस्थापक श्री तन्मय शाह द्वारा कला और शिल्प पर संक्षिप्त-फ़िल्म निर्माण।

परामर्श क्लब

32 सदस्यों की एक टीम के साथ परामर्श क्लब ने महत्वपूर्ण कार्यक्रम से वर्ष की शुरूआत की। छात्रों, संकायों, पूर्वछात्रों और उद्योग के व्यवसायियों के बीच बातचीत के अवसर प्रदान करने के अंतर्निहित उद्देश्य के साथ, क्लब ने एक आंतरिक और साथ ही एक बाहरी ध्यान-केंद्र से कार्यक्रमों को संगृहीत किया।

आंतरिक केंद्रित कार्यक्रमों में प्रतियोगिताएँ, कार्यशालाएँ, और स्थानन तैयारी शामिल थीं। क्लब ने स्ट्रेटेगोज़ शुरू किया, जो अंतर-आईआईएम केस प्रतियोगिता है और इस तरह के इस पहले कार्यक्रम में 60 से अधिक टीमों की भागीदारी देखी गई जो एक बड़ी सफलता थी। स्थानन की तैयारी के हिस्से के रूप में, आईआईएमए केसबुक, परामर्श 360, पैनोरमा रिपोर्टें लिखी गई और संकलित की गईं। इसके अतिरिक्त, छात्रों को साक्षात्कार की प्रक्रिया से परिचित कराने के लिए परामर्शदाता कार्यक्रम और बनावटी साक्षात्कार शुरू किए गए थे। इसके अलावा, परामर्श का परिचय, सीवी बनाना, और केस समाधान के लिए नवांगतुक पीजीपी बैच को परामर्श के महत्वपूर्ण पहलुओं को उजागर करने के लिए पर कार्यशालाएँ आयोजित की गईं।

बाहरी गतिविधियों पर भी ध्यान केंद्रित किया गया जिसमें पूर्वछात्र जुड़ाव और सोशल मीडिया संलग्नता शामिल थे। वेबसाइट और ब्लॉग पर क्लब से संबंधित जानकारी और विभिन्न उद्योगों पर नए

लेखों के साथ अद्यतन किया गया था। क्लब ने लगातार उद्योग और साथ ही संकायों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने का प्रयास किया है। इस संबंध में, क्लब ने एक व्यवसायी लेंस से परामर्श करने के परिप्रेक्ष्य को प्रदान करने के लिए - एटी केअर्नी, बैन, बीसीजी, मैककिंसे, पार्थेनॉन न जैसी पाँच प्रमुख रणनीति परामर्शन कंपनियों के प्रतिनिधित्व के साथ एक स्पीकर सत्र का आयोजन किया। क्लब ने कई प्रसिद्ध परामर्श कंपनियों को भी अपनी परियोजनाओं, कार्यालय माहौल, और उनके अभ्यास क्षेत्रों के बारे में वार्ता करने के लिए आमंत्रित किया। क्लब ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय और कपड़ा मंत्रालय के साथ परियोजनाएँ शुरू की। क्लब ने एसआरसीसी के साथ मिलकर एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता, मिलेनेयर स्ट्रेटेजी का आयोजन किया।

सांस्कृतिक एवं सामाजिक मामले समिति (कल्टकॉम)

सांस्कृतिक और सामाजिक मामले समिति परिसर में सभी मजेदार कार्यक्रमों के आयोजन और परिसर को जीवंत रखने के लिए जिम्मेदार है। वेलकम वीक, टी-नाइट, गरबा, होली, दिवाली, क्रिसमस, पोंगल, लोहड़ी, गणेश चतुर्थी, या कोई भी त्यौहार-पर्व हो, कल्टकॉम ने आईआईएमए की संस्कृति को सफलतापूर्वक बनाए रखा है। गरबा-रास, न्यू ईयर पार्टी और बाइक ट्रिप ने छात्रों को अपने व्यस्त कार्यक्रम से ब्रेक लेने की इजाजत दी, और अपने दोस्तों के साथ आनंद उठाया। इसके अलावा, प्रमुख त्यौहार, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और संस्थान दिवस कल्याण समिति की मदद से मनाये गए। कल्टकॉम ने म्यूज़िक क्लब और फुटलूज़क्लब जैसे अन्य क्लबों के सहयोग से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस वर्ष, क्लब ने दो नए कार्यक्रमों के आयोजन की पहल की। एक, एक्सचेंज छात्रों के साथ खाना-पकाना जिसमें हर देश का खाना पकाना और संबंधित नागरिकों द्वारा परोसना और दूसरा, भोजन एवं फिल्म उत्सव जो सर्दियों में आयोजित किया गया था, इसमें मॉकटेल से लेकर मेंदू वडा तक के विभिन्न स्टालों के साथ कार्निवल का आयोजन किया गया और साथ-साथ कार्टून फ़िल्मों का प्रदर्शन किया गया था। इसे सभी के द्वारा काफी पसंद किया गया था।

सार्वजनिक वक्ता क्लब (इलोकन्स)

इलोकन्स, आईआईएमए के सार्वजनिक वक्ता क्लब का उद्देश्य एक मंच प्रदान करना है जहाँ आईआईएमए समुदाय के सभी सदस्य सार्वजनिक रूप से बोलने की कला सीखने और अभ्यास करने के लिए इकट्ठा हो सकते हैं। इलोकन्स क्लब द्वि-साप्ताहिक सत्रों का आयोजन करता है जिनमें पूर्वतैयार भाषण, वाद-विवाद, आशुभाषण और शब्द-खेल जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। विभिन्न पृष्ठभूमि वाले लोग इन सत्रों में भाग लेते हैं और मित्रवत्, अभिगम-उन्मुख वातावरण में अपने अनुभवों और विचारों को एक-दूसरे के साथ साझा करते हैं।

इलोकन्स क्लब विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन करता है जो छात्रों को आईआईएमए में उनके स्थानन के लिए तैयार करने में मदद करती हैं। कई छात्र समूह-चर्चाओं और व्यक्तिगत साक्षात्कारों के साथ असहज होते हैं, जो बी-स्कूलों में भर्ती प्रक्रियाओं में प्रमुख प्रक्रिया होती हैं। इलोकन्स क्लब दोहराव वाले अभ्यासों के साथ छात्रों की खामियों को पहचानने और दूर करने में सहायता करने के लिए बनावटी समूह-चर्चाओं का आयोजन करता है।

अपनी नियमित गतिविधियों के अलावा, इलोकन्स क्लब ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय के मार्गदर्शन के तहत स्वच्छ भारत अभियान के विषय पर एक बहस प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए एलएसडी के साथ भागीदारी की। इस कार्यक्रम से परिसर में बहस के प्रति उत्साह के रूप में व्यापक भागीदारी देखी।

एंत्रे प्रकोष्ठ

वर्ष 2016-17 की शुरूआत प्रोफ़ेसर सुनील हांडा द्वारा प्रेरक वक्ता श्रृंखला - एलईएम सत्रों (उद्यमिता प्रेरणा प्रयोगशाला सत्र) के साथ हुई। हमेशा की तरह ये परिसर में सबसे ज्यादा पसंद किये जाने वाले सत्रों में से एक थे, जिनमें प्रोफेसर हांडा ने उन उद्यमियों की कहानियों को बताया जो सभी बाधाओं के खिलाफ लड़े थे। छात्र-समुदाय के लिए एक स्टार्टअप सिमुलेशन खेल - यंग सीईओ - का आयोजन बहु-आयामी समस्याओं के साथ किया गया था, जिससे कि प्रथम वर्ष के छात्रों को अपनी समस्याओं को तैयार करने और अपने विचारों को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इसके बाद 'स्टार्टअप कैसे शुरू करें' नामक एक वक्ता श्रृंखला - व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ किया गया जहाँ प्रतिष्ठित उद्यमियों ने परिसर में आकर स्टार्टअप कैसे शुरू किया जाए उसके बारे में बहुत विशिष्ट विषयों पर बात की। व्याख्यान श्रृंखला की अधिक पहुँच के लिए इन्हें रिकॉर्ड किया गया और यूट्यूब पर अपलोड किया गया था। सोशल मीडिया के माध्यम से यह पहल 1.5 लाख से अधिक दर्शकों तक पहुंच गई। फ्लैगशिप बी-प्लान प्रतियोगिता - मास्टरप्लान न में 450 से अधिक पंजीकरण के साथ पूरे देश से प्रतिभागियों ने भाग लिया। आईबीएम के साथ भागीदारी में संज्ञानात्मक कंप्यूटिंग पर एक विशेष ट्रैक की पेशकश की गई थी। एंत्रे मेले में अनौपचारिक बातचीत सत्र, रात्रिभोज और पैनल चर्चाएं हुईं जहाँ 15 से अधिक स्टार्टअप कैंपस में भर्ती के लिए आए। कई कार्यशालाएँ जैसे लर्न स्टार्ट-अप मैनेजमेंट / स्टार्ट-अप वीकेंड / ऐप डेवलपमेंट आदि की प्रस्तुति तत्क्षण अभिगम अनुभव प्रदान करने के लिए की गई।

समान अवसर छात्र समिति (ईओएससी)

समान अवसर छात्र समिति (ईओएससी) स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रस्त और विकलांग छात्रों की भलाई के लिए काम करती है ताकि जहाँ भी स्वास्थ्य समस्या हो, या विकलांगता दिन-प्रतिदिन जीवन को प्रभावित करती है वहाँ जरूरतों को पूरा किया जा सके।

ईओएससी के लिए यह पहला परिचालन वर्ष था जहाँ सभी विकलांग उम्मीदवारों को एक विशिष्ट संरक्षक के रूप में मानचित्रण किया गया ताकि वे परिसर में दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों से संबंधित अपनी विशिष्ट जरूरतों को देख सकें। जहाँ भी संभव हो वहाँ, पाठ्यक्रम सामग्री की सॉफ्ट कॉपी और द्वितीयक रीडिंग उपलब्ध कराया गया ताकि सामग्री का अध्ययन करने में आसान पहुंच सुनिश्चित हो। इसके अलावा, उन्हें स्थानन की तैयारी के साथ मार्गदर्शन भी दिया गया ताकि वे यह सुनिश्चित कर सकें कि वे शिक्षाविदों और ग्रीष्मकालीन स्थानन के लिए समान रूप से तैयार हैं।

बुनियादी ढांचागत समर्थन प्रदान करने में सहायता के संबंध में, भोजन के आउटलेट, एसबीआई बैंक और एटीएम जैसे कुछ प्रमुख स्थानों और नए कैंपस में कुछ जगहों तक चेयर-वाहन वाले विकलांगों की पहुंच बनाने के लिए रैंप का निर्माण किया गया है। इसके अलावा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के मानदंडों के आधार पर, एक ऑडिटिंग भी किया गया, जो कि अकादमिक संस्थानों के लिए ढांचागत पहल करने में आश्रित होते हैं। यह रिपोर्ट बाद में संस्थान के संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए समान अवसर कार्यालय को सौंपी गई।

इक्विपोइज़

इक्विपोइज़, अर्थशास्त्र क्लब है, यह अर्थशास्त्र को मजेदार बनाने की दिशा में काम करता है। क्लब ने उन छात्रों को भी प्रोत्साहित और सशक्त किया, जो अर्थशास्त्र क्षेत्र में आगे की शिक्षा पाने में रुचि रखते हैं।

वर्ष की शुरूआत इक्वीज़िटिव (अर्थ समविज्ञानी) प्रश्नोत्तरी के साथ हुई, ताकि विद्यार्थियों को यह एहसास हो सके कि अर्थशास्त्र हर जगह है और यह हमारे जीवन के अधिकांश पहलुओं को छूता है।

इक्विपोइज़ का हस्ताक्षर कार्यक्रम 'इकोनॉमिक्स अड्डा' छात्रों के लिए बहस करने और विभिन्न नीति विषयों पर चर्चा करने के लिए एक मंच रूप साबित हुआ। इक्विपोइज़ द्वारा आयोजित तीन अड्डा कार्यक्रम थे जिनमें निम्नलिखित विषय शामिल थे :

- 'केंद्रीय बजट 2017 और जीडीपी विकास, विमुद्रीकरण और जीएसटी के संदर्भ में राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीति के बीच एक संबंध स्थापित करने के लिए राजकोषीय गणित'
- 'ट्रम्पोनॉमिक्स भारत पर इसके प्रभाव - संरक्षणवाद के बारे में ये सब कुछ क्या है?'
- 'केंद्रीय बैंकों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मौद्रिक साधन'
- 'स्वामी ब्रिगेड द्वारा रघुराम राजन की नीतियों और आलोचकों पर बहस'
- सभी अड्डाओं को छात्र समुदाय द्वारा बहुत सराहा गया और अन्य विद्यार्थियों के विषयों पर अलग-अलग परिप्रेक्ष्य प्राप्त करने के लिए उपस्थित लोगों को इनसे सक्षम बनाया।
- इक्विपोइज़ क्लब के प्रथम न्यूजलेटर का प्रकाशन- दी इक्विपोइज़
- 'मुतातिस मुतांदिस' (यथोचित परिवर्तनों सहित) जो इंटर्नशिप चयन प्रक्रिया के ठीक पहले रिलीज हुई थी इसकी छात्रों ने काफी सराहना की थी, क्योंकि इससे प्रक्रिया की तैयारी में मदद मिली थी। सिद्धांत रूप में हम अर्थशास्त्र को सेटरिस परिबास धारणा (बाकी सब एक-सा) के रूप में सीखते हैं, और अन्य सभी चीजें अपरिवर्तित रखते हैं। लेकिन वास्तविकता अलग है, इसलिए मुतातिस मुतांदिस उन चीजों को बदलने के लिए कहता है जिन्हें बदलने की जरूरत होती है और इक्विपोइज़ ने न्यूज़लेटर के माध्यम से इस द्विभाजन पर विचार करने की कोशिश की थी।

मांग आपूर्ति और मूल्य निर्धारण आधारित 'आईपीएल नीलामी' और गेम थ्योरी आधारित 'साम्राज्यवादियों के संघर्ष' को भारी प्रतिक्रिया मिली।

श्री के. के. कोठारी और सुश्री चित्रा चंद्रशेखर द्वारा दिये गए अतिथि व्याख्यान ने पर्यावरण अर्थशास्त्र के बारे में एक अलग परिप्रेक्ष्य रखा।

इक्विपोइज़ द्वारा आयोजित सूक्ष्म और समष्टि अर्थशास्त्र विषयक उपचारात्मक सत्र उपयोगी साबित हुए क्योंकि परीक्षाएं करीब थीं। सत्रों में उपस्थित लोगों की संख्या से यह स्पष्ट था।

विनिमय परिषद

इस वर्ष कई नयी पहलें की गई जैसे कि नमस्ते इंडिया वीक, ट्रावेल बाइबिल और एक्सचेंज शिविर। नमस्ते इंडिया वीक सप्ताह भर का मनोरंजक कार्यक्रम है जो इस वर्ष में तीन बार आयोजित किया गया, उस अवधि के आने वाले छात्रों के लिए प्रत्येक अवधि में एक बार। इसकी गतिविधियों में आइस ब्रेकर सत्र, कैम्पस टूर, हेरिटेज वॉक, साबरमती आश्रम दौरा, मूवी नाइट, स्वागत रात्रिभोज, एक्सचेंज पार्टीज़, फुटबॉल मैच आदि शामिल हैं। ट्रावेल बाइबिल हमारे सभी पार्टनर विश्वविद्यालयों पर जानकारी को मजबूत करने का एक प्रयास रूपी पहल थी, और इसमें छात्रों के निजी अनुभव साझा किये गए और जूनियर बैचों के लिए इस डेटा को पहुँचाया गया। सदस्यों ने जूनियर बैच द्वारा उपयोग में लेने के लिए इस पोर्टल और इसके डेटा तैयार करने के लिए अंतहीन काम किया। एक्सचेंज शिविर पारंपरिक एक्सचेंज फेयर को सुधारने का एक प्रयास था। एक मुक्त मेले के बदले संचार, सूचना हस्तांतरण को प्रभावी बनाने के लिए प्रारूप को एक मॉड्यूलर सत्र वार कार्यक्रम में बदल दिया गया था। एक्सचेंज बनाम गैर एक्सचेंज बहस जैसे कार्यक्रम, वरिष्ठों द्वारा अनुभव साझा करने,

मापदंडों का स्पष्टीकरण और प्रक्रिया को अपनी विनिमय अवधि के बारे में अधिक जानकारी देने के लिए पीजीपी-1 छात्रों के लिए लक्षित किया गया था।

इस साल, आईआईएमए ने पहली बार प्रबंधन सम्मेलन में इंटरनेशनल पार्टनर्स का आयोजन किया। यह बिजनेस स्कूलों का एक वैश्विक नेटवर्क है जिसमें एक विनिमय कार्यक्रम है। एक्सचेंज काउंसिल के सदस्यों ने पीआईएम सम्मेलन के संगठन में कैंपस टूर आयोजित करके, नृत्य संध्या की मेजबानी की, और प्रत्येक सत्र में स्वयं सहायता प्रदान की। परिषद की गतिविधियों की एक संक्षिप्त प्रस्तुति भी की गई थी। परिषद ने प्रथम आईआईएमए समर स्कूल के संगठन में भी सहायता की थी।

इनके अलावा, स्नातक हो रहे छात्रों के लिए साझेदार विश्वविद्यालयों के साथ विनिमय रिक्तियों की बातचीत करने, विनिमय रैंकों को जारी करने, युरैल पास, फॉरेक्स, बीमा, आईएसआईसी कार्ड, अवरुद्ध खातों इत्यादि के लिए थोक सौदों को लाना, आदि सहयोगी विश्वविद्यालयों के साथ सहयोग के लिए परिषद की नियमित गतिविधियाँ अन्य शीर्ष बी-स्कूलों के साथ और सुरक्षित यात्रा के लिए सुझावों के सत्र एलेन के साथ आयोजित किए गए थे। आने वाले छात्रों के लिए, परिषद ने दोस्तों के आवंटन के लिए पहचान कराई और पाठ्यक्रम बोली-प्रक्रिया प्रणाली का पुनर्गठन किया।

एफ़एबीएम शैक्षणिक परिषद

एफ़एबीएम शैक्षणिक परिषद संस्थान में कठोर शैक्षिक यात्रा के माध्यम से दोनों बैचों के सुचारु परिवर्तन के लिए प्रतिबद्ध है। यह परिषद बैच की बदलती जरूरतों के साथ शैक्षणिक परिवेश में बदलाव लाने की कोशिश करती है ताकि वर्तमान बैच के साथ-साथ अन्य बैचों पर सकारात्मक प्रभाव पड़े, जो अभी तक आना बाकी है।

अब तक आयोजित की गई गतिविधियाँ, दूसरे वर्ष में एफ़एबीएम बैच के लिए बोली प्रक्रिया है। शैक्षणिक अखंडता सुनिश्चित करने और शैक्षिक मोर्चे पर किसी भी बदलाव के बारे में बैच को अद्यतन करने के लिए समय पर अनुस्मारक दिये गए। पाठ्यक्रम के सुचारु संचालन के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रम की समय सारणी / जोड़ / विलोपन के निपटान का प्रबंध करने में ध्यान रखा गया। प्रतिपुष्टि के आधार पर पाठ्यक्रम पाठ्यचर्या की समीक्षा करने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया गया। अन्य छात्रों और अकादमिक सहयोगियों के साथ सहयोग करके उपचारात्मक सत्रों का आयोजन किया गया। खाद्य और कृषि डोमेन में सबसे प्रमुख विषय-क्षेत्रों को शामिल करने के विकल्पों को बढ़ाने के लिए रुचि सर्वेक्षण के आधार पर नए पाठ्यक्रमों को लागू करने के लिए संकायों से अपील की गई। इससे दूसरे साल के छात्रों के लिए दो नए पाठ्यक्रमों की शुरुआत हुई।

परिषद ने कई पहलों पर काम शुरू किया है जो निकट भविष्य में लाभदायक रहेंगी। एफएबीएम अनिवार्य पाठ्यक्रमों के लिए फीडबैक फार्म, क्विज़, प्रतिलिपियों को ऑनलाइन जमा कराना प्रगति पर है। आम छात्रों में और अधिक पाठ्यक्रमों को पेश करने और एफएबीएम सीटों की पेशकश के लिए रिपॉजिटरी और विनिमय विश्वविद्यालयों में सुधार करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

संकाय-छात्र आपसी विचार-विमर्श कक्ष (एफएसआई)

एफएसआई कक्षा की चार-दीवारी दायरे से बाहर संकाय और छात्रों को जोड़ने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है।

एफएसआई ने पीजीपी-1 और पीजीपी-2 दोनों के लिए वार्षिक बैच डिनर की मेजबानी शुरू की, जहाँ छात्रों ने अपने संकायों के साथ में कैंपस लॉन में डिनर का आनंद लिया। वार्षिक बैच वीडियो का संकलन भी छात्रों से वीडियो सामग्री के योगदान के साथ किया गया था, और रात्रिभोज के दौरान इनका स्क्रीनिंग किया गया।

इसके बाद, नए शैक्षणिक वर्ष में, एफएसआई का प्रमुख कार्यक्रम - संकाय मार्गदर्शन कार्यक्रम का शुभारंभ गुरु पूर्णिमा के शुभ दिन पर किया गया जिसमें 35 प्रोफेसरों को 205 परामर्शवांच्छुओं में आवंटित किया गया।

पीजीपी-1 के छात्रों की नियमित कक्षाओं के बाद 5 सितंबर को केक कटिंग समारोह पहला समारोह था। इसके बाद वाले सप्ताहांत में आरजेएम सभागार में एक भव्य उत्सव किया गया, जिसमें संकायों और छात्रों, दोनों की तरफ से लाइव संगीत, नृत्य और नाटक का प्रदर्शन शामिल था। सभी संकाय और उनके परिवारों को निजी तौर पर एफएसआई के सदस्यों द्वारा आमंत्रित किया गया था। एफएसआई ने कक्षाओं, म्यूजिक क्लब, फुटलूज़क्लब और आईआईएमएक्ट्स के साथ मिलकर काम किया, जिन्होंने एक साथ मिलकर इस उत्सव को और अधिक मनोरंजक और सहभागिता युक्त बनाया।

हमारे सदस्यों और संकायों की तरफ से प्राप्त इनपुट प्रयासों के माध्यम से, एफएसआई ने संकाय सूचना के लिए एक पोर्टल बनाकर शुभारंभ किया। इस पोर्टल का उद्देश्य संकाय सदस्यों के साथ जुड़ते समय उनके अनुसंधान और शौक में सामान्य रुचि वाले क्षेत्रों को जानना तथा उनके बैच डेटा और जानकारी का एक विश्वसनीय स्रोत जैसी संकाय सूचनाओं तक आसान पहुँच प्रदान करना है।

खेल लोगों को एक साथ लाने का एक स्वाभाविक तरीका है। 30 नवंबर को गली क्रिकेट खेलने के लिए संकाय और छात्र एक साथ आए थे। एफएसआई ने आईआईएमए समुदाय के लिए एक रीफ्रेशिंग वार्षिक खेल समारोह भी आयोजित किया, जिसमें सारा-

खेल एवं मनोरंजन गतिविधियाँ के तहत बच्चों एवं बड़ों के लिए बोरा दौड़, धीमी-गति-साइकिल दौड़, नींबू-चम्मच दौड़, तीन-पैर-दौड़, संगीत-कुर्सी, बदल-दौड़ आदि जैसी प्रतिस्पर्धाएँ शामिल थी।

विभिन्न विषयों पर अनौपचारिक समायोजन में चर्चा के माध्यम से, एफएसआई ने संकायों और छात्रों के बीच संलग्नता और बातचीत में वृद्धि करने की कोशिश की। निम्नलिखित सत्रों की मेजबानी एफएसआई द्वारा की गई थी :

- प्रोफेसर विश्वनाथ पिंगली ने छात्रों को 'अर्थशास्त्र में भविष्य के अवसर' पर चर्चा में शामिल किया।
- प्रोफेसर चिन्मय तुम्बे ने अपनी व्यापक यात्रा के अनुभवों और उन स्थानों के बारे में बताया, जिसका दौरा एक बार करना ही चाहिए।
- प्रोफेसर आशीष नंदा ने एक ठसाठस भरी कक्षा में 'जीवन के सबक' पर चर्चा की।
- प्रोफेसर अनिल गुप्ता ने देर शाम की सैर के दौरान 'सचमुच मानवीय, खुश और सामंजस्यपूर्ण' होने पर बातचीत की।
- प्रोफेसर अनुराग अग्रवाल ने 'फिल्म्स, गाने और व्यवसाय' के एक-दूसरे से संबंधों के बारे में बात की।

फ़िनेस

फ़िनेस, आईआईएम अहमदाबाद का ललित कला क्लब, कला के आनंद को बढ़ावा देने, परिसर में कुछ नया सीखने और रंगों की खूबसूरती बनाए रखने का प्रयास करता है।

परिसर को थोड़ा और अधिक रंगीन बनाने के लिए और थोड़ी अधिक हर्षित करने की अपनी खोज में, फ़िनेस क्लब ने कई कला कार्यशालाओं का आयोजन किया, जिनमें ओरिगामी से मधुबनी पेंटिंग तक की कलाएँ रखी गईं थी। सुलेख की भी पेशकश थी। सुश्री दीपा बजाज द्वारा लाई गई रेत कला प्रदर्शनी ने बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित किया और कला प्रदर्शनी, जिसमें पूरे आईआईएमए समुदाय की भागीदारी देखी गई, इन सबको बहुत सराहना मिली।

इस साल फ़िनेस के सहयोग के प्रयासों में सुश्री नीना नैषध के साथ एक प्रयास था, जिसके परिणामस्वरूप दो विषयों के व्यवसायियों को लाने का नया विचार आया; पेंटिंग और मूर्तिकला, एक ही मंच पर और कुछ अद्वितीय बनाने के लिए लाया गया। इन कलाकारों ने आईआईएमए समुदाय के साथ कार्यशालाएँ आयोजित की और अंतर्क्रियात्मक सत्र आयोजित किए। प्रयास और स्माइल के बच्चों के लिए सब्जी स्टैम्पिंग और स्प्रे पेंटिंग और क्विलिंग कक्षाएँ सबसे मजेदार कार्यक्रम थे जिसने इन बच्चों और इनके शिक्षकों के चेहरे पर मुस्कुराहट ला दी थी। कॉन्फ्लुअन्स-2016 के दौरान होप बॉक्स स्टाल के माध्यम से, प्रयास के लिए वित्तपोषण प्राप्त करना और कैओस-2017 के दौरान चेहरे की पेंटिंग तथा टी-शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन करके फंड तैयार करना, आदि अन्य क्लब गतिविधियों में से कुछ थी जो आईआईएमए समुदाय के सभी सदस्यों के शामिल करने के मुख्य उद्देश्य से कार्य करती हैं और ये कला, कला से सीखना और बीते समय की कुछ रंगीन यादें ताजा करती हैं।

खाद्य और कृषि-व्यवसाय (एफएबी) क्लब

संवेदनशीलता से लेकर कार्यशालाओं तक, वक्ता सत्रों से लेकर क्विज तक और पैनल चर्चाओं से लेकर समूह चर्चाओं तक के लिए किए जाने वाले अभियान से, खाद्य और कृषि-व्यवसाय क्लब, अपने शान्त तरीके से, परिसर की वर्णात्मक कहानी में भोजन और कृषि-व्यवसाय डोमेन के लिए एक जगह बनाने के लिए परिश्रम से काम कर रहा है।

वर्ष भर संवेदीकरण अभियान चलाकर, भोजन अपव्यय के खिलाफ, भोजनालय में संवेदनशीलता का अभियान चलाया गया था। एक गंभीर मुद्दे पर जागरुकता पैदा करने के बारे में यह एक छोटा सा प्रयास था। एफएबी क्लब ने अगली पहल में चार दौरों में आयोजित की गई ऑनलाइन खाद्यान्न-सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी रही और इसमें आईआईएमए समुदाय से उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई।

एफएबी क्लब ने प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए मॉक समूह-चर्चा करके और प्रासंगिक विषयों पर लेख भेजने के लिए ग्रीष्मकालीन स्थानन की तैयारी में एफएबीएम स्थानन समिति को सहायता करने की जिम्मेदारी ली। एफएबी क्लब ने वर्ष के दौरान खाद्य और कृषि-व्यवसाय से संबंधित प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों द्वारा पूरे समुदाय के लिए कई वक्ता सत्रों की मेजबानी की। इन तकनीकी कार्यक्रमों के अलावा, समुदाय पहुँच कार्यक्रम - आरम्भ, जिसका उद्देश्य महिलाओं में स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के बारे में जागरुकता लाना था, उसका आयोजन किया जिसे उत्कृष्ट प्रतिक्रिया मिली।

इस वर्ष भी आईआईएमए ने अन्य क्लबों और कार्यक्रमों के सहयोग से इस क्लब से विकास किया। परिसर में 'एक पौधा अपनाएँ' अभियान का आयोजन प्रकृति के साथ किया गया और अमेथॉन के साथ मिलकर एक पैनल चर्चा आयोजित की गई। अमेथॉन के दौरान आयोजित एनसीडीईएक्स कार्यशाला इस वर्ष का एक सुनहरा क्षण था।

फुटलूज़

नृत्य परमानंद की अभिव्यक्ति होती है और यह हमेशा ऐसा कुछ करता है जो लोगों को सोच से परे अहम् खुशी प्रदान करने के लिए उत्तेजित करता है। जो लोग अपनी अंतर आत्मा को व्यक्त करने और संगीत की ताल पर अभिव्यक्ति के माध्यम से नृत्य को चुनते हैं, उनके लिए फुटलूज़ क्लब एक मंच प्रदान करता है

जिससे इसे अगले स्तर तक बढ़ाया जा सके।

फुटलूज़ ने वर्ष की शुरूआत पीजीपी-2 के 'बिग बैंग' प्रदर्शन के साथ नए छात्रों का स्वागत करते हुए बहुमुखी संख्या के साथ की। यह कुछ कार्यक्रमों में से एक था, जो पूरे छात्र समुदाय का स्वागत करते हैं और केवल सदस्यों तक सीमित न रहते हुए उत्साही दर्शकों के सामने अपने नृत्य कौशल का प्रदर्शन करते हैं। पीजीपी-1 के नए छात्रों के शामिल होने के बाद क्लब ने अपना पूर्ण आकार प्राप्त किया। वर्ष की अगली गतिविधि स्वतंत्रता दिवस का प्रदर्शन थी, जिसमें पीजीपी-1 के फुटलूज़ सदस्यों को पहली बार आरजेएम के मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। शास्त्रीय, और देशभक्ति पर आधारित बॉलीवुड के प्रदर्शन को अच्छी तरह से सराहना मिली और दर्शकों द्वारा इसे काफी सराहा गया। शिक्षकों के प्रति श्रद्धा जताने के लिए शिक्षक दिवस पर, फ़ूटलूज़, आईआईएमएक्ट्स और म्यूज़िक क्लब ने एफएसआई से सहयोग किया। पीजीपी-1 और पीजीपी-2 के द्वारा कथक के एक फ़्यूज़न, समकालीन नृत्य शैली और हिप-हॉप ने व्यापक लोकप्रियता हासिल की। हर साल की तरह, इस समय भी चारों तरफ, फुटलूज़ ने संस्थान के स्थापना दिवस को चिह्नित करने के लिए आयोजित समारोह में प्रदर्शन किया। गुजराती लोकनृत्य और बॉलीवुड शैलियाँ, जिसमें संकायों, कर्मचारियों, छात्रों और उनके परिवार के सदस्यों से खचाखच भरे सभागार में प्रदर्शन किया गया।

फुटलूज़ ने मातृभाषा दिवस समारोह में पहली बार योगदान दिया। इस प्रदर्शन को तालियों की गड़गड़ाहट से भारी प्रशंसा मिली और हिंदी विभाग की तरफ से प्रशंसा के रूप में विशेष प्रतीक प्राप्त हुए। इनके अलावा, वर्ष भर कई कार्यशालाएँ (बाचता, गरबा, रुएदा आदि) आयोजित की गईं और प्रयास के बच्चों के लिए छोटी कार्यशाला कक्षा भी आयोजित की गई।

उद्योग सहभागिता मंच (एफ़आईआई)

वर्ष 2016-17 एफ़आईआई के लिए उल्लेखनीय वर्षों में से एक रहा। एफ़आईआई ने विभिन्न संगठनों के छात्रों की 42 जीवंत परियोजनाओं पर काम करने में मदद की। इस अवधि की अधोरेखांकित विशेषताओं में से एक है - पुलिस विभाग को एफ़आईआई परामर्श सेवाओं का विस्तार। एफ़आईआई ने छात्रों को अपना अभिदर्शन और एक मंच भी प्रदान करने वाले सरकारी संगठनों के साथ भी अपनी संलग्नता जारी रखी है। एफ़आईआई ने आईआईएमए के छात्रों को अपनी परामर्श सेवाएँ प्रदान करने हेतु प्रबंधकीय मुद्दों को सुलझाने के लिए रिकॉर्ड को व्यवस्थित बनाने से लेकर उन एप्लिकेशंस को व्यवस्थित करने का काम किया है जो हेल्थकेयर सिस्टम का ट्रैक रखती हैं। उद्योग और संबद्ध संगठनों में एफ़आईआई के पदचिह्न बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण निवेश था।

एफ़आईआई कई स्टार्ट-अपों की सहायता से उद्यमशीलता संस्कृति को आगे बढ़ाने में एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है और बाजार अनुसंधान, व्यवहार्यता अध्ययन, रणनीति निर्माण और बाज़ार प्रवेश की संभावनाओं पर परियोजनाएँ शुरू करने के द्वारा इसे जारी रखा है जिसने वर्षों से उद्यमियों की मदद की है।

दुनिया भर की शीर्ष बी-स्कूलों की अन्य छात्र परामर्श संस्थाओं के साथ जुड़ने के अपने निरंतर प्रयास के साथ, एफ़आईआई ने अपने नेटवर्क में इटली की पहली जूनियर एंटरप्राइज़ जेम बोकोनी - छात्र परामर्शन संस्था - को जोड़ा है। जेम बोकोनी के साथ समझौता ज्ञापन के माध्यम से, एफ़आईआई विदेशी छात्रों को बोक्कोनी से छात्रों को हमारे छात्र परामर्श निकाय में शामिल करने की अनुमति देगा। इस पहल के माध्यम से, एफ़आईआई आईआईएमए के छात्रों को विदेशों में जीवंत परियोजनाओं में शामिल होने के लिए बोकोनी विश्वविद्यालय में छात्र विनिमय पर जाने की सुविधा भी देता है। एफ़आईआई छात्रों को सीखने के अवसर प्रदान करने में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के अपने प्रयासों को लगातार जारी रखा है।

सामान्य प्रबंधन और नेतृत्व कक्ष

वर्ष की शुरूआत ट्रेज़र हंट के साथ बड़े उल्लेख से हुई जिसमें 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। निदेशक प्रोफेसर आशीष नंदा द्वारा 'सामान्य प्रबंधन में कैरियर' पर एक सत्र और अमूल प्लांट के औद्योगिक दौरे को अच्छी प्रतिक्रिया मिली। इस क्लब द्वारा पहली बार वक्ता श्रृंखला शुरू की गई थी, जिसमें टीएएस से वक्ताओं को परिसर में बुलाया गया था। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया था।

जीएमएलसी ने ओपन डे का आयोजन किया जिसमें गुजरात के दस जितने महाविद्यालयों के 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसने प्रतिभागी छात्रों को न केवल संस्थान के जीवन की एक झलक मिली, बल्कि संगठन की टीम को यह भी जानने को मिला कि हमारे संस्थान के बाहर के छात्र कैसे संस्थान को देखते हैं। स्थानन से पहले, जीएमएलसी ने इच्छुक छात्रों की मदद के लिए अध्यक्ष समूह-चर्चाएँ और नकली साक्षात्कारों का आयोजन किया। इसके अतिरिक्त, उनका समय बचाने के लिए सामान्य प्रबंधन कंपनियों की प्रोफाइल उपलब्ध कराई गई थीं। समग्र रूप से जीएमएलसी ने अपने दूसरे वर्ष में महत्वपूर्ण प्रभाव और योगदान दिया। यह तीसरे वर्ष में संख्याओं और कई प्रकार की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।

हेरिटेज क्लब

हेरिटेज क्लब ने छात्र समुदाय को अहमदाबाद और गुजरात की संस्कृति और विविधता के करीब लाने का प्रयास किया है।

वर्ष भर में कई हेरिटेज पैदल यात्राओं का आयोजन किया गया, जिसे काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली। रात्रिभोज पैदल यात्रा आयोजित की गई, जिसमें सिद्दी सैय्यद मस्जिद (जहाँ से संस्थान ने अपना लोगो लिया है), जामा मस्जिद और माणेक चौक बाजार को शामिल किया गया, इस गतिविधि की सबसे ज्यादा माँग रही थी। इफ़्तियार पैदल यात्रा और रथयात्रा फोटो पैदल यात्रा में विविध, समृद्ध और राजस्थानी और गुजराती संस्कृति के अपने एकीकरण का स्वाद मिला।

ऐसे कलाकार जो ज्यादा प्रसिद्ध ना हों उन्हें एक मंच प्रदान करने की कोशिश में, हेरिटेज क्लब ने स्थानीय कलाकारों द्वारा एक भवाई नृत्य प्रदर्शन का आयोजन किया। इस वर्ष क्लब में एसपीआईसी मैके (भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति संवर्धन युवा सोसायटी) को भी शामिल किया गया। स्पिक मैके के एक हिस्से के रूप में, क्लब ने राजस्थानी लोक संगीत समूह द्वारा एक प्रदर्शन का आयोजन किया जिसने पूरे आईआईएमए समुदाय से श्रोताओं को आकर्षित किया।

इस क्लब ने छात्रों को अपने समय में बेहतर गतिविधियों में मदद करने के लिए एक प्रमुख भूमिका निभाई जो उन गतिविधियों का आयोजन कर रहे थे जिससे वे छात्र समुदाय के साथ मिलकर और स्थानीय जगहों का पता लगा सकें।

आईआईएमऐक्ट्स

सभी सीनियर छात्रों ने जिससे पहली शुरूआत की वह थी - हॉरर / थ्रिलर पिक्चर परफेक्ट , जो अंग्रेजी में है जिसने अंत तक दर्शकों को हिलने तक ना दिया। इसके बाद आनंद और मनोरंजन से भरपूर कॉमेडी नाटक था - मिक्स वेज, एक दिल धड़काने वाली रोमांटिक कॉमेडी जिसमें पागलपन (शब्दशः) का एक तड़का था, और यहाँ तक कि सभी के लिए मसखरेपन के साथ, इसने यहाँ उपस्थित हर किसी को पर्याप्त सबक भी दिया।

शिक्षक दिवस के आयोजन में संकाय-छात्र नाटक, इस अवधि के लिए एक उन्मादी शुरुआत थी। यह नाटक परिसर में हमारे जीवन का एक प्रतिबिंब था, जिसने छात्रों के साथ-साथ संकायों की चिंताओं को एक हास्यपूर्ण ढंग से अभिव्यक्त किया। इसके बाद था, रावणलीला, जो नुक्कड़ और मंचस्थ अभिनय शैलियों का एक मिश्रण था।

यह वर्ष क्लब के लिए लाभकारी रहा था : आईआईएमऐक्ट्स के कैओस स्टेज प्ले समारोह नाट्य कथा (गुलजार साब की 'खराशें') के साथ-साथ कैओस स्ट्रीट प्ले आग़ाज़ (तमाशा-ए-तस्करी : मानव तस्करी पर एक नाटक) ने अपनी संबंधित श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। टीम ने आगे बढ़कर अपने मुकुट में एक और कलगी जोड़ी, स्पेक्ट्रम-17 (निफ्ट गाँधीनगर) में भी स्ट्रीट प्ले के लिए पहला स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष की अन्य विशेषताओं में भारतीय फिल्म परियोजना (आईएफपी) के साथ वीडियो सहयोग और प्रसिद्ध थियेटर एवं फिल्म अभिनेता / निर्देशक / गीतकार पीयूष मिश्रा के साथ एक वक्ता सत्र भी शामिल हैं। क्लब ने वर्ष के अंत में फरवरी में 'द फाइनल एक्ट', पुराने छात्रों द्वारा अंतिम अलविदा के साथ समापन किया।

इनसाइट

इनसाइट, आईआईएम का सबसे पुराना कार्यक्रम 30 सितंबर से 2 अक्टूबर 2016 तक आयोजित किया गया था। तीन-दिवसीय इस कल्पनातीत कार्यक्रम में साद अहमद-उबेर इंडिया के बिजनेस डेवलपमेंट हेड, और सुरेश त्रिवेणी-मौका मौका विज्ञापन के पीछे रहा बाल-दिमाग, ने खचाखच भरे आरजेएम सभागार में संबोधन किया। कार्यशालाओं के भी सभी भागों इसी तरह की भीड़ देखी गई। नीलसन, पनाचे स्टूडियोज इंडिया, और लोवे लिंतास, आला दर्जे के बड़े विपणन नामों ने दर्शकों को प्रत्येक दिन अपनी सीटों से चिपकाए रखा।

संगोष्ठी के वास्तविक दिनों के आसपास के आकर्षण के मध्य, कार्यक्रमों के लिए प्राप्त जबरदस्त मात्रा में पंजीकरणों को अनदेखा करना आसान नहीं है, जिसने ऑनलाइन क्विज़िंग राउंड के साथ सप्ताह से पहले ही शुरुआत कर दी थी। ये कार्यक्रम किसी भी निर्धारित समय के बिना आयोजित किए जाते थे, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि थी।

फिर था कलाइडो समारोह, द पॉप-अप कबाड़ी बाजार, जिसमें डिजाइनरों और कलाकारों ने बिक्री के लिए हस्तशिल्प, सज्जा-सामान और अन्य सामान रखे थे। इस कार्यक्रम को अहमदाबाद की जनता को बहुत बड़ी संख्या में आकर्षित किया था, जो बड़े पैमाने पर परिसर में आए थे और इससे सी.टी. और बिज़ारे भोजनालयों के पास विहारपथ को अन्य अनुभव किया गया।

स्टैंड-अप कॉमेडी प्रदर्शन और संगीत शो ने इनसाइट-2016 को पूरा मनोरंजन से भरपूर बना दिया। विभिन्न समारोहों और कार्यशाला सत्रों में 25,000 से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए, और यह अभी तक के सबसे सफल आयोजनों में से एक रहा था।

साहित्यिक संगोष्ठी डेस्क

साहित्यिक संगोष्ठी डेस्क ने इस वर्ष सफलतापूर्वक कई गतिविधियों का आयोजन किया। इस वर्ष की शुरूआत पुराने छात्रों के साहित्य सप्ताह से हुई, यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो उनकी विभिन्न साहित्यिक दक्षताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करते हुए नवांगतुकों को हमेशा उत्तेजित बनाए रखता है। परिसर के अंदर एक वाद-विवाद संस्कृति के निर्माण के लिए, एलएसडी ने नियमित संसदीय बहस का आयोजन किया, जहाँ विभिन्न विषयों पर बहस हुई। हालांकि, बहस के कैलेंडर का मुख्य आकर्षण, स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित संकाय-छात्र वाद-विवाद था। इस

बहस में निदेशक, प्रोफेसर आशीष नंदा और प्रोफेसर अरविंद सहाय ने एक छात्र समूह के 'जो छात्र सब्सिडी शिक्षा पाते हैं उन्हें निश्चित वर्षों तक के लिए देश में काम करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए' मुद्दों को उठाया था। इस कार्यक्रम ने एक दिलचस्प चर्चा को उभारा, जहाँ कई लोगों को अपनी राय व्यक्त करने का मौका मिला। यह कार्यक्रम दर्शकों से भरा था, आईआईएमए समुदाय के सभी वर्गों के सदस्यों ने इसमें भाग लिया और यह बहस काफी चित्ताकर्षक और प्रबुद्ध रही थी।

एलएसडी ने लिट-ए-रैली का आयोजन किया, जो वार्षिक अंतर-अनुभाग प्रतियोगिता है। कुछ क्विज़ों में काफी करीबी मुकाबला रहा और शिपरेक में बोलने वाले कौशल का तार्किक प्रदर्शन देखा गया। इस परंपरा को जारी रखने के लिए, आईआईएमए ने इस साल भी 13 सहभागियों को निहिलान्त में भेजा था। अपेक्षाकृत छोटे दल ने अपने कद से अधिक पंच दिखाए, जिनमें सात में से चार क्विज़ों में विजयी मुकाबला रहा।

एलएसडी ने इस वर्ष कैओस के दौरान कई कार्यक्रमों का आयोजन भी किया था। चार दिनों में छः कार्यक्रमों के साथ, एलएसडी ने सभी के लिए कुछ न कुछ पेशकश की थी। अंतिम दिवस पर, प्रसिद्ध रामानंद द्वारा लोकप्रिय जनरल क्विज के एक शानदार सांस्कृतिक उत्सव को अंजाम दिया गया।

मीडिया सेल

एक बौद्धिक समुदाय के लिए जो तार्किक शक्ति से मुग्ध हो और विश्व की पहचान करने में माहिर है, उन्हें संतुष्ट करना एक कठिन काम है। मीडिया सेल ने जो काम किए उस अर्हता को काफी हद तक बढ़ाना चाहिए, खासकर तब जब वर्ष के 4 समाचार-पत्र प्रकाशित किए गए हों। पीछे मुड़कर देखते हैं तो, टीम निश्चित तौर पर मीडिया सेक्रेटरी के दृष्टिकोण से अधिक आंतरिक क्लब बनकर खरी उतरी है।

इस वर्ष मीडिया सेल की प्रमुख उपलब्धि संतोष को या असंतोष को प्रकाशित करने में नहीं है। यह लोकतांत्रिक लेखन है। यह 'अभिव्यक्ति स्वतंत्रता के अधिकार' की धारणा को 'अभिव्यक्ति स्वतंत्रता के लेखन' में बदलने की कोशिश कर रहा है। शब्दचातुर्य को एक तरफ रखकर, मीडिया सेल ने परिसर में प्रकरण निर्माण की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए दीवार लेखन पहल की शुरुआत की। मीडिया सेल को अन्य कैरियर क्लबों और प्रोफेसरों के साथ समन्वित किया गया ताकि ग्रन्थकारिता को आकर्षक बनाने का सतत प्रयास किया जा सके। यह उल्लेखनीय है कि इस पहल ने पहले ही सफर में पाँच सहयोगियों (सृजनात्मक, वित्त + अर्थशास्त्र + सार्वजनिक नीति, जीएमएलसी + संचालन, विपणन, प्रौद्योगिकी + एंत्रे) से 40 से अधिक लेखों को आकर्षित किया। इन तीन सफल पुनरावृत्तियों की सफलता के साथ और आधिकारिक छात्र ब्लॉग के उद्घाटन के उत्पादन-केंद्र बनने के साथ, इस उद्यम के लिए दीवार-लेखन बहुत स्पष्ट है।

दीवार-लेखन पहल के अनपेक्षित परिणामों में से एक ने देश के प्रमुख लोगों पर पटकथा लिखने पर हमारी डिजाइन टीम की छिपी प्रतिभा की खोज की है। हमारी डिजाइन टीम ने राजनीतिक कमेंटरी की एक नई संस्कृति भी शुरू कर दी। टीम ने पैनल चर्चा शुरू करके समुदाय तक पहुँच के नए अवसर भी प्रारंभ किए। आखिरकार, जब भी कोई बोलने के लिए कुछ कहता है, तो मीडिया सेल की यह ज़िम्मेदारी है कि उन्हें सुना जाए।

मार्गदर्शन कक्ष

मार्गदर्शन कक्ष के लिए जून 2016 से मार्च 2017 तक अद्भुत वर्ष रहा। पिछले वर्ष के अपने मार्गदर्शक गुरुओं के साथ बीते अद्भुत अनुभवों को आगे बढ़ाने की भावना से मार्गदर्शक गुरु बनने के लिए (अनोखे 160 पीजीपी से लेकर 230 से अधिक पीजीपी) पीजीपी आवेदनों की संख्या में भारी वृद्धि देखी गई। इस वर्ष मार्गदर्शन कक्ष ने आगंतुक बैच के लिए 80 से अधिक मार्गदर्शकों का आवंटन किया।

कक्ष ने अपने मार्गदर्शक गुरुओं को अपनी ज़िम्मेदारियों के प्रति अत्यधिक परिश्रम और अति प्राथमिकता से स्वीकार करते देखा, फिर चाहे वह एलकेपी लॉन में परिचयात्मक सत्र आयोजित करना हो या व्यक्तिगत रूप से आवासीय सलाह या आईआईएमए परिसर के भीतरी जीवन या अकादमिक या स्थानन संबंधित मार्गदर्शन।

मार्गदर्शन कार्यक्रम के अलावा, कक्ष ने एचआरक्यू और अन्य तत्वों के संबंध में ग्रीष्मकालीन स्थानन प्रक्रिया तैयार करने के लिए अन्य क्लबों के साथ मिलकर कई कार्यशालाएँ आयोजित की।

भोजनालय समिति

भोजनालय समिति परिसर में ताज़ा और स्वास्थ्यप्रद भोजन के प्रावधान को सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार रही और इसके लिए साप्ताहिक / द्वि-साप्ताहिक लेखापरीक्षा को इसने अंजाम दिया। भोजनालय समिति की सहायता से छात्र भोजनालय में नए खाद्य-विक्रेता ने शुरूआत की और पारंपरिक हार्वर्ड डिनर के साथ पीजीपी-2 के छात्रों ने पीजीपी-1 छात्रों का आईआईएमए के परिसर जीवन में महाभोज के साथ स्वागत किया। भोजन की बर्बादी का ध्यान रखने के लिए भोजनालय में वजन करने की मशीनें रखी गईं और खाद्यान्न अपशिष्ट कम करने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित किया गया। छात्र भोजनालय में छह खाद्य दुकानों के लिए संविदाएँ नवीनीकृत की गईं। नए परिसर में खाद्य दुकानों की कमी को पूरा करने के लिए नेस्केफे कीओस्क में अंडा पकाने की शुरुआत की गई। कक्षाओं के बीच ब्रेक के लिए स्वास्थ्यप्रद आहार के विकल्प के रूप में जैसे ढोकला और उपमा की कक्षाओं

के बाहर शुरूआत की गई। दिसम्बर में टपरी में कंक्रीट की फर्श और बर्तन मांजने के लिए सिंक बनाए गए और केएलएमडीसी पुस्तकालय के नजदीक एक नया आउटलेट बनाने पर विचार किया गया था। आईआईएमए समुदाय के लिए एक और उपयोगी वर्ष के अंत का जश्न मनाने के लिए इस नए साल में महाभोज का आयोजन किया गया था। एक सफल स्थानन सत्र के लिए बाहर जाने वाले बैच को बधाई देने हेतु दो संकाय-छात्र अंतर्क्रिया रात्रिभोज और बैच रात्रिभोज का आयोजन करके सत्र समाप्त हुआ।

मैड (एमएडी) क्लब

मूवी क्लब - एमएडी - मैड ने कॉन्फ़्लुअन्स डायरेक्टर सीरीज़-मांझी टीम से मिलिए का शुभारंभ करने के लिए कॉन्फ्लुअंस क्लब के साथ काम किया। इस कार्यक्रम में फिल्म निर्माण की कला और व्यवसाय का पता लगाया गया और आईआईएमए समुदाय को आज के आधुनिक युग की फिल्म बनाने में रचनात्मक और व्यावसायिक व्यवहार्यता किस तरह साथ-साथ चलते हैं को बेहतर ढंग से समझने में मदद की। बेहद लोकप्रिय अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी और राधिका आपटे का उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया।

आईआईएमए समुदाय ने पुराने युग की महान फिल्मों की प्रशंसा करने के लिए एक नई श्रृंखला 'उत्कृष्टता के स्मरण में" शुरू की थी। कासाब्लांका और सिटिज़न केन जैसी फिल्मों को सिनेमा प्रशंसकों की खुशी के लिए दिखाया गया था। विनिमय छात्रों को शेक्सपियर के हेमलेट : हैदर और क्वीन द्वारा हमारे विश्वास योग्य रूपांतरों को दिखाने के माध्यम से भारत का स्वाद बताया गया। जो मुख्यधारा के सिनेमा की सराहना करते हैं, उन लोगों के लिए कुंग फू पांडा और डेडपूल का स्क्रीनिंग किया गया था। खेल उत्साहियों के लिए, ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल, रोजर फेडरर और राफेल नडाल के बीच की एक क्लासिक फ़िल्म रवि जे. मथाई सभागार में प्रदर्शित की गई थी। फुटबॉल के प्रशंसकों ने बड़े पर्दे पर पूरे यूरोप के सबसे बड़े डर्बी मैच की स्क्रीनिंग हर पखवाड़े में दिखाई गई।

सिनेमा क्विज़ और साथ ही हैरी पॉटर फ़िल्म क्विज़, दी एवेंजर्स एवं एलओटीआर के आधार पर फिल्म क्विज़ों का आयोजन उत्साही लोगों के जुनून और सिनेमा के ज्ञान को साझा करने के लिए किया गया था। निशे क्लब के सहयोग से, एमएडी क्लब ने स्टीव जॉब्स की 'द मैन इन द मशीन' के वृत्तचित्र को प्रदर्शित किया। प्रमुख उदेश्य, साझा सामग्री को बढ़ाकर और वाई-फाई पर उपलब्ध कराने के द्वारा डीसी++ की प्रोफाइल में वृद्धि करना था।

म्यूज़िक क्लब

म्यूज़िक क्लब के प्रथागत आयोजन 'आगाज़ 2016' के साथ वर्ष की शुरूआत हुई जिसमें क्लब के दूसरे वर्ष के छात्र-सदस्यों ने शानदार प्रदर्शन के साथ नए बैच का स्वागत किया। अगला कार्यक्रम 'हाई होप्स' था, जो प्रथम वर्ष के छात्र-सदस्यों द्वारा किया गया, जो फिर से अत्यंत सफल कार्यक्रम रहा था। क्लब ने स्वतंत्रता दिवस पर कुछ सदाबहार देशभक्ति गीतों के साथ देशभक्ति की भावना को आत्मसात किया।

इसके अलावा, क्लब ने शिक्षक दिवस पर संकायों के प्रति अपनी श्रद्धा जताने के लिए एफएसआई से सहयोग किया था। इस आयोजन में छात्रों और प्रोफेसरों दोनों की तरफ से संगीत कार्यक्रम शामिल थे और पूरे आईआईएमए समुदाय द्वारा बहुत आनंद लिया गया था। म्यूज़िक क्लब ने इनसाइट और कॉन्फ़्लुअन्स क्लबों के कार्यक्रमों में भी संस्थान का प्रतिनिधित्व किया और सभी दर्शकों को खुश कर दिया था।

क्लब के बैंड गाया और द गायज़ ने 'रॉक के ब्लिज़र्ड्स' विषय पर आईआईएमए का प्रतिनिधित्व किया, कैओस-2017 का प्रतिनिधित्व किया और दर्शकों को एक शानदार प्रदर्शन के साथ मंत्रमुग्ध किया। लोगों की रुचि के अनुसार, परिसर में सभी गिटार शौक़िन उत्साही लोगों के लिए गिटार कक्षाएँ आयोजित की गईं।

संगीत (म्यूज़िक) क्लब ने वर्ष का समापन उत्तीर्ण हो रहे प्रिय स्नातक सहपाठियों को समर्पित एक विदाई कार्यक्रम 'यूफोनी' के साथ किया।

निशे (विपणन क्लब)

वर्ष 2016-2017 में निशे क्लब द्वारा की गई गतिविधियों और पहलों की उत्तेजना किसी को भी हैरान कर सकती है जो भी महसूस करता है कि आईआईएमए में शामिल होने के लिए निशे क्लब 'अच्छा' कैरियर है। इसकी शुरूआत आईआईएमए के मशहूर पूर्वछात्रों की विशेषता वाले परिचय वीडियो के साथ हुई, जिसमें मैनक धर-सीईओ, जनरल मिल्स और अरविंद सहाय जैसे प्रसिद्ध प्रोफेसर शामिल थे, जो सभी नवागंतुक छात्रों से मिले।

शुरुआती महीनों में, विपणन कैरियर में दिलचस्पी रखने वालों को वक्ता श्रृंखला जैसे कि - राजनीतिक पी.आर. (भारत की जनता कैसे वोट करती है) या 2015 बैच के साथ प्रोफेसर सहाय के अंतर्क्रियात्मक सत्र में हर शब्द को सुनने के लिए तल्लीन किया जा सका था। इस वर्ष, निशे क्लब ने एक नई अवधारणा शुरू की : विपणन अड्डा, जिसने विपणन दिग्गजों से पहला अनुभव हासिल करने के लिए एक अवसर खोला। उसी समय पीएंडजी सेल्स इमर्शन जैसे फील्ड दौरे के माध्यम से और अधिक जमीनी स्तर के अनुभव के अवसर मिले।

स्थानन के दौरान हमेशा की तरह, अपनी साप्ताहिक विज्ञापन विश्लेषण प्रतियोगिताओं, उपचारात्मक सत्रों, मार्गदर्शन कार्यक्रमों, बनावटी समूह-चर्चाओं और साक्षात्कार सत्रों के माध्यम से, निशे क्लब ज्ञान का केंद्र बना हुआ था। स्थानन का बुखार खत्म हो जाने के बाद, निशे ने डिजिटल मार्केटिंग चैलेंज सहित कुछ मजेदार कार्यक्रम शुरू किए जो सोशल मीडिया के मंचों के माध्यम से अहमदाबाद स्थित 4-5 रेस्तराओं को बढ़ावा देने के लिए चल रही एक प्रतियोगिता है।

ऑप्टिमा

संचालन क्लब ऑप्टिमा ने संचालन प्रबंधन के ज्ञान केंद्र के रूप में इन वक्ता सत्रों की मेजबानी का काम किया जो इस तरह से थे - श्री नरेन्द्र बंसल, सीएमडी, इंटेक्स टेक्नोलॉजीज और श्री अनिल कुमार शर्मा, वी.पी. - सोर्सिंग, नेस्ले आदि जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व के वक्ता सत्र। यह क्लब एक परामर्श कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को मार्गदर्शन और सलाह देने के लिए चतुराई से काम कर रहा है और संचालनकर्ता उत्साही लोगों के लिए एक मंच के रूप में काम करता है। संचालन में रुचि पैदा करने के उद्देश्य से, ऑप्टिमा ने पीजीपी-1 के लिए एक स्वागत प्रश्नोत्तरी के साथ वर्ष शुरू किया। शिक्षाविदों के समर्थन में, कैरियर क्लब के रूप में, पीजीपी-1 और पीजीपी-2 दोनों के लिए ऑपरेशन मैनेजमेंट कोर्स के लिए उपचारात्मक सत्रों का आयोजन किया गया। ऑप्टिमा ने प्रथम वर्ष के छात्रों के बनावटी साक्षात्कार का आयोजन करके और प्रासंगिक विषयों पर दैनिक न्यूज़लेटर ओपीईएक्स भेजकर पीजीपी स्थानन समिति की मदद करने के लिए प्रथम वर्ष के छात्रों की तैयारी में मदद की। ऑप्टिमा ने केपीएमजी के संरक्षण के तहत व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त छह सिग्मा ग्रीन बेल्ट कार्यक्रम की सुविधा भी प्रदान की है। लोकप्रियता की माँग पर, इसका दूसरा संस्करण आयोजित किया गया था। इस वर्ष, भारत में सभी लोकप्रिय बी-स्कूलों के लिए कॉन्फ़्लुअन्स की टीम के सहयोग से एक केस अध्ययन प्रतियोगिता ऑपस्ट्रक्ट का आयोजन किया गया।

पैनेसिया

आईआईएमए का स्वास्थ्य देखभाल क्लब पैनेसिया की टीम-2016-17 ने स्वास्थ्य सेवा उद्योग में प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों द्वारा अतिथि सत्रों के आयोजन से स्वास्थ्य सेवा के अवसरों के बारे में जागरुकता पैदा करने और परिसर में छात्रों पर समग्र स्वास्थ्य मानकों में सुधार लाने पर ध्यान केंद्रित करने की अपनी नींव के उद्देश्य पर खरी उतरी है।

जीसीआरआई और रेड क्रॉस सोसाइटी के सहयोग से स्वतंत्रता दिवस और विजय दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित किए गए, जिनमें समुदाय से बड़ी संख्या में भागीदारी देखी गई।

शेल्बी अस्पताल के साथ बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) पर व्यावहारिक व क्रियाशील एक सत्र आयोजित किया गया, जिससे स्वास्थ्य आपातकालीन स्थितियों के दौरान सरल जीवन-बचाव तकनीक का अभ्यास किया जा सके।

हर वर्ष की तरह, इस वर्ष भी आवश्यक ओटीसी दवाओं के साथ हर छात्रावास में चिकित्सा किट प्रदान किए गए और छात्रों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच की गई थी।

छात्र गतिविधि कार्यालय के साथ सहयोग करके और डेंगू / मलेरिया पर एक सर्वेक्षण आयोजित करके क्लब द्वारा मलेरिया के खतरे पर तत्काल कार्रवाई की गई, और बाद में भोजनालय में निवारक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई।

कैओस के दौरान नेस्ले इंडिया के सहयोग से आयोजित वैयक्तिकृत पोषण और कल्याण परामर्श सत्र, क्लब द्वारा वर्ष का अंतिम बड़ा कार्यक्रम था।

पिछले साल आयोजित वक्ता सत्र में प्रौद्योगिकी संचालित समाधानों की स्थिरता और भारतीय स्वास्थ्य सेवाएँ विषय पर चर्चा हुई, जिसमें प्रदीप के. जयसिंह (आईआईएमए के पूर्वछात्र और हेल्थस्टार्ट संस्थान के अध्यक्ष), विकास खोखा (निदेशक एचआर, जिम्मर-बायोमेट इंडिया), निशांत मेहता (विश्व वरिष्ठ उत्पाद प्रबंधक, मैडिट्रोनिक ग्रेटर चीन और इमर्जिंग मार्केट्स), और जीवनशैली विज्ञान में आईटी में कैरियर के अवसरों पर एक सत्र में श्री सुनील (प्रमुख, वेस्ट कोस्ट अमेरिका में इंफोसिस लाइफ साइंसेस बिजनेस) द्वारा चर्चा की गई।

पर्स्पेक्टिव

वर्ष 2016-17 में आईआईएमए समुदाय से भोजनालय गैलरी को ताज़ा बनाने के लिए तस्वीरों का स्रोत शुरू हुआ। फोटोग्राफी के प्रति उत्साही लोगों की ओर ध्यान केंद्रित करते हुए उन्हें अपने फोटोग्राफी कौशल को अगले स्तर तक ले जाने में मदद करने के लिए, पर्स्पेक्टिव क्लब ने 'फोटोग्राफी डिमिस्टिफाइड' का आयोजन किया - जो डीएसएलआर कैमेरा चलाना, एक्सपोजर त्रिकोण और मोबाइल फोटोग्राफी जैसे पहलुओं को कवर करने वाली एक बेसिक फोटोग्राफी कार्यशाला थी। दूसरे वर्ष के छात्र विनिमय में जाने से पहले, पर्स्पेक्टिव ने निश्चित रूप से औपचारिक 'क्लब फोटो शूट' के लिए परिसर में 40 से अधिक छात्र गतिविधि निकायों के साथ समन्वय करके फोटो शूट सुनिश्चित किए थे।

पर्स्पेक्टिव में दूसरे सत्र के कार्यकाल के दौरान समुदाय को बनाए रखने के लिए कई गतिविधियों की योजना थी। यह अंतर-आईआईएमए थीम आधारित फोटोग्राफी प्रतियोगिता (थीम - 'प्रकृति') के साथ शुरू हुई। व्यावहारिक स्टूडियो रोशनी और तकनीकों का उपयोग करते हुए आगंतुक विनिमय छात्रों के लिए

औपचारिक 'रेड ब्रिक्स' तस्वीरों को क्लिक करने की जिम्मेदारी पर्स्पेक्टिव ने ली थी। प्रकृति क्लब के साथ साझेदारी करते हुए, पर्स्पेक्टिव क्लब ने 'नलसरोवर' और 'लोथल' के लिए ऑफ-साइट का आयोजन किया जहाँ पर्स्पेक्टिव ने उपस्थित लोगों को फोटोग्राफ़ी की युक्तियाँ सिखाई थी।

सत्र 3 में विनिमय छात्रों के वापस लौटने के कारण, पुरानी यादों और कॉर्प-डीएस के लिए समय था - और पर्स्पेक्टिव ने समुदाय की यादें बनाने में मदद की, जो पूरे परिसर में पूरे 25 से अधिक छात्रावासों में 'डॉर्म फोटोशूट' के समन्वय से पुनःजीवंत हो उठे। पर्स्पेक्टिव ने अपने सोशल मीडिया पेजों पर गतिविधियों के माध्यम से बढ़ती हुई संलग्नता भी शुरू की - 'पीओटीडी' (दिवस भर का यादगार चित्र) पहल, जिसमें विभिन्न छात्र गतिविधियों की भूमिकाएँ, प्लेसकॉम की गतिविधियों और परिसर में कला प्रदर्शन करने वाले लोगों की तस्वीरों का लगातार प्रकाशन किया जाता रहा।

स्थानन समिति

इस वर्ष स्थानन टीम द्वारा ग्रीष्मकालीन और अंतिम स्थाननों के अलावा, कुछ उल्लेखनीय पहल कीं। सबसे पहले, सीवी की समीक्षाओं के लिए पुराने छात्रों के साथ नेटवर्क बनाने के लिए उम्मीदवारों के लिए सीवी (पाठ्यक्रम वृत्त) दिवस की पहल बेहद उपयोगी रही थी। दूसरे, प्लेसकॉम ने पीजीपी-2 छात्र जो अप्रैल और मई के महीनों में अध्ययन-मुक्त रहते हैं उनके लिए ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के लिए तलाश करना शुरू कर दिया। नवंबर में आयोजित ग्रीष्मकालीन स्थानन में क्लस्टर-2 और क्लस्टर-3 भूमिकाओं में क्रमिक विविधीकरण देखा गया। पार्श्व और अंतिम स्थानन में पहली बार भर्तीकर्ताओं का बड़ा खेमा देखा गया। सही क्षेत्र में उपयुक्तता खोजने के लिए उम्मीदवारों को पर्याप्त अवसर प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। अंतिम कुछ महीनों में प्लेसकॉम ने अपने मंच के आधुनिकीकरण के लिए डिजिटलीकरण पहल पर अपने संसाधनों का निवेश किया। कुल मिलाकर स्थानन संबंधी गतिविधियों के लिए यह एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक वर्ष रहा था।

प्रकृति

प्रकृति क्लब की स्थापना प्रकृति और प्रकृति की भावना को बढ़ावा देने, एक स्थायी तरीके के बारे में ज्ञान को अद्यतन करने और एक समाज कल्याण के काम में लोगों को शामिल करने के उद्देश्य से की गई थी। इस क्लब ने डॉर्म एनर्जी वॉर्स (छात्रावास ऊर्जा जंग) जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया। यह एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें बिजली को बचाया जा सकता है, जिसके बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक स्वस्थ प्रतियोगिता आयोजित की जाती है और कम से कम ऊर्जा खपत वाले छात्रावास को विजेता के रूप में घोषित किया जाता है। इसके अलावा क्लब एक वृक्षारोपण ड्राइव भी चलाता है जिसमें छात्र समुदाय वृक्षारोपण करते हैं ताकि उन्हें प्रकृति के साथ जुड़ने के लिए जिम्मेदारी और अवसर प्रदान किया जा सके, और परिसर परिचय प्रश्नोत्तरी (विमवियन ग्रीन क्विज), पेड़ नामकरण, प्रकृति फोटोग्राफी प्रतियोगिता, पक्षी निगरानी सत्र और नल सरोवर यात्रा से छात्रों को प्रकृति की सैर और प्रेरणा के अवसर प्रदान किए जाते हैं, जो सभी क्लब के उद्देश्यों के अनुरूप रहे हैं।

प्रकृति क्लब अन्य संस्थानों के लिए दैनिक उपयोग के अक्षय ऊर्जा स्रोतों और हरित प्रथाओं को अपनाने के लिए पथप्रदर्शक बनने की सुविधा देता है।

प्रयास

एक सामाजिक पहल के रूप में प्रयास क्लब ने लगभग 100 बच्चों ने वर्तमान में दाखिला दिया है, और यह क्लब उनके स्कूल और अन्य शिक्षा खर्चों को प्रायोजित करके तथा शाम को पूरक कक्षाएँ लगाकर उनकी शिक्षा का ध्यान रखता है।

फाइन आर्ट्स क्लब के साथ मिलकर, प्रयास ने कई कलाओं और शिल्प कार्यशालाओं की व्यवस्था की। आईआईएमएऐक्ट्स ने बच्चों को आरजेएम सभागार में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रशिक्षित किया। प्रयास के बच्चों ने भी अहमदाबाद स्थित गैर सरकारी संगठन अप्रोच द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया था और कैओस-2017 में भी प्रदर्शन किया था। प्रयास ने कई त्यौहारों और बच्चों के जन्मदिनों को भी मासिक रूप से मनाया। क्लब ने सभी बच्चों के लिए एक स्वास्थ्य जाँच शिविर का भी आयोजन किया था।

प्रयास ने दान-देने-का-आनंद सप्ताह के साथ अपना काम जारी रखा। बच्चों को उनकी इच्छाओं को लिखने के लिए कहा गया था और लिखी हुई पर्चियों को इकट्ठा और समेकित किया गया और आईआईएमए समुदाय के साथ साझा किया गया, जो बच्चों को उपहार देने के लिए संलग्न हुए।

आईआईएमए समुदाय के लिए एक मार्गदर्शन कार्यक्रम शुरू किया गया था, इसमें दिलचस्पी रखने वाले प्रतिभागियों को प्रयास के बच्चों का पालनकर्ता बनाया गया था। इस कार्यक्रम को बड़े भाई-बहन कार्यक्रम का नाम दिया गया था और इसे रक्षाबंधन समारोह के लिए फाइन आर्ट्स क्लब द्वारा एक राखी बनाने की कार्यशाला साथ आयोजित करके किया गया था।

इटली के विनिमय छात्रों ने प्रयास के लिए धन जुटाने के लिए एक इटालवी थीम्ड रात्रिभोज का आयोजन किया। विनिमय छात्रों ने कुछ बच्चों के लिए फुटबॉल प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए। प्रयास गार्डियन एन्जल कार्यक्रम से शुरूआत की थी, जिसे एक दाता पूरे वर्ष के लिए एक या कई छात्रों की पूर्ण आवश्यकता को प्रायोजित कर सकता है, जिसमें एएफपी बैच से बहुत अधिक

दिलचस्पी देखी गई।

उत्पाद प्रबंधन और प्रौद्योगिकी क्लब

उत्पाद प्रबंधन और प्रौद्योगिकी क्लब के लिए वर्ष 2016-17 बहुत रोमांचक रहा है। इस साल क्लब ने विभिन्न कैरियर की संभावनाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने के बारे में अधिक ध्यान दिया, जो प्रबंधन छात्रों को प्रौद्योगिकी कंपनियों में देख सकते हैं। इस तरह के प्रयास के साथ, क्लब ने एक जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया।प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में ईकॉमर्स और स्टार्टअप के बारे में उद्योग के दृष्टिकोण को लाने के लिए, क्लब ने कई वक्ता सत्रों की मेजबानी की। मियान्त्रा, हाउसिंग डॉट कॉम, माइक्रोसॉफ्ट, सोक डॉट कॉम और सिस्को से मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं उपप्रमुख जैसे स्तर के वक्ताओं ने परिसर में आकर कई समकालीन विषयों पर व्याख्यान दिए।

एक अन्य प्रमुख पहल के रूप में ग्रीष्मकालीन, पार्श्व और अंतिम स्थानन के दौरान छात्रों की सहायता के लिए गुणवत्ता वाली सामग्री इस क्लब ने तैयार की थी। यह पहल बेहद प्रभावी साबित हुई क्योंकि छात्रों ने अपने साक्षात्कारों को बेहद अच्छी तरह से संभाला। प्रोफेसरों के साथ मिलकर क्लब व्याख्यान देने में सक्षम रहा है जो विद्यार्थियों को स्थानन के लिए मदद करता है। इसके अलावा, क्लब ने पीजीपीएक्स के छात्रों और बैच के अन्य अनुभवी उम्मीदवारों के सहयोग से कई बनावटी समूह चर्चाओं, बनावटी साक्षात्कारों और परामर्श कार्यक्रमों का आयोजन किया।

क्लब ने कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जैसे कि आईओटी हैकथॉन और टेक्नोमैनिया, जो पूरे छात्र समुदाय के लिए एक तकनीकी प्रश्नोत्तरी थी। इसके अलावा, क्लब सूचना प्रणाली समूह के पाठ्यक्रम के लिए उपचारात्मक सत्रों की पेशकश करके अपनी शैक्षिक गतिविधियों में छात्रों की सहायता करने में सक्रिय रूप से भी शामिल रहा।

सार्वजनिक नीति

संस्थान में नीतिगत मुद्दों की बेहतर समझ के लिए अनुकूल वातावरण विकसित करने हेतु पूरे साल पब्लिक पॉलिसी (सार्वजनिक नीति) क्लब द्वारा प्रयास किया गया और इस तरह से यह छात्रों को नीतिगत मामलों के बारे में अधिक जानकारी देने में मदद करता रहा है। क्लब ने प्रसिद्ध व्यक्तियों जैसे कि श्री आदिल जैनुल भाई (सेवानिवृत्त अध्यक्ष, मैकिन्से एंड कं), प्रोफेसर संदीप पांडे (रैमन मैगसेसे विजेता), प्रोफेसर हर्ष मंदर (सदस्य एनएसी) द्वारा भारत में सार्वजनिक नीति विषय पर शिक्षा के रूप में, इसमें करियर आदि पर वक्ता सत्रों का आयोजन किया था। क्लब ने कॉन्फ़्लुअन्स के साथ मिलकर निरर्थक अर्थव्यवस्था के विषय पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया, जिसके अध्यक्ष प्रोफेसर अनीश सुगथन (व्यवसाय नीति, आईआईएमए) ने किया और डॉ. जयप्रकाश नारायण (पूर्व विधायक, एफडीआर के महासचिव) और श्री आर. एच. ख्वाजा (पूर्व संयुक्त सचिव, एमओईएफ) ने उपस्थित सदस्यों के बीच चर्चा की।

क्लब ने एक निबंध लेखन प्रतियोगिता काआयोजन किया था और एक केस अध्ययन प्रतियोगिता जिसमें पूरे देश के सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों की प्रतिभागिता शामिल थी। क्लब ने एक आदर्श संयुक्त राष्ट्र मॉडल का भी आयोजन किया जिसमें देश भर से शीर्ष महाविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया।

शेयर

शेयर क्लब ने ज्ञान को साझा करने के लिए एक मंच के रूप में शुरूआत की, और बड़े पैमाने पर विकसित हो गया, जो अब एक कॉर्पोरेट प्रशिक्षण केंद्र के रूप में, एक सामाजिक नेटवर्क और एक परामर्श संगठन के रूप में काम कर रहा है। शेयर अपने सदस्यों को प्रशिक्षित करता है और उन्हें 4 विभिन्न महाद्वीपों और 15 से अधिक देशों के अन्य छात्रों के साथ बातचीत करने के अवसर प्रदान करता है। शेयरआईआईएमए, वैश्विक शेयर के प्रमुख चैप्टरों में से एक बन गया है।

पिछले साल, शेयर ने आईबैच प्रतियोगिता (अंतरराष्ट्रीय बैच) की शुरूआत की, जिसमें 250 से अधिक वैश्विक छात्रों की भागीदारी देखी गई। आईआईएमए सदस्यों में से एक की अध्यक्षता वाली इस टीम को इस 6 महीने के लंबे आयोजन में दूसरा स्थान मिला। टीम के वरिष्ठ सदस्यों ने 2 महाद्वीपों में 3 वैश्विक परियोजनाएँ अपनाईं, जो मुख्य रूप से ऊर्जा उद्योग पर केंद्रित थी। आईआईटी बॉम्बे में इस साल भारत में शेयर वर्ल्ड सेमिनार आयोजित किया गया था। कई वरिष्ठ सदस्यों ने इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया और वैश्विक अग्रणियों और सदस्यों से मिले। पूरे एशिया में नएनए शेयर चैप्टरों को संरक्षक बनाने के लिए योजनाएँ बनाई गई हैं और पूरे विश्व में इस समुदाय को मजबूत बनाने के लिए मदद की गई है।

स्माइल

वर्ष 2016-17 के मुख्य आकर्षण में से एक 27 अक्टूबर, 2016 को स्माइल का आधिकारिक उद्घाटन था। इस कार्यक्रम में निदेशक प्रोफेसर आशीष नंदा, वाघ बाकरी चाय समूह के अध्यक्ष श्री पीयूष देसाई, प्रोफेसर राकेश बसंत डीन (पूर्वछात्र एवं बाह्य संबंध) व संकाय समन्वयक, प्रोफ़ेसर अनिल गुप्ता, स्माइल के शिक्षक गण, वाघबकरी और स्माइल टीम के प्रतिष्ठित अतिथियों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई थी। स्माइल को वाघबकरी समूह से वित्तीय सहायता मिलती है, इस केंद्र के लिए जगह अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) द्वारा प्रदान की गई है, जबकि इसके नियमित कार्यसंचालनों के लिए आईआईएमए समुदाय अपना आवश्यक समय और अपने प्रयत्न उपलब्ध कराता है।

वर्ष 2016-17 के दौरान स्माइल के समन्वयक विनीत और उनकी टीम ने, इस सफलतामें योगदान करने के लिए कई पहलें कीं। अध्यापन में भाषा अवरोध (अधिकांश बच्चे गुजराती माध्यम के हैं) तथा अतिव्यस्त अकादमिक कार्यसूची (प्रति सप्ताह चार घंटे तक टीम सदस्यों को काम देना है) जैसे विभिन्न मुद्दों को झेलते हुए, ये नियमित रूप से दसवीं कक्षा से लेकर बारहवीं तक के 60 जितने छात्रों को प्रशिक्षित करते हैं। स्माइल केंद्र सप्ताह में छह दिनों तक खुला रहता है। इस पहल के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए इन्होंने वस्त्रापुर गाँव में और आसपास के इलाके से विभिन्न समुदायों के दौरों का आयोजन किया। क्विलिंग जैसी विभिन्न कार्यशालाएँ और स्वतंत्रता दिवस पर नृत्य प्रदर्शन जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गए थे। बच्चों को मनोरंजन करने के लिए फिल्मों की स्क्रीनिंग की गई ताकि बच्चे नियमित पढ़ाई में ही डूबे रहकर ऊब ना जायें। वर्ष भर की गतिविधियों ने शामिल छात्रों को व्यस्त रखा।

8 जनवरी को इग्नाइट अवार्ड्स आयोजित किए गए, जिसमें स्माइल और प्रयास दोनों के 60 छात्र शामिल रहे। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर की है और 18 वर्ष से कम आयु वाले छात्रों को प्रोत्साहित करती है ताकि वे रोज़मर्रा की समस्याओं के नवप्रवर्तक समाधान प्रस्तुत कर सकें। प्रस्तुतकर्ता ने पिछले वर्ष की प्रस्तुतियाँ और समिति की अपेक्षाओं के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों ने बहुत उत्साह के साथ जवाब दिए और अनूठे विचारों को प्रस्तुत किया जिन्हें प्रस्तुतकर्ता द्वारा मूल्यांकित किया गया था।

स्पॉर्ट्स (खेल) समिति

वर्ष की शुरूआत से ही सतत आधार पर परिसर में खेल सुविधाओं को सुधारना स्पोर्ट्स समिति का उद्देश्य रहता है। यलगार (नए छात्र पुराने छात्र खेल मिलन) के साथ वर्ष की शुरूआत हुई, जिसमें नए बैच में खेल प्रतिभा को आसानी से तलाशा गया और आने वाले खेल मैचों के लिए टीम में अधिक गंभीर भूमिकाओं के लिए उन्हें तैयार किया गया। शौर्य (आईआईएमए का खेल महोत्सव) में, आईआईएमए टीम ने सर्वश्रेष्ठ निष्पादन करते हुए टूर्नमेंट ट्राफी प्राप्त करने के साथ सभी टीमों का प्रदर्शन चरम पर रहा। महासचिव के सदैव समर्थन के साथ, प्रत्येक छात्रावास को खेल के उपकरण भी प्रदान किए गए थे।

स्वतंत्रता दिवस और सरदार पटेल जयंति के रूप में, आईआईएम समुदाय की उत्साहपूर्ण भागीदारी को देखते हुए, स्पोर्ट्सकॉम ने विभिन्न दिनों के महत्व के साथ अल्पावधि दौड़ के आयोजनों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। नया साल थोड़ा सुस्ती से शुरू हुआ, हालांकि, आईआईएमए द्वारा संघर्ष में विजेता बनकर इस सुस्ती को तोड़ा गया। स्पोर्ट्सकॉम ने साल भर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के लिए साइकल और अतिरिक्त उपकरणों की खरीद की, जिसमें स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मनोरंजक गेमिंग के लिए एक नया एयर हॉकी टेबल शामिल है।

स्टारगेजर्स

स्टरगेज़र्स शौकिया खगोल विज्ञान को बढ़ावा देने और ब्रह्माण्ड विज्ञान, विज्ञान कथा, अंतरिक्ष तकनीक, भौतिकी और दर्शन पर आधारित नवीन और रोमांचक घटनाओं का आयोजन करने के लिए एक विशेष रुचि समूह है।

रात्रि आकाश दर्शन सत्र : इस क्लब ने सितारों, नेबुला, ग्रहों और परिसर से दिखाई देने वाली अन्य आकाशीय वस्तुओं के बारे में अतिरिक्त जानकारी के साथ अनेक स्टारगेज़िंग सत्रों का आयोजन किया।

टेलिस्कोप चलाने पर कार्यशाला : सुपरमून चंद्र ग्रहण की पूर्व संध्या को और सभी कलाओं में चंद्रमा को निहारने के लिए दूरबीन के साथ व्यवहारिक व क्रियाशील सत्र।

स्टार पहेली : खगोल विज्ञान के दिलचस्प सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं का परीक्षण करने के लिए स्टारगेज़र्स द्वारा आयोजित वार्षिक खगोल विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता।

कच्छ के रण की यात्रा : कच्छ के रण में एक खगोलिय फोटोग्राफी का दौरा किया गया। अहमदाबाद में प्रकाश प्रदूषण को देखते हुए, इस यात्रा से रात्रि में स्पष्ट आकाश देखने का एक शानदार अवसर मिला।

टेडएक्स आईआईएमअहमदाबाद

टेडएक्स आईआईएमअहमदाबाद एक विशेष रुचि समूह है जो इस अकादमिक वर्ष के मध्य में शुरू हुआ था। एसआईजी की प्रमुख गतिविधि टेडएक्सआईएम अहमदाबाद समारोह थी, जो फरवरी के अंतिम सप्ताह में हुई थी। इस समारोह के लिए एक विषय चुनने हेतु काफी प्रयास किए गए थे। काफी चर्चा और विचार-विमर्श के बाद, समारोह का विषय रेनेसंस (पुनर्जागरण) के रूप में अंतिम रूप दिया गया था। टेड नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए और सामान्य रूप में टेड के मुख्य उद्देश्य के लिए, विविध पृष्ठभूमि वाले वक्ताओं को आमंत्रित किया गया था, जो अपने भाषणों के माध्यम से सत्र को प्रभावी बना सकें।

अंत में, इन मापदंडों को पूरा करने वाले सात वक्ताओं का एक समूह टेड की मानक 18 मिनट की अवधि के भीतर भाषण देने के लिए चुना गया था। यह कार्यक्रम एसआईजी के संकाय सलाहकार प्रोफेसर धीरज शर्मा द्वारा समारोह का संक्षिप्त विवरण देते हुए अतिथि वक्ताओं के प्रति स्वागत भाषण के साथ शुरू हुआ। यह समारोह छह घंटे की अवधि का था, जिसमें सात वक्ताओं ने समारोह के विषय से संबंधित अपने क्षेत्रों के मुद्दों/विकास के बारे में वार्ता की थी।

पीजीपीएफएबीएम, पीजीपीएक्स, एफपीएम और एएफपी के प्रतिभागियों के साथ, यह समारोह सभी पहलुओं से एक वास्तविक आईआईएमए समुदाय का कार्यक्रम था। सत्र के पूरा होने और शुरू होते सत्र के बीच में, अतिथि वक्ताओं और आईआईएमए समुदाय के सदस्यों के बीच बातचीत की सुविधा के लिए प्रयास किए गए थे। इससे यह सुनिश्चित हुआ था कि इस समारोह से शामिल प्रतिभागियों के लिए ज्ञान और अनुभव साझाकरण के एक मंच के रूप में कार्य किया गया।

महिला नेतृत्व सोसाइटी (डब्ल्यूएलएस)

महिला नेतृत्व सोसाइटी ने वर्ष 2016 की शुरूआत शैतान के वकील (डेविल्स एड्वॉकेट) नाटक के मंचन से की थी। बहस सत्र में छात्रों और कर्मचारियों से बहुत उत्साहित भागीदारी प्राप्त हुई। हमने फ़ुल फ्रंटल डब्ल्यूएलएस के न्यूजलेटर का भी शुभारंभ किया जिसे आईआईएमए समुदाय ने काफी सराहा।

हमने वर्ष 2016-17 के दौरान, कई प्रसिद्ध वक्ताओं की मेजबानी की। हमने सुश्री कृपा वेंकटेश निदेशक (टेक्सेशन) अमेज़न इंडिया, आईआईएमए की पूर्वछात्र उषा बोरा (लाइफस्टाइल ब्रांड जेमिनी की संस्थापिका), साई जोशी और श्रीराम पद्मनाभन को आईआईएमए दंपत्ति होने के नाते और इनके नए स्टार्टअप साइमॉर्ग को ध्यान में रखकर आईआईएमए समुदाय में आमंत्रित करके उनके अनुभव के दिलचस्प अंतर्क्रियात्मक सत्र आयोजित किए। आईआईएमए की एक अन्य पूर्वछात्रा जो वक्ता सत्र के लिए आई थी, वे थीं सुप्रसिद्ध सुश्री मल्लिका साराभाई। हमने द हिंदू के रणनीतिक और कूटनीतिक मामलों की संपादक सुश्री सुहासिनी हैदर को भी डब्लूएलएस और आईआईएमए समुदाय के लिए एक प्रेरक अंतक्रिया सत्र में आमंत्रित किया था, जिन्होंने इराक, लीबिया, लेबनान और सीरिया जैसे देशों में अपने विशाल अनुभव के बारे में बताया।

इसके अलावा, हमने वार्षिक महिला नेतृत्व शिखर सम्मेलन स्पॉटलाइट का आयोजन आईएमएएम के वार्षिक प्रबंधन सम्मेलन, कॉन्फ़्लुअन्स के सहयोग से किया। हमने विभिन्न पृष्ठभूमि के तीन वक्ताओं की मेजबानी की कॉमेडियन और अभिनेता सुश्री मल्लिका दुआ, मेनस्ट्रुपीडिया की संस्थापक सुश्री अदिति गुप्ता, और टेलीरेडियोलॉजी सॉल्यूशंस की संस्थापक सुश्री सुनीता माहेश्वरी। इस कार्यक्रम में आईआईएमए समुदाय और बाहरी प्रतिभागियों की तरफ से बहुत बड़ी भागीदारी रही।

हमने मार्च-2017 में हमारे सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम शुरू कर दिए थे, जब हमने महिला दिवस समारोह के लिए आईआईएमए के परिसर में अहमदाबाद के एक अनाथाश्रम की बच्चियों की मेजबानी की थी। इस महिला दिवस समारोह ने सैयद सुल्तान अहमद मुस्लिम यतीमखाना में लड़कियों के विकास की लंबी यात्रा की शुरूआत कर दी।

विक्रम साराभाई पुस्तकालय

विक्रम साराभाई पुस्तकालय, सेवाओं की विस्तृत श्रृंखलाओं के माध्यम से सूचनाओं को सर्वाधिक विस्तृत संभव पहुँच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और उसके द्वारा प्रस्तुत सेवाओं की श्रेणी में यह प्रतिबद्धता दिखाई देती है। इसकी वेबसाइट http://library.iima.ac.in विभिन्न ऑनलाइन डेटाबेसों के साथ जुड़ी हुई है, जो इस संस्थान के और पुस्तकालय के भीतर नेटवर्क किए हुए किसी भी कम्प्यूटर से उपलब्ध है। इसने अपने संसाधनों तक पहुंचने के लिए एक एंड्रॉइड ऐप भी लॉन्च किया है। इसने हाल ही में उपयोगकर्ताओं के लिए ईबुक रीडर लैंडिंग सेवा शुरूकी है। यह पुस्तकालय, सामग्रियों(मुद्रित व अमुद्रित) के संग्रह एवं इलैक्ट्रॉनिक संसाधनों के चुनने, प्राप्त करने, व्यवस्थित करने, पुन: प्राप्त करने, बनाए रखने, तथा इन तक की पहुँच को सुगम बनाने के अपने प्रयासों को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ता है।

संसाधन

विवरण	2016-17 के दौरान जोड़ी गई मदों की संख्या	31.03.2017 को मदों की संख्या
पुस्तकें	2,367	1,94,240
पत्रिकाओं के जिल्दबंद भाग	650	46,039
आधारपत्र	83	2,624
शोधप्रबंध	12	330
परियोजना प्रतिवेदन	127	2,187
शैक्षणिक वीडियो कैसेट	–	128
सीडी / डीवीडी	68	2,527
मँगाए जाने वाले जर्नल्स की वर्तमान सदस्यता	48	19,815
समाचार पत्र	–	103
वापस ली गई पुस्तकें	–	2000

ई-संसाधन

पुस्तकालय के पास अपने उपयोगकर्ताओं के समक्ष नवीनतम जानकारी प्रदान करने के लिए अनेक कंपनियों और उद्योगों के डेटाबेस, ग्रंथसूची संबंधी डेटाबेस और ईजर्नल्स मँगाने के लिए उपभोक्ता सदस्यता है।

कंपनी और देश के डेटाबेस

एसीई नॉलेज एंड रिसर्च (एसीई इक्विटी), एसीई म्युचुअल फंड (ऑफ़लाइन), बैंकरप्ट्सीडेटा, ब्लूमबर्ग, कैपिटलाइन, सीएमआईई - कैपएक्स, सीएमआईई - कैपएक्स डीएक्स, सीएमआईई - कमोडिटीज, सीएमआईई - इकोनॉमिक आउटलुक, सीएमआईई - इंडस्ट्री आउटलुक, सीएमआईई - प्रोवस डीएक्स, सीएमआईई - प्रोवेस आईक्यू, सीएमआईई - भारत राज्य, सीएमआईई ट्रेड डीएक्स, कॉम्प्युसैट (उत्तरी अमेरिका यूनिवर्सिटी पैकेज), कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी, क्रिसिल रिसर्च, सीआरएसपी (प्रतिभूति प्रक्रिया में अनुसंधान केंद्र), डेटास्ट्रीम, डीओन इनसाईट, जिला मेट्रिक्स, डीएसआई डेटा सर्विस और सूचना, ईएमआईएस इंटेलिजेंस (आईएसआई उभरते बाज़ार (एशिया)), ईपीडब्ल्यूआरएफ आर्थिक एवं विपणन समीक्षा एवं अनुसंधान, ईपीडब्ल्यूआरएफ इंडिया टाइम सीरीज़, यूरोमॉनिटर पासपोर्ट, फ्रॉस्ट एंड सुलिवान ग्रोथ पार्टनरशिप सर्विसेज, गार्टनर, इंडियन बोर्ड्स, इंडियास्टैट डॉट कॉम, इंफ्रालाइन -कोयला सेक्टर, इन्फ्रालाइन - ऑयल एवं गैस सेक्टर, इंफ्रालाइन - पावर सेक्टर, आईएसआईडी डेटाबेस औद्योगिक विकास में अध्ययन संस्थान, मार्केटलाइन एडवांटेज, एमआईसीए भारतीय विपणन आसूचना, नास्कॉम सदस्य निर्देशिका, ओर्बिस बैंक फोकस, थॉमसन रॉइटर्स ईकॉन, ट्रैकएक्सन डॉट कॉम, वेंचर इंटेलिजेंस : एमएंडए डील डेटाबेस, वेंचर इंटेलिजेंस : प्राइवेट इक्विटी डील डाटाबेस, वेंचर इंटेलिजेंस : रियल एस्टेट डील डेटाबेस,डब्लूएआरसी डेटाबेस, और डब्लूआरडीएस।

ई-जर्नल डेटाबेस

एबीआई / इन्फॉर्म कम्प्लीट, एसीएम डिजिटल लाइब्रेरी, ईबीएससीओ अकादमिक सर्च कम्प्लीट, बिजनेस सोर्स कम्प्लीट, इकोनलिट, साइकआर्टिकल्स, एमराल्ड इनसाइट, आईईईई एक्सप्लोर, आईजीआई ग्लोबल, इंडियन जर्नल्स डॉट कॉम, इन्फॉर्म्स पब्सऑनलाइन, जेएसटीओआर, स्प्रिंगर लिंक, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस, प्रोजेक्ट एमयूएसई, सेज जर्नल्स, साइंस डायरेक्ट (एल्सेवियर), टेलर और फ्रांसिस ऑनलाइन और विले ऑनलाइन लाइब्रेरी।

ई-पुस्तकों के डेटाबेस

ईब्रेरी (ईपुस्तक सेंट्रल), बिजनेस एक्सपर्ट प्रेस ईबुक्स, ओईसीडी आईलाइब्रेरी (शिक्षा), ओईसीडी (कृषि एवं खाद्य), टेलर एवं फ्रांसिस ईबुक्स, विश्व बैंक ई-पुस्तकालय और विश्व ईबुक लाइब्रेरी

अनुसंधान समर्थन के उपकरण / डेटाबेस

ग्रामरली, विज्ञान की वेब (वर्ष 1999 से 2006 और 2015 तक के प्रशस्तिपत्र सूचकांक), आमंत्रित पेपर्स, प्रॉक्वेस्ट निबंध और शोध प्रबंध पूर्ण पाठ मानविकी और सामाजिक विज्ञान संग्रह, सेज अनुसंधान तरीके ऑनलाइन, वैज्ञानिक वित्तपोषण और स्कोपस

समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के डेटाबेस

दी इकोनोमिस्ट (1997 के बाद से), एफटी डॉट कॉम, एफटी आर्काइव (1888-2010), इंडिया बिज़नेस इनसाइट एंड प्रेस डिस्प्ले, न्यूयॉर्क टाइम्स, वॉल स्ट्रीट जर्नल और प्रॉक्वेस्ट टाइम्स ऑफ इंडिया आर्काइव (1888 से 2010 तक)

विधिक डेटाबेस

एआईआर आपराधिक कानून, एआईआर उच्च न्यायालय, एआईआर प्राइवी काउंसिल, एआईर सुप्रीम कोर्ट, लेक्सिसनेक्सिस अकादमिक, क्लुवर आर्बिट्रेशन लॉ और वेस्टलॉ (इंडलॉ सहित)।

अन्य डेटाबेस

ब्रिटानिका विश्वकोश, पावर लिंगो एफ़एक्स25, दक्षिण एशिया आर्काइव, ई-रिसर्च, और विश्व बैंक डेटा।

डेटा सेट

एएसआई-यूनिट स्तर डेटा (1983-2014), सीडीपी ग्लोबल डेटासेट, भारत की जनगणना, दैनिक वर्षा डेटा अहमदाबाद स्टेशन (1975-2006 और 2012), 10 स्टेशनों (2004-2011) के लिए दैनिक सर्फेस डेटा (भारत), भारत का जिला जीडीपी (2001-2002 से 2015-2016), जिला वार मासिक वर्षा डेटा (1901-2010), आईएमएस टीबीरोधक डेटा, मासिक सर्फेस डेटा (1961-2014), एनएसई सीएम एवं एफएओ (1999-2017), एनएसएस डेटा (राउंड संख्या 5171) (1994-2014) और यूसीएलएलोपकी बैंकरप्ट्सी अनुसंधान डेटाबेस

विशेषीकृत खोज उपकरण

आंतरिक उपयोगकर्ताओं के लिए ईबीएससीओ डिस्कवरी, ईबीएससीओ एटूजेड और रिमोट लॉग इन।

सेवाएँ

- संचलन
- पठन सुविधा
- ई-मेल चेतावनी सेवा
- संदर्भ और सूचना
- स्कैनिंग
- डेटाबेस खोज सेवा
- दस्तावेज़ वितरण
- अंतर-पुस्तकालयी ऋण
- फोटोकॉपी
- अनुक्रमण और ग्रंथ सूची
- सारांशकरण
- उन्मुखीकरण कार्यक्रम
- सूचना साक्षरता कार्यक्रम
- ऑनलाइन सार्वजनिक सुविधा कैटलॉग
- वर्तमान जागरूकता सेवा
- अनुसंधान सहायता
- ई-बुक रीडर लैंडिंग सेवा

प्रकाशन

यह पुस्तकालय वर्ष 1998 से दो त्रिमासिक सूचना बुलेटिन प्रकाशित कर रहा है

प्रबंधन में वर्तमान विषयवस्तु विपणन

- प्रबंधन के वर्तमान सूचकांक विपणन

पुस्तकालय ने शोधकर्ताओं को व्यवसाय / प्रबंधन संबंधित अनुसंधान की सहायता / सुविधा के लिए राष्ट्रीय प्रबंध सूचना केन्द्र की सदस्यता देना शुरू किया है।

कल्याण गतिविधियाँ

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

कल्याण समिति ने 8 मार्च, 2016 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह मनाया। समिति ने संस्थान से जुड़ी सभी 201 महिला कर्मचारियों को मिठाई के पैकेट और गुलाब वितरित करने की व्यवस्था की और सभी स्थायी महिला कर्मचारियों के लिए विशेष मध्याह्न महाभोज का आयोजन किया।

कर्मचारी वार्षिक स्वास्थ्य जाँच

कल्याण समिति द्वारा 35 साल से अधिक आयु वाले स्थायी कर्मचारियों के लिए सामान्य स्वास्थ्य जाँच का आयोजन अप्रैल-जुलाई 2016 के दौरान कोलंबिया एशिया अस्पताल, अहमदाबाद में किया गया था। इस गतिविधि से कुल 344 कर्मचारी और उनके जीवनसाथी लाभान्वित हुए।

आईआईएमए समुदाय के बच्चों के लिए ग्रीष्मकालीन कक्षाएँ

